✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 160 ✷ पृष्ठ : 16 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 7 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

पटना में तीन पीढ़ियों ने किया एक साथ मतदान

औरंगाबाद में पीएम नरेन्द्र मोदी की चुनावी रैली आज

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी औरंगाबाद तथा गया जिले की 10 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव प्रचार के क्रम में शुक्रवार को औरंगाबाद में एक रैली को संबोधित करेंगे। यह रैली औरंगाबाद जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर देव मोड़ के समीप आयोजित की जा रही है। यहां प्रधानमंत्री औरंगाबाद जिले की 6 विधानसभा सीटों औरंगाबाद, कुटुंबा, नवीनगर, गोह, ओबरा और रफीगंज के साथ-साथ गया की शेरघाटी, इमामगंज, गुरुवा और टिकारी विधानसभा सीटों के लिए एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। प्रधानमंत्री की रैली को सफल बनाने के लिए एनडीए के सभी घटक दलों के नेता पिछले एक सप्ताह से रात दिन एक किए हुए हैं तथा जिला प्रशासन ने भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री की रैली में बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ती है तथा आसपास के जिलों के लोग भी उन्हें सुनने चले आते हैं। ऐसी स्थिति में विशाल पंडाल बनाया गया है ताकि लाखों लोग सुगमता से प्रधानमंत्री को देख सुन सकें। बुजुर्गों और महिला मतदाताओं के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने इसके पहले 2 मार्च 2024 में औरंगाबाद में एक जनसभा लोकसभा चुनाव के ठीक पहले की थी। प्रधानमंत्री की ये रैली पूरे मगध और क्षेत्र में एनडीए का के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

मुंडन संस्कार के दौरान पांच बच्चे डूबे, दो की मौत

लखीसराय(नबिटा ब्यूरो)। जिले में क्यूल नदी में मुंडन संस्कार के दौरान 5 बच्चे डूब गए। गुरुवार 11 बजे हुए इस हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य बच्चों को ग्रामीणों ने सुरक्षित बचा लिया। तीनों का अस्पताल में इलाज जारी है। मृतकों की पहचान रंजीत कुमार भारती के 16 वर्षीय पुत्र मानस कुमार और धनबाद निवासी मनोज सिन्हा की पुत्री अंशिका कुमारी के रूप में की गई है।

फर्जी मतदान के संदेह में पकड़े गए छह आरोपित

दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग खत्म हो चुकी है। बड़ी संख्या में दरभंगा में मतदाता बूथों तक पहुंचे और सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोटिंग की। पुलिस और प्रशासन लगातार सतर्कता बनाए हुए थे। यही कारण है कि केवटी, गौरा बौराम और जाले से कुल 6 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। आरोप है इनमें से 4 फर्जी वोट डालने जा रहे थे। दरभंगा के केवटी विधानसभा क्षेत्र में दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

छात्रों के 11वीं का रजिस्ट्रेशन नंबर जारी करें स्कूल

पटना(नबिटा ब्यूरो)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने जेईई मेन 2026 परीक्षा के लिए आवेदन कर रहेछात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। बोर्ड ने सभी संबद्ध स्कूलों को निर्देश दिया है कि वेजेईई मेन 2026 के लिए आवेदन कर रहे 12वीं कक्षा के छात्रों को उनका कक्षा 11 का रजिस्ट्रेशन नंबर अवश्य जारी करें।

तेजी से विकास कार्यों को पूरा कर रही डबल इंजन की एनडीए सरकार : मोदी

- पुष्पांकर गुप्ता

भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां कांग्रेस और राजद पर आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों ने बिहार को बांटने का पाप किया है। ऐसे पापियों से जनता को सावधान रहने की जरुरत है। उन्होंने गुरुवार को दानवीर कर्ण की धरती भागलपुर के हवाई अड्डे पर एनडीए गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में कई दशकों तक कांग्रेस और राजद की सरकार रही लेकिन दोनों ने विकास कार्य में रुचि लेने के बजाय लोगों को बांटने का काम किया। राजद ने जातीय संघर्ष करवाया तो कांग्रेस ने भागलपुर में मजहबी दंगे करवाए। श्री मोदी ने कहा कि भागलपुर दंगे की दाग कांग्रेस कभी नहीं छुड़ा पाएगा, जैसे सिखों के दंगों का दाग आज तक नहीं छुड़ा पाया है। यह दंगा कांग्रेस के कुशासन का प्रतीक है। बाद में इस प्रदेश में जंगलराज आने से जनता त्राहि-त्राहि करती रही। इस तरह से विनाश की राजनीति करने वाले दोनों दलों ने बिहार का विकास कभी नहीं चाहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस प्रदेश में एनडीए बनने पर सबसे पहले विकास कार्य को गति देने का काम किया गया। महिलाओं के लिए कई योजनाएं चलाई गई है। आज पूरे प्रदेश में जीविका और लखपति दीदियों का निर्माण किया गया है। एक करोड़ चालीस लाख जीविका दीदियों के खातों में सहायता राशि भेजी जा चुकी है। कई योजनाओं की सौगात देते हुए उन्हें रोजगार मुहैय्या करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता को बहकाने वाले कांग्रेस और राजद बहुत जल्द ही आपस में लड़ेंगे, एक-दूसरे का बाल नोचेंगे। वैसे जनता सब समझ चुकी है और आज प्रथम चरण के चुनाव में मतदाताओं का अपार उत्साह देखा जा रहा है। खासकर, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए एनडीए के नारा को बुलंद किया है। श्री मोदी ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की एनडीए सरकार तेजी से विकास कार्यों को पूरा कर रही है। हर क्षेत्रों में विकास हुआ है और इससे हर तबके के लोग खुशहाल हैं। आने वाले समय में यह प्रदेश टेक्नोलॉजी, टेक्स्टाइल और टूरिज्म का हब बनेगा। बिहार अब सेमी कंडक्टर के लिए पहचाना जाएगा। एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार की व्यवस्था की जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जाएगा। मौजूदा समय में यहां बिजली की कमी बिल्कुल नहीं है। भागलपुर में गंगा नदी पर रेल पुल सह **(शेष पृष्ठ 12 पर)**

पहले चरण की 121 सीटों पर हुई 64.46 फीसदी वोटिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव के तहत पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है।अब तक 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर 64.46 फीसदी मतदान हुआ है। पहले चरण के मतदान में कुल 1314 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें 1192 पुरुष और 122 महिलाएं शामिल हैं। पहले चरण की 102 सीटें सामान्य वर्ग के लिए हैं, जबकि 19 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित थी। इस चरण में कुल 3 करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आयोग ने साधन उपलब्ध कराए थे। इनमें 1 करोड़ 98 लाख 35 हजार 325 पुरुष, 1 करोड़ 76 लाख 77 हजार 219 महिलाएं, और 758 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि पहले चरण में कुल 45,341 मतदान केंद्र बनाए गए, जिनमें 8,608 शहरी क्षेत्र और 36,733 ग्रामीण क्षेत्र में स्थित थे। सभी केंद्रों पर ईवीएम और वीवीपैट का उपयोग किया गया। मतदान के दौरान 385 बैलेट यूनिट, 421 कंट्रोल यूनिट और 847 वीवीपैट्स बदले गए, जबकि मॉक पोल के दौरान 165 बैलेट यूनिट, 159 कंट्रोल यूनिट और 480 वीवीपैट्स बदले गए। राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। मधेपुरा में 65.74%, सहरसा में 62.65%, दरभंगा में 58.38%, मुजफ्फरपुर में 65.23%, गोपालगंज में 64.96%, सीवान में 57.41%, सारण में 60.90%, वैशाली में 59.45%, समस्तीपुर में 66.65%, बेगूसराय में सर्वाधिक 67.32%, खगड़िया में 60.65%, मुंगेर में 54.90%, लखीसराय में **(शेष पृष्ठ 12 पर)**

जेपी नड्डा ने किया एनडीए की निर्णायक जीत का दावा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बिहार चुनाव में एनडीए की निर्णायक जीत का दावा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता को इसका आधार बताया। नड्डा ने कहा कि बिहार का चुनाव अब एकतरफा हो चुका है, जहां जनता विकास और राजनीतिक स्थिरता की निरंतरता के लिए वोट कर रही है। उन्होंने रिकॉर्ड वोटिंग को भी इसी स्पष्ट जनादेश का संकेत बताया। साथ ही कहा कि बिहार जो भी होगा वह नीतीश कुमार के नेतृत्व में होगा। नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सबसे घातक राजनीतिक हमला करते हुए कहा कि वह मोदी का विरोध करते-करते देश का विरोध करने लगे हैं, और संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार सवाल उठाकर देश में अराजकता का माहौल पैदा करना चाहते हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर 'डीप स्टेट' के एजेंडे को आगे बढ़ाने का गंभीर आरोप लगाया और उन्हें एक 'नॉन सीरियस प्लेयर' कहकर खारिज कर दिया, क्योंकि वह अपने आरोपों के समर्थन में कोई प्रमाण या शिकायत दर्ज नहीं कराते। बिहार चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के दौरान अमर उजाला के राजकिशोर को दिए विशेष साक्षात्कार में राहुल से लेकर तेजस्वी तक तीखा हमला बोला। नड्डा ने विपक्ष के युवा चेहरों को 'शहजादों का टोला' बताते हुए जमीन से कटा हुआ बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा कैडर-आधारित, वैचारिक पार्टी है और मोदी जी उसके सबसे विश्वसनीय नेता हैं। अध्यक्ष ने यह भी पुष्टि की कि राज्यों के चुनाव के बाद पार्टी में संगठनात्मक चुनाव जल्द से जल्द कराए जाएंगे। मतलब बिहार चुनाव के बाद भाजपा को नया अध्यक्ष मिल सकता है।

अब बाजार में भी नहीं मिलती लालटेन : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

अरवल। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को अरवल जिले के करपी प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च विद्यालय के खेल मैदान में अरवल व कुर्था विधानसभा के एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा की। उन्होंने कहा कि बदहाल बिहार को मैंने विकसित बिहार बनाया। पहले वाली सरकार ने काफी गड़बड़ किया था। हर क्षेत्र में बिहार पिछड़ा हुआ था। शाम के बाद घर से लोग बाहर नहीं निकलते थे। यहां न पढ़ाई और इलाज और न ही सड़क की व्यवस्था थी। बिजली की स्थिति बेहद खराब थी। पहले की सरकार केवल अपनी पत्नी, बेटा व बेटी की चिंता करती थी। मौका मिलते ही पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया। उसके बाद बेटा-बेटी को आगे बढ़ाने में लगे हैं। मेरे लिए तो पूरा बिहार ही परिवार है। अब विकसित बिहार में न डर है न भय है। कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराकर मुस्लिम भाइयों की मांगे पूरी कर दी। हिंदू मंदिरों की भी घेराबंदी कराई। बिहार के सभी घरों के एक सदस्य को जीविका से जोड़ कर रोजगार के लिए दस हजार रुपए दिए गए, जिन्हें नहीं मिला है उन सभी के खाते में दिसंबर महीने तक राशि चली जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य में बेहतरीन काम हुआ है। बीपीएससी से 2 लाख 58 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की गई। दो लाख 62 हजार नियोजित शिक्षक नियमित हो गए। नीतीश कुमार ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहले एक महीने में औसतन 39 मरीजों का ही इलाज होता था, अब यह संख्या 11 हजार पहुंच गई है। पहले पटना में आठ घंटे बिजली रहती थी। अब गांव में 20 से 24 घंटे बिजली रह रही है। 27 जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। अब बिहार के किसी कोने से मात्र 5 घंटे में पटना पहुंचने की व्यवस्था की गई है। केंद्र सरकार के द्वारा भी बिहार के विकास में बहुत सहयोग किया जा रहा है। अरवल शहर में सोन नदी पर पुल, नहर पक्की करण समेत दर्जनों विकास की योजनाएं चलाई गई हैं। कुर्था विधानसभा क्षेत्र में भी विकास के बहुत सारे कार्य किए गए हैं। अगले पांच वर्ष में एक करोड़ नौकरी रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। पंचायती राज व्यवस्था में 50 और पुलिस की बहाली में 35 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया गया है। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि अब बाजार में भी लालटेन नहीं मिलती है। घर-घर बिजली आ गई, लालटेन की जरूरत पूरी तरह खत्म हो गई। चुनावी सभा की अध्यक्षता जदयू जिला अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने की। मौके पर जेडीयू प्रत्याशी पप्पू वर्मा, अरवल से भाजपा प्रत्याशी मनोज शर्मा आदि भी थे।

बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी : राहुल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

अररिया। जहां मैं जाता हूं वहां बिहार के युवा मजदूरी करते हुए मिलते हैं। क्या बिहार का भविष्य मजदूर बनने का है। यहां के युवा इंजीनियर, डॉक्टर नहीं बन सकते हैं। वे बाहर जाकर मजदूरी करते हैं। यह बातें गुरुवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अररिया विधानसभा क्षेत्र के आजाद एकेडमी अररिया में महागठबंधन के प्रत्याशी आबिदुर रहमान के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली में मैने प्रजेंटेशन किया था जिसमें सभी लोगों ने देखा होगा हरियाणा चुनाव में एक महिला 100 बार वोट देती है। यह बिहार में भी वोट चोरी करने की कोशिश करेंगे। इन्हें रोकने का काम आपको करना है। उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी। यह सरकार किसी जाति-धर्म की नहीं होगी। दलित, महादलित, पिछड़ा अतिपिछड़ा गरीब जनरल की सरकार होगी। सरकार में सबकी आवाज सुनाई देगी। दूसरा रोजगार, शिक्षा स्वास्थ्य पर विशेष फोकस होगा। राहुल गांधी ने कहा कि हम बिहार में हाई क्वालिटी का इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलना चाहते हैं। यह मेरी गारंटी है। दुनिया का सबसे बेहतरीन विवि नालंदा में खोलूंगा जहां पर इंगलैंड व जापान से लोग आएंगे। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नफरत बांटना जानते हैं। एक दूसरे को व एक जाति से दूसरी जाति को लड़ाने का काम करते हैं। इनका लक्ष्य सिर्फ अडानी-अंबानी को फायदा पहुंचाने का है। बिहार की सरकार अंडानी जी को एक रुपये में जमीन देने का काम करती है। इस मौके पर उन्होंने महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील की।

ठगबंधन की सरकार बनी तो मिनी चंबल बन जाएगा चंपारण : शाह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेतियरा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रामनगर विधानसभा के खैरवा टोला मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उनके संबोधन के बाद बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मी और बढ़ गई है। भाषण की शुरुआत भारत माता की जय और जय श्री राम के नारों के साथ करते हुए उन्होंने चंपारण की धरती को वाल्मीकि की तपोभूमि बताया और नीलकंठ नर्मदेश्वर मंदिर व मदनपुर माई स्थान को नमन किया। उन्होंने थारू जनजाति को भी प्रणाम किया और कहा कि 14 तारीख को होने वाली मतगणना में 11 बजते-बजते राहुल और तेजस्वी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। अमित शाह ने कहा कि अगर गलती से ठगबंधन की सरकार बन गई तो चंपारण मिनी चंबल बन जाएगा। उन्होंने चंपारण की नौ सीटों पर जीत का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार ने ही राम मंदिर का सपना साकार किया। उन्होंने कहा कि ह्लअयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं, अब सीता जी का मंदिर भी बनेगा। शाह ने घोषणा की कि रामनगर की भूमि से ही सीता मंदिर के भूमि पूजन का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार देशभर से घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकालेगी। चनपटिया को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा और चंपारण में एयरपोर्ट बनाया जाएगा। शाह ने थारू समाज के विकास, बंद पड़े चीनी मिलों को चालू करने और सड़क व चिकित्सा के क्षेत्र में नई योजनाओं का वादा किया। शाह ने जीविका दीदी के खाते में दो लाख रुपये देने का वादा किया और मखाना किसानों के हित में मोदी सरकार द्वारा बनाए गए मखाना बोर्ड का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ठगबंधन की सरकार आई तो घुसपैठिया घुसाओ बोर्ड बनाया जाएगा। अमित शाह ने केसरिया स्तूप को ऐतिहासिक धरोहर घोषित करने और सीतामढ़ी से वंदे भारत ट्रेन शुरू करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास और सुरक्षा के लिए केवल बीजेपी सरकार ही सक्षम है और जनता को एकजुट होकर पार्टी को समर्थन देना चाहिए।

पहले चरण में इंडिया महागठबंधन को लेकर मिल रहे हैं स्पष्ट रुझान : पवन खेड़ा

एनडीए के खिलाफ गुस्से में हैं बिहार के मतदाता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन पवन खेड़ा ने पटना के मौर्या होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज 121 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ, लेकिन जो आक्रोश और गुस्सा लोगों के चेहरे पर दिख रहा था वो इवीएम पर भी दिखेगा। आज भाजपा के विधायकों, उप मुख्यमंत्री और मंत्रियों पर मतदाताओं का भारी विरोध झेलना पड़ा। यह परिणाम पूर्व जनता ने अपने गुस्से को साबित कर दिया। बिहार के मतदाता तो अपने हक के लिए जग गए हैं, लेकिन चुनाव आयोग या तो सो रहा है या सोने का नाटक कर रहा है। अनेक उदाहरण आज दिन भर में हमें मिले जहां ये सरेआम स्पष्ट हो गया कि एसआइआर ढकोसला है क्योंकि राज्यसभा के पूर्व सांसद आर के सिन्हा और अन्य पदाधिकारी दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भी मतदान कर रहे थे और फिर बिहार में भी मतदान कर रहे हैं। एसआइआर

के नाम पर चुनाव आयोग महागठबंधन के साथियों का नाम काट रहे हैं या ऐसे लोगों का नाम काट रहे हैं जो भाजपा एनडीए के विरोध में हैं। लोगों के नाम काटने के अलावे प्रशासन ने दानापुर के कई इलाकों में नाव रोक दिया फिर भी भारी बहुमत से तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनने से नहीं रोक सकते। पुरुषों, महिलाओं, युवाओं, किसानों और व्यवसायियों ने गुस्से में वर्तमान सरकार के खिलाफ मतदान किया है। पहले चरण का रुझान बताने को काफी है कि अगले चरण में भी मजबूती से हमारा गठबंधन एनडीए पर हावी रहेगा। संवाददाता सम्मेलन में अभय दुबे, राजेश राठौड़, संजीव सिंह, जितेंद्र गुप्ता, शशि रंजन सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

बिक्रम में 68 फीसदी मतदान के साथ शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न

महिला मतदाताओं की भूमिका रही अहम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिक्रम। बिक्रम विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। कुल 68 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी निभाई। सुबह से ही कई बूथों पर मतदाताओं की कतारें दिखाई दीं, वहीं दोपहर बाद कुछ केंद्रों पर मतदान की रफ्तार सुस्त पड़ गई। इस बार मतदान में 'विकास बनाम परिवर्तन' का मुद्दा प्रमुख रहा।

बूथ संख्या 159 पर वोट डालने के बाद युवा मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर तस्वीर लेते दिखे। बूथ संख्या 192-193, जिसे पिंक बूथ बनाया गया था जहां महिला मतदाताओं का उत्साह देखते ही बनता था। महिलाओं ने कहा कि वे उस उम्मीदवार को वोट दे रही हैं जो 'रोजगार और सुविधाओं की गारंटी' दे सके। बिक्रम की जनता इस बार मतदान में अधिक परिपक्व नजर आई। मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग तो किया, पर यह बताने से परहेज किया कि उन्होंने किसे और क्यों वोट दिया। विकास और बदलाव दोनों ही प्रमुख एजेंडा रहे। कुल मिलाकर बिक्रम विधानसभा में मतदान विकास बनाम परिवर्तन की जंग में तब्दील होता दिखा। अब 14 नवंबर को नतीजे सामने आने पर ही यह स्पष्ट होगा कि जनता ने 'विकास' को प्राथमिकता दी है या 'परिवर्तन' को मौका।

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : Janata Dal (United)

*** Name of the Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar**

Name of State : Bihar

1	2	3	4		5		
SL. No	Name of constituency	Name of candidate	(A) Pending criminal cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	217, Ghosi	Mr. Rituraj Kumar	* Ld. JM Ist Class, Nawada * Pakribarwa PS. Case No. 351/2020, GR Case No. 3802/2020	* Violation of Model Code of Conduct 171E & 188 of IPC.	No	No	No

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

बिहार में एनडीए लहर तेज : प्रो. रणबीर नंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष, पूर्व विधान पार्षद प्रो.रणबीर नंदन ने अपनी धर्मपत्नी नम्रता नंदन के साथ दीघा विधानसभा क्षेत्र के रामलखन सिंह यादव कॉलेज (दक्षिणी भाग),बूथ संख्या 444 पर मतदान किया। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण की वोटिंग के बीच एनडीए खेमे में आत्मविश्वास की झलक साफ दिखाई दे रही है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष, पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने दावा किया कि प्रथम चरण के चुनाव ने साबित किया कि एन. डी. ए. की सरकार पुनः बिहार में बन रही है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में स्थिरता, विकास और रोजगार मिला है। ऐसे में जनता एनडीए के पक्ष में जोरदार मतदान कर रही है। प्रो. नंदन ने कहा कि हम सबका लक्ष्य स्पष्ट है - जनविरोधी शक्तियों को खामोश करना और बिहार में एक बार फिर विकास की सरकार बनाना। उन्होंने कहा कि इस बार एनडीए को 200से अधिक सीटें मिलेंगी और पहले चरण की 110 से अधिक सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों की जीत तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बिहार के लिए कई योजनाएं चलाई हैं- प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन और गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाओं का सीधा लाभ लाखों परिवारों तक पहुंचा है। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हर घर नल का जल, सड़कों का विस्तार, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा सुधार जैसे कार्यक्रमों से ग्रामीण बिहार की तस्वीर बदली है। एनडीए इस बार सामाजिक संतुलन और विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रहा है जबकि विपक्ष मुद्दाविहीन है।जमीनी स्तर पर मतदाताओं के बीच एनडीए की नीतियों और कार्यों को लेकर पूर्ण सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है।

राकेश मसाला ने ऋतिक रोशन का ब्रांड एम्बेसडर के रूप में किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत के सबसे विश्वसनीय मसाला और फूड प्रोडक्ट ब्रांड्स में से एक, राकेश मसाला ने आज घोषणा की है कि ऋतिक रोशन अब इसके आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर होंगे। इस ऐतिहासिक साझेदारी के साथ ब्रांड अपने पांच दशकों के उत्तम स्वाद को भारत के सबसे प्रिय सितारों में से एक के आकर्षण के साथ जोड़ता है। 1975 में एस. पी. चौधरी द्वारा केवल दो उत्पादों के साथ स्थापित राकेश मसाला आज एक घरेलू नाम बन चुका है जिसके पास 80 से अधिक उत्पाद हैं जिनमें मसाले, तेल, आटा, स्नैक्स और रसोई की आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। यह कंपनी उत्तर भारत की पहली ऐसी कंपनी थी जिसने मसाला पीसने के लिए क्रायोजेनिक तकनीक अपनाई और आज इसके पास 10 अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं जिनकी प्रतिदिन 125 मीट्रिक टन की उत्पादन क्षमता है। अपने मूल में राकेश मसाला स्वाद, परंपरा और गुणवत्तापूर्ण ईमानदारी के लिए खड़ा है वही मूल्य जो ऋतिक रोशन की अनुशासन, जोश और प्रमाणिकता की यात्रा से सहजता से मेल खाते हैं। सहयोग पर बोलते हुए ऋतिक रोशन ने कहा मसाले भारतीय खानपान की आत्मा हैं और राकेश मसाला ने पीढ़ियों से इन जादुई अवयवों का नेतृत्व किया है। मुझे गर्व है कि मैं ऐसे ब्रांड का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं जो हमारी भारतीय मसालों की विरासत को इतनी ईमानदारी और नवाचार के साथ मनाता है।

स्वीप आइकॉन डॉ. नीतू नवगीत एवं कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने किया मतदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार की प्रसिद्ध लोकगायिका और निर्वाचन आयोग की पटना जिला स्वीप आइकॉन डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने अपने पति रेल मंत्रालय के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार के साथ गुरुवार को दानापुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान किया। उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग लोरिस्टॉन पब्लिक स्कूल, रूपसपुर स्थित मतदान केंद्र पर किया। मतदान के बाद डॉ. नवगीत ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है और हर नागरिक को इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे घर से निकलकर मतदान केंद्र जाएं और अपने वोट से बिहार के भविष्य को मजबूत करें। डॉ. नवगीत ने कहा कि एक जिम्मेदार मतदाता होने के नाते मतदान करना सिर्फ अधिकार नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे बिना किसी दबाव या प्रलोभन के अपनी

समझ और विवेक से मतदान करें। स्वीप आइकॉन के रूप में डॉ. नीतू कुमारी नवगीत लगातार मतदाता जागरूकता अभियानों से जुड़ी रही हैं। वे गीत-संगीत और सांस्कृतिक माध्यमों के जरिए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का संदेश देती रही हैं।

नदी में डूबकर अधेड़ की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। गुरुवार को पंचानपुर थाना क्षेत्र के मोरहर नदी के कुसापी घाट के समीप डुबकर एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पंचानपुर थाना क्षेत्र के कुसापी ग्राम निवासी राघो सिंह के 46 वर्षीय पुत्र इंदल कुमार के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार इंदल शौच क्रिया करने नदी किनारे गया था इसी क्रम में पैर फिसलने से नदी के गहरे पानी में गिर गया। आसपास रहे लोगों के हो हल्ला करने के बाद जुटे ग्रामीणों ने इंदल को बाहर निकाला, लेकिन तब तक इंदल की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पंचानपुर थाना की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया व मगध मेडिकल में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा।

बालू उठाव के कारण नदी में हुआ गड्ढा जो मौत का कारण बना

ग्रामीणों ने बताया कि नदी में विगत वर्ष अवैध रूप से बालू का उठाव किया गया जिसके कारण नदी में गहरा गड्ढा बन गया व पानी आने से और घातक बन गया। नदी में लगभग 25 फीट गहरा पानी जमा हो गया जो मौत का कारण बना। ग्रामीणों ने बताया कि विगत वर्ष बालू उठाव का विरोध करने पर गांव के ही कई लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : Janata Dal (United)

*** Name of the Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar**

Name of State : Bihar

1	2	3	4		5		
SL. No	Name of constituency	Name of candidate	(A) Pending criminal cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	206, Chainpur	Zama Khan	* ACJM IST MP/MLA/Special Court Bhabua, Kaimur * 1113/2020 Chainpur P.S. Case No. 186/2020	Criminal Case Sections – 147, 342, 323, 353,325, 332, 224, 225, 109/34 IPC Rioting, Wrongful confinement, voluntarily causing hurt to public servant from discharge of his duty, obstruction by a person to his lawful apprehension, Resistance or obstruction to lawful apprehension of another person, abetment.	No	No	No

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : Janata Dal (United)

*** Name of the Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar**

Name of State : Bihar

1	2	3	4		5		
SL. No	Name of constituency	Name of candidate	(A) Pending criminal cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	163, Belhar	Mr. Manoj Yadav	* ACJM III * FIR No. 366/2009 dated 28.08.2009 GR.No. 1350/2009	* Violation of Model Code of Conduct Section 188, 171 (F), 34 IPC.	No	No	No

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

बख्तियारपुर में मतदान करने के बाद सीएम नीतीश कुमार

बिहार में मतदान के लिए एक मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की लगी लंबी कतार।

मतदान करने के बाद चिह्न दिखाते उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं दानापुर से भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव

वीआइपी प्रमुख और महागठबंधन के उपमुख्यमंत्री उम्मीदवार मुकेश सहनी परिवार के साथ

राजद प्रमुख लालू यादव एवं तेजस्वी के परिवार ने किया मतदान

आहर में डूबने से अधेड़ की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज। रफीगंज थाना क्षेत्र के खरोखर गांव में गुरुवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा घट गया। बताया जा रहा है कि झारखंड के हरिहरगंज निवासी शिवदत्त मिस्त्री के पुत्र 42 वर्षीय मनोज शर्मा की आहर में डूबकर मौत हो गई। मनोज अपने मामा उपेंद्र मिस्त्री के दाह संस्कार में शामिल होने गांव आए थे। बुधवार की रात उपेंद्र मिस्त्री (45 वर्ष) का बीमारी से निधन हुआ था, जिसकी सूचना मिलते ही भांजा मनोज शर्मा गांव पहुंचे थे। गुरुवार सुबह मनोज शौच के लिए गांव के उत्तरी आहर की ओर गए जहां पानी छूने के दौरान फिसलकर गहरे पानी में गिर पड़े। ग्रामीणों के अनुसार मृतक मानसिक रूप से

विक्षिप्त थे जिससे वे खुद को बचा नहीं पाए। बताया जा रहा है कि चार माह पूर्व आहर में पिंडदान के दौरान जेसीबी से खुदाई की गई थी जिससे वहां लगभग 10 फीट गहरा गड्ढा बन गया था और उसमें पानी भरा हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार एवं पीटीसी विपिन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया। एक ओर गांव में मामा के दाह संस्कार की तैयारी चल रही थी वहीं दूसरी ओर भांजे की मौत से पूरा गांव शोक में डूब गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और खरोखर गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

मेहंदी व रंगोली के माध्यम से दिया मतदान का संदेश

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जीविका दीदियों तथा किशोर-किशोरी समूह के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान दीदियों और युवतियों ने अपने हाथों पर लोकतंत्र के लिए वोट करें तथा 11 नवंबर को करें मतदान जैसे संदेशों वाली मेहंदी डिज़ाइन बनाई। वहीं, किशोर-किशोरी समूह के सदस्यों ने रंग-बिरंगी रंगोली बनाकर मतदान के प्रति लोगों को प्रेरित किया। मेरा वोट, मेरा अधिकार और शत-प्रतिशत मतदान, लोकतंत्र की पहचान जैसे नारों से पूरा वातावरण लोकतंत्र के रंग में रंग गया।

मतदान करने के बाद सांसद रविशंकर प्रसाद

बिहार सरकार के मंत्री व भाजपा प्रत्याशी जीवेश कुमार ने डाला अपना मत

भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने लोयला स्कूल, कुर्जी, पटना के बूथ संख्या 301 पर अपना मतदान किया

मतदान करने के बाद चिह्न दिखाते लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव

छात्रों ने मानव श्रृंखला बना दिया मतदान का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। आम निर्वाचन 2025 के तहत स्वीप अभियान के अंतर्गत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर गांधी मैदान में एक भव्य मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार गीत से हुई, जिसने पूरे वातावरण को देशभक्ति और उत्साह से भर दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि आप सभी लोकतंत्र के उज्ज्वल भविष्य हैं। अपने माता-पिता एवं परिवार के सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरित करें ताकि औरंगाबाद जिला शत-प्रतिशत मतदान का उदाहरण बन सके। कई विद्यालयों के बच्चों ने स्कूली परिधानों और उत्साहपूर्ण नारों के साथ लोकतंत्र को सशक्त बनाने का संदेश देते हुए मानव श्रृंखला का निर्माण किया। 11 नवंबर 2025 को वोट करें' का संदेश पूरे गांधी मैदान में गूंज उठा। बच्चों का उत्साह, ऊर्ज़ा और भागीदारी ने पूरे मैदान को लोकतंत्र के रंग में रंग दिया। बच्चों का जोश, लोकतंत्र की पहचान करें सब 11 नवंबर को मतदान। यह आयोजन जिले में मतदाता जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक प्रेरक और सराहनीय पहल सिद्ध हुआ।

रफीगंज में प्रमोद सिंह के समर्थन में नीतीश कुमार की जनसभा कल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज। विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, रफीगंज में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार प्रमोद सिंह के समर्थन में अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 8 नवंबर को एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। यह सभा रफीगंज में आयोजित की जाएगी, जिसके लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मुख्यमंत्री की इस जनसभा से पहले भोजपुरी सुपरस्टार और गायक पवन सिंह भी प्रमोद सिंह के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित कर चुके हैं, जिसमें भारी भीड़ उमड़ी थी। पवन सिंह की सभा के बाद अब मुख्यमंत्री की रैली को लेकर एनडीए कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस बीच प्रमोद सिंह का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। गुरुवार को उन्होंने रफीगंज विधानसभा के विभिन्न ग्रामीण इलाकों के दर्जनों गांवों का दौरा किया और लोगों से समर्थन मांगा। उन्होंने जनसभाओं और नुक्कड़ बैठकों में कहा कि वे विकास और सुशासन की राजनीति में विश्वास रखते हैं और इसी उद्देश्य से चुनाव मैदान में हैं। प्रमोद सिंह ने कहा कि उन्होंने जब विधायक नहीं भी थे, तब भी क्षेत्र की जनता की सेवा में कभी कमी नहीं आने दी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और रोजगार जैसे मुद्दों पर कई ठोस पहल की हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जाति और भ्रम की राजनीति से ऊपर उठकर विकास के लिए वोट दें। प्रमोद सिंह ने एनडीए सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपलब्धियों को भी जनता के बीच रखा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में सुशासन की परंपरा को मजबूत किया है और रफीगंज में भी अनेक योजनाओं के जरिए विकास का रास्ता खोला है। जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया और समर्थन देने का भरोसा जताया। अब सबकी नजरें 8 नवंबर की मुख्यमंत्री की सभा पर टिकी हैं, जिसे रफीगंज चुनावी माहौल में निर्णायक माना जा रहा है।

प्रदेश जदयू अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने किया मतदान

भोजपुरी कलाकार पवन सिंह ने पैतृक गांव में किया मतदान

खगड़िया के अलौली सुरक्षित विधानसभा के शहरबन्नी स्थित मतदान केंद्र पर से मतदान के बाद चिह्न दिखाते पूर्व केंद्रीय मंत्री व रालोजपा सुप्रीमो पशुपति कुमार पारस, रालोजपा प्रत्याशी यश राज और पूर्व सांसद प्रिंस पासवान आदि।

भोजपुर के संदेश विधानसभा क्षेत्र के विशुनपुर में बूथ संख्या 242 पर 104 वर्षीय रामप्रवेश सिंह ने अपनी 95 वर्षीय पत्नी सुलेश्वरी देवी के साथ वोट डाला

गीत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो (सी.बी.सी.), पटना एवं स्वीप कोषांग, औरंगाबाद द्वारा जिले के कुटुंबा तथा ओबरा विधानसभा में गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पाँच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान के तीसरे दिन केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना में पंजीकृत सांस्कृतिक दल ल्लपल्लवी आर्ट्स सोसायटी, मधुबनी के कलाकारों ने कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र (222) के टेट्राइन पश्चिम भाग में तथा भारती कला मंच, बक्सर द्वारा

ओबरा विधानसभा क्षेत्र (220) के महिला महाविद्यालय, दाउदनगर में मनमोहक गीत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन प्रस्तुत कर भारी संख्या में लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने स्थानीय लोगों को खासकर के युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजन एवं पहली बार मतदान करने वालों को मतदान के महत्व को समझाते हुए आगामी 11 नवम्बर को अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुँच कर अत्यधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को जरूर से जरूर मतदान करने तथा पहले मतदान फिर जलपान की अपील की गई। कलाकारों द्वारा जानकारी दी गई कि अगर किसी मतदाता का मतदाता सूची में नाम है लेकिन मतदाता पहचान पत्र नहीं है ऐसे व्यक्ति भी मतदान केंद्र पर फोटोयुक्त पहचान पत्रों जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान पत्र इत्यादि ले जाकर मतदान दे सकते हैं। साथ ही, उन्होंने जनता के प्रश्नों जैसे हम मतदान क्यों करें, हमारे एक वोट देने से क्या होगा आदि सवालों का विस्तार से उत्तर दिया एवं बताया कि हमारा एक मत हमारी आने वाली पाँच वर्ष का भविष्य निर्धारित कर सकती है।

खगड़िया के अलौली सुरक्षित विधानसभा के शहरबन्नी स्थित मतदान केंद्र पर से मतदान के बाद चिह्न दिखाते पूर्व केंद्रीय मंत्री व रालोजपा सुप्रीमो पशुपति कुमार पारस, रालोजपा प्रत्याशी यश राज और पूर्व सांसद प्रिंस पासवान आदि।

भैंस पर बैठकर वोट देने पहुंचा युवक

विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं शहर के लंगर टोली स्थित दुबे क्लिनिक के निदेशक डॉ सुनील कुमार दुबे ने अपनी पत्नी समाजसेविका उषा दुबे, पुत्र डॉ साजन दुबे, भावो रिंकी दुबे संग बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बूथ संख्या 872 पर मतदान किया।

पटना में नाक में ऑक्सीजन पाइप लगाकर वोट डालने पहुंची महिला, लिस्ट में नाम कटने से भड़कीं।

छपरा के अम्बेडकर भवन बूथ पर मतदान के बाद निशान दिखाते डीएम अमन समीर व एसएसपी डॉ.कुमार आशीष

पटना के फुलवारी शरीफ हाई स्कूल में मतदान केंद्र पर सुरक्षा में तैनात अर्धसैनिक बल के जवान

बांकीपुर में वोट कास्ट करने के बाद सेल्फी लेती महिला

एक नजर

कागेशवर नाथ धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

नवादा/सिरदला। प्रखण्ड के बेरी गांव मे भक्तों ने कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर हजारों की संख्या में लोगों ने कागेशवर नाथ धाम के घाट पर धनार्जय नदी में डुबकी लगाई व शिवलिंग को दूध और जल से स्नान कराया। कागेश्वर नाथ धाम पर अवस्थित विभिन्न मन्दिरों में सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हर-हर महादेव व ऊं नमः शिवाय की जयकारे के साथ भक्त पूजा अर्चना करते देखे गए। पूजा समिति के सदस्य आनंद सिन्हा ने बताया कि यहां सैकड़ों वर्ष पूर्व खुदाई के दौरान सात शिवलिंग मिला, जहां कार्तिक पूर्णिमा व सावन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगती है इस अवसर पर कागेश्वर नाथ धाम पूजा समिति की ओर से विनोद यादव के द्वारा खीर का प्रसाद वितरित किया गया।

पकरीबरावां में कार बिजली पोल से टकराई

पकरीबरावां। पकरीबरावां-नवादा पथ पर भगवानपुर के पास गुरुवार की अहले सुबह एक कार बिजली पोल से टकराई। हादसे के बाद कार का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया। बिजली पोल क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर आ गिरा जिससे वाहनों के परिचालन में थोड़ी दिक्कत हुई। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचीं। कार को जब्त कर पुलिस थाना ले गई है।

आचार संहिता उल्लंघन मामले में तीन युवकों पर केस

पकरीबरावां। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में पकरीबरावां में तीन युवकों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अंचल अधिकारी निशांत कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार बीजेपी का पंपलेट जलाकर एवं रील बनाकर उसे वायरल करने के मामले में डुमरावां के बब्लू कुमार एवं रेवार के सिंटू कुमार एवं मुन्ना कुमार पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी के अनुसार विधानसभा चुनाव को लेकर अंचल अधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि बीजेपी का पम्पलेट जलाकर एवं उसका रील बनाकर उसे वायरल किया गया है। मामले की जांच की गई। जांच के दौरान युवकों की पहचान की गई एवं प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

पदाधिकारी ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण

पकरीबरावां। सेक्टर पदाधिकारी अजय कुमार ने गुरुवार को मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू, आंगनबाड़ी केंद्र सुदनपुर, चलंत मतदान केंद्र सुदनपुर आदि का जायजा लिया। इस दौरान मतदान केंद्र पर सुविधाओं को देखा गया।

मतदान केंद्रों पर लगा वेबकास्टिंग कैमरा

पकरीबरावां। पकरीबरावां प्रखण्ड के विभिन्न मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग कैमरा लगाया गया। गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय पकरीबरावां उर्दू, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अंजुनार, प्राथमिक विद्यालय असमा, प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर सहित कई अन्य मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग कैमरा लगाया गया है।

639 लोगों पर की गई निरोधात्मक कार्रवाई

पकरीबरावां। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पकरीबरावां थाना में 639 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। बताया गया है कि विधानसभा चुनाव को लेकर 639 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। 548 लोगों ने बंधपत्र भरा है। अन्य लोगों को बंधपत्र भरने को कहा गया है।

धान की फसल में रोग लगने से किसान चिंतित

नारदीगंज (नवादा)। मौसम बदलने से किसानों को परेशानी बढ़ी हुई है। खेतों में धान का फसल तैयार हो गया है। धान की कटनी करने में किसान लगे हुए हैं। यह इलाका कृषि प्रधान है। लोग खेती पर निर्भर हैं। किसानों को अच्छी उत्पादन होने की उम्मीद थी। लेकिन खेतों में लगे धान के फसल में रोग लग जाने से किसानों की चिंता बढ़ी हुई है। ऐसे में अन्नदाताओं की आर्थिक रीढ़ कमजोर हो जाने की आशंका जताई है। किसान कहुआरा के दूधनाथ महतो, नंदपुर के रविन्द्र सिंह, पसई के अजय कुमार, कृष्ण कुमार, चिरैयां के सुरेन्द्र पासवान समेत अन्य किसान कहते हैं कि धान के फसल में झुलसा रोग लग गया है। दवा का भी छिड़काव किया था। लेकिन हालात जस की तस बनी हुई है। धान के उत्पादन करने में काफी मेहनत व पूंजी लगी थी। खेत में धान पककर तैयार हो गया है। एक तरफ धान काटने के लिए मजदूर भी नहीं मिल पा रहा है। वही दूसरी तरफ धान भी रोगग्रस्त है। ऐसे में हम सभी किसान के सपनों पर पानी फिर गया है।

शराब के साथ बस कंडक्टर गिरफ्तार

रजौली। बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने एक बस कंडक्टर को शराब के साथ गिरफ्तार किया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है,जिसका नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। गुरुवार की अहले सुबह में रौशन ट्रेवल्स नामक एक यात्री बस की जांच की गई। जांच के दौरान सीट के पीछे से 750 एमएल वाले दो बोतल रॉयल स्टेज नामक शराब बरामद किया गया। उत्पाद बलों द्वारा बस स्टाफों से पूछताछ किए जाने पर,बरामद शराब बस के कंडक्टर के होने की जानकारी मिली। बस कंडक्टर वैशाली जिले के पातेहपुर थाना क्षेत्र निवासी स्व. वैद्यनाथ सिंह के पुत्र ललन कुमार सिंह को उत्पाद बलों ने गिरफ्तार किया।गिरफ्तार कंडक्टर ने बताया कि वे अपने उपयोग के लिए झारखंड से शराब खरीदकर लेकर जा रहे थे।वहीं दूसरी ओर विभिन्न यात्री वाहनों एवं निजी वाहनों पर सवार रहे सात लोगों को शराब के नशे में हिरासत में लिया गया, जिनके शराब पिये होने की पुष्टि ब्रेथ एनलाइजर मशीन से हुई। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार बस कंडक्टर के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही बताया कि गिरफ्तार बस कंडक्टर को गुरुवार को ही स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं शराब के नशे में हिरासत रहे सातों लोगों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया,जहां सभी ने जुर्माना राशि जमा करने के बाद अपने-अपने घर चले गए।इस मौके पर उत्पाद बलों के साथ गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति की हुई पहचान

रजौली। थाना क्षेत्र के बांके मोड़ के समीप बीते बुधवार की दोपहर को अज्ञात हाइवा ट्रक द्वारा कुचल देने से हुई एक व्यक्ति की मौत के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। पुलिस और ग्रामीण शव की पहचान को लेकर मृतक का कटा हुआ हाथ, जिसमें सुनो देवी लिखा हुआ था,को वायरल किए जाने के बाद मृतक की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान धमनी पंचायत के वार्ड संख्या 11 स्थित शिव नारायण बिगहा गांव निवासी कोल्हा महतो के लगभग 60 वर्षीय पुत्र महेंद्र यादव के रूप में हुई है।पड़ोसी भरत कुमार ने बताया कि महेंद्र यादव परसों ही दिल्ली से रजौली आए थे और बुधवार को हरदिया स्थित ससुराल से दोपहर को वापस अपने घर आने क्रम में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। महेंद्र यादव अपने पीछे पत्नी के अलावे दो बेटों एवं चार बेटियों को पीछे छोड़ गए हैं। सभी बच्चों का विवाह हो चुका है। मृतक का परिवार मजदूरी करके जीवन-बसर कर रहा है। पुलिस द्वारा शव मिलने के बाद गुरुवार को परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार किया गया। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति की पहचान के बाद शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं अज्ञात वाहन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है। वहीं अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि मृतक के परिजनों को पंचायत के मुखिया द्वारा कबीर अन्त्येष्टि योजना के तहत 3000 रुपए, बीडीओ के द्वारा पारिवारिक लाभ के तहत 20000 रुपया एवं डीटीओ के पास लाभुक के परिजनों द्वारा आवेदन दिए जाने पर 2 लाख रुपए मुआवजा का प्रावधान है

देश में मोदी और बिहार में नीतीश लिख रहे हैं विकास की कहानी : रेखा गुप्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिले के वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी अरुणा देवी के समर्थन में मतदाताओं को प्रेरित करने पहुंची दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और जमुई के लोजपा सांसद अरुण भारती ने जनसभा को संबोधित किया। जनसभा जिले के वारिसलीगंज के माफी में आयोजित थी, जिसमें रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जिस तरह भारत सफलता की कहानी लिख रहा है, उसी तरह नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार ने बदहाल और क्षीण कानून वाले बिहार को खुशहाल बिहार बनाया। यहां डबल इंजन वाली सरकार हर वर्ग महिला हो या युवा हो या बुजुर्ग, सभी के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि मोदी और नीतीश के नेतृत्व वाली चाहे केंद्र की सरकार हो या बिहार में जो वादा करते है, वो पूरा करते है। रोजगार की बात कहा तो मुद्रा योजना हो, विश्वकर्मा योजना हो, लखपति दीदी योजना हो, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना या अन्य योजना जिसका लाभ करोड़ों लोगों को देकर शान से जीने के लिए प्रेरित किया। बिहार में मुख्यमंत्री जीविका के माध्यम से महिलाओं को साधकर किया बच्चियों को साइकिल, पोशाक देकर देकर स्कूल भेजा। बुजुर्ग के पेंशन की राशि बढ़ा दिया। 125 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही। शिक्षा के लिए हर जिला में अभियंत्रण महाविद्यालय स्वास्थ के क्षेत्र में लगातार व्यवस्था को सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि करोड़ों शौचालय मुफ्त गैस कनेक्शन आवास देकर प्रधानमंत्री गरीबों को इज्जत भरी जिंदगी जीने के लिए मनोवल बढ़ाया, जबकि दूसरी तरफ अराजकता का प्रतीक गठबंधन सिर्फ वादा करती है, लेकिन पूरा नहीं। कांग्रेस 60 बरसों में देश को बदहाल किया 2014 के पूरे 10 बरसों वाली यूपीए सरकार उसी तरह घोटालों के लिए जानी जाती है। जिस तरह 2005 के पूरे लालू- राबड़ी की सरकार। उन्होंने कहा कि तेजस्वी कहते है, सभी को नौकरी देंगे जो संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि पुरानी स्थिति को कोई नहीं लौटाना चाहेगा। 90 के दशक में लाठी था अब उनकी सरकार बनी तो कट्टा हाथों में नजर आयेगा। कोई बिहारवासी नहीं चाहेगा कि उनकी युवा कट्टा लेकर घूमे। मौके पर भाजपा प्रत्याशी अरुणा देवी, पूर्व जिला पार्षद सदस्य अखिलेश सिंह, जदयू नेता अजय कुमार रविकांत, भाजपा के प्रोफेसर सुरेंद्र चौधरी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

शांतिपूर्ण मतदान बना मिसाल

डीएम-एसपी की सक्रियता से चुनावी माहौल रहा सामान्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। आमतौर पर चुनावी माहौल में तनाव, भीड़-भाड़ और रोक-टोक रहती है। लेकिन इस बार का मतदान कुछ अलग था। शांत, सुव्यवस्थित और सौहार्दपूर्ण। न किसी तरह की तकरार, न कोई विवाद, न कोई अप्रिय घटना। पूरा दिन लोकतंत्र के महापर्व जैसा उत्सवमय माहौल नजर आया। इस सफलता के पीछे प्रशासन की सतर्कता और नेतृत्व क्षमता रहा। डीएम कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी स्वयं मैदान में सक्रिय रहे। सुबह से ही दोनों अधिकारी एक बूथ से दूसरे बूथ तक लगातार दौरा करते रहे, ताकि मतदान की प्रक्रिया पूरी तरह से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके। प्रत्येक बूथ पर व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए उन्होंने मतदाताओं को प्रोत्साहित किया ताकि लोग बिना किसी भय या झिझक के मतदान कर सकें। डीएम कुंदन कुमार ने कहा हमारा लक्ष्य सिर्फ मतदान कराना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि हर मतदाता सम्मान और सुरक्षा के साथ वोट दे सकें। वहीं एसपी भारत सोनी ने कहा कि सुरक्षा बलों की तैनाती और लगातार निगरानी के कारण कोई अप्रिय घटना नहीं हो सकी। इस बार का चुनाव प्रशासनिक कुशलता और जनसहयोग की मिसाल बन गया।

डीएम और एसपी की सक्रियता ने यह साबित कर दिया कि जब व्यवस्था सजग हो तो लोकतंत्र का महापर्व सच में उत्सव जैसा महसूस होता है ।

प्रखंड कार्यालय बिहारशरीफ में अवस्थित आदर्श मतदान केंद्र पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने अपने पत्नी के साथ मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान के लिए लाइन में लगी महिलाएं

मतदान के लिए लाइन में लगे पुरुष

वृद्ध महिला को व्हील चेयर से मतदान के लिए ले जाते

तेज हो रहा है प्रत्याशियों का प्रचार अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। विधानसभा चुनाव को लेकर नवादा में सभी प्रत्याशियों का प्रचार अभियान परवान चढ़ रहा है । जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र में द्वितीय चरण का मतदान 11 नवंबर को होना है। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है वैसे-वैसे प्रत्याशियों का प्रचार अभियान गति पकड़ रहा है। नवादा, हिसुआ, रजौली, गोविंदपुर और वारसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी एक दूसरे को पछाड़ने के फिराक में लगे हुए हैं। हर मतदाताओं से डोर टू डोर मिलने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में सभी पांच विधानसभा क्षेत्र में अनेक प्रत्याशी मैदान है, परंतु अधिकांश जगहों पर मुख्य मुकाबला एनडीए बनाम महागठबंधन के बीच ही देखने को मिल रहा है। नवादा विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी विभा देवी व महागठबंधन प्रत्याशी कौशल यादव, जन स्वराज के डॉ अनुज सिंह और निर्दलीय प्रत्याशी जितेंद्र प्रसाद जीतू भी अपना दमकम्भ भर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में सुबह 8 बजे से लेकर देर रात तक प्रचार अभियान जोड़ पड़ रहा है। वही हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी अनिल सिंह और महा गठबंधन प्रत्याशी नीतू सिंह के बीच आमने-सामने की टक्कर होने की संभावना दिख रही है। ऐसे में जन स्वराज भी मैदान में जमे हुए हैं। रजौली में भी एनडीए प्रत्याशी विमल राजवंशी व महागठबंधन प्रत्याशी पिंकी भारती और पूर्व विधायक प्रकाश वीर के बीच खींचातानी का दौर चल रहा है। सभी अपने-अपने तरीके से मतदाताओं को गोल बंद करने में जुटे हुए हैं। इसी प्रकार का मुकाबला गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है। जहां एनडीए प्रत्याशी विनीता मेहता और महागठबंधन प्रत्याशी पूर्णिमा यादव के बीच में पूर्व विधायक मो कामरान निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोक रहे हैं। सभी अपने-अपने तरीके से मतदाताओं को रिझाने व गोल बंद करने में लगे हुए हैं। परिणाम 11 नवंबर को उनकी झोली में वोट गिरने के बाद ही पता चल पाएगा। सीधा मुकाबला वारसलीगंज विधानसभा में है। जहां एनडीए प्रत्याशी अरुणा देवी और महागठबंधन प्रत्याशी कुमारी अनिता के बीच देखने को मिलेगी। हर पंचायत, हर बूथ स्तर तक के मतदाताओं से संपर्क साधने के लिए जी तोड़ मेहनत प्रयास किया जा रहा है।

विदेशी नागरिकों का डीएम ने किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त कोलंबिया से आए विदेशी नागरिकों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आज 6 नवंबर को जिले भर में मतदान किया जा रहा है, मतदान केंद्र में सभी सुविधाओं के बारे में उन्होंने अवगत कराया। प्रखंड कार्यालय बिहारशरीफ में अवस्थित आदर्श मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान केंद्रों में दी जाने वाली सुविधाओं से विदेशी नागरिकों को जानकारी दी गई। स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान किया जा रहा है, उसके बारे में भी जिलाधिकारी ने अवगत कराया साथ ही जिला समाहरणालय अवस्थित जिला नियंत्रण में किए जा रहे हैं कार्यों से उन्होंने अवगत कराया। स्मार्ट सिटी में अवस्थित नियंत्रण कक्ष को भी उन्होंने दिखलाया जहां पर मतदान केंद्रों की विशेष निगरानी रखी जा रही है, लाइव वेब कास्टिंग सहित सभी कार्यों से विदेशी नागरिकों को उन्होंने अवगत कराया। अंत में कोलंबिया के आगंतुकों को ऐतिहासिक धरोहर नालंदा खंडहर का भी भ्रमण कराया गया।

एनडीए प्रत्याशी विभा देवी का प्रचार अभियान तेज़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। नवादा विधानसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी विभा देवी का जलवा अब मतदाताओं के दिलोदिमाग पर हावी हो चुका है । वे चुनाव प्रचार में जहां भी जाती हैं कारवां बढ़ता ही चला जाता है । गांव से लेकर शहर तक ढाबे से लेकर गुमटी तक और गली से लेकर मुहल्ले तक आश्वस्त हो चुका है कि विभा देवी की जीत इस बार ऐतिहासिक होगी । लोगों में उत्साह और समर्पण की भावना से गदगद विभा देवी बिना आराम किए और बिना थके लोगों का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए निकल पड़ती हैं । गुरुवार को मेसकौर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनसभा अटेंड करने से पूर्व उन्होंने नगर के कई मुहल्ले में आशीर्वाद प्राप्त कर लिया । चुनावी चर्चा की बात करें तो हरेक मतदाताओं में अब हार जीत की चर्चा नहीं बल्कि मतों के अंतर की होती है जिसमें कुछ लोग 30 हजार तो कुछ 50 हजार मतों के अंतर से विभा देवी की जीत देख रहे है । वास्तव में विभा देवी को खुद की परिश्रम और लोक निष्ठा के अलावे उनके पति पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद की लोकप्रियता और जनपक्षधरता का भरपूर लाभ मिल रहा है । खासकर राजबल्लभ प्रसाद ने नवादा में सभी जातीय और सांप्रदायिक समीकरण को ध्वस्त करते हुए मतदाताओं को एकतरफा गोलबंद करने में सफलता हासिल की है । विदित हो कि विभा देवी के काफिले में एनडीए के सभी घटक दलों के वरीय नेता शामिल होते हैं और जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी और उपाध्यक्ष निशा चौधरी के अलावे जदयू बीजेपी के महिला सेल की नेत्रियां भी शामिल रहती हैं।

छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

रजौली/नबिटा सं। प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित चिरैला राजकीयकृत मध्य विद्यालय एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसका मुख्य उद्देश्य बिहार विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण में होने वाले मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदान केन्द्र पहुंच कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। मतदाता जागरूकता रैली का नेतृत्व प्रधानाचार्य नवलेश कुमार एवं प्रधानाध्यापक सोमनाथ ने किया। आयोजनकर्ता ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सभी बच्चों को अपने अभिभावकों एवं पड़ोसियों को आगामी 11 नवंबर को होने वाले मतदान के दौरान सभी व्यस्क लोग अपने घरों से निकलकर मतदान केन्द्र पर जाकर आवश्यक रूप से मतदान करें। इस दौरान बच्चों द्वारा वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, चुनाव नहीं मतदान करें,नव भारत का निर्माण करें, छोड़ो अपने सारे काम, पहले करो मतदान, फिर करें जलपान समेत कई प्रकार के नारा लगाते हुए विद्यालय के पोषक क्षेत्र में भ्रमण किया। इस मौके पर राजीव कुमार, अभिषेक कुमार, अश्विनी कुमार, सकलदेव यादव, उपेंद्र कुमार, वीणा सिंह, नीलम कुमारी सिंह, पुष्पा कुमारी अमरेन्द्र प्रसाद, अजय कुमार, सौरभ यादव, कपिल कुमार, रविंद्र कुमार इत्यादि शिक्षक-शिक्षिका के साथ दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

रजौली में राजपूत समाज की बैठक, विस चुनाव 2025 को लेकर रणनीति हुई तय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रजौली। प्रखंड क्षेत्र के एनएच-20 किनारे स्थित एक होटल में रविवार को विधानसभा चुनाव को लेकर "क्षत्रिय युवा संघ" के जिला अध्यक्ष 'सुजयभान सिंह' की अध्यक्षता में राजपूत समाज की ओर से एक भव्य एवं संगठित बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सैकड़ों की संख्या में राजपूत समाज के लोग शामिल हुए।कार्यक्रम का संचालन जयंत सिंह और कौशल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। विधानसभा चुनाव के रणनीति को लेकर संगठन ने विकास सोलंकी, जयंत सिंह और मुन्ना सिंह को जिम्मेदारी सौंपी है। बैठक में राजपूत समाज ने व्यापक चर्चा की करते हुए वक्ताओं ने कहा कि समाज अपनी शक्ति,एकता और सहभागिता को और मजबूत तरीके से प्रदर्शित करेगा। चुनावी संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुई समाज ने यह रणनीति बनाई है कि जो उम्मीदवार समाज के अधिकार और मान-सम्मान का ख्याल रखेगा। राजपूत समाज एकजुट होकर,उसी उम्मीदवार को जिताने कार्य करेगा। बैठक में उपस्थित समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि राजपूत समाज हमेशा से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है और आगे भी मजबूती से अपनी पहचान दर्ज कराएगा। समाज के युवा वर्ग को भी राजनीति में जागरूक और सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में नायगामी विधानसभा 2025 के लिए समाज द्वारा एक सामूहिक फैसला लेने पर सहमति जताई गई। समाज के बुद्धिजीवी लोगों ने कहा कि मतदान से पूर्व अगली बैठक में उम्मीदवार का चयन और समर्थन को लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

शेरघाटी में रेखा गुप्ता ने भरी हुंकार, कहा अप्पू-पप्पू की जोड़ी से बिहार को बचाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को शेरघाटी के टीचर ट्रेनिंग कॉलेज मैदान में एनडीए प्रत्याशी एलजेपी (रामविलास) के उम्मीदवार उदय कुमार सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। सभा में हजारों की संख्या में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं की भीड़ उमड़ी। मंच पर पहुंचते ही रेखा गुप्ता का जोरदार स्वागत किया गया। अपने जोशीले अंदाज में संबोधन में रेखा गुप्ता ने कहा कि बिहार में जंगलराज का अंत एनडीए की देन है, आज राज्य विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के अप्पू और पप्पू की जोड़ी बिहार को फिर अंधकार में धकेलना चाहती है, लेकिन जनता अब जाग चुकी है। उन्होंने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि जिनके परिवार ने बिहार की जमीन हड़प ली, घोटाले किए और भाई-भतीजावाद को बढ़ावा दिया, वे अब विकास की

बात करने निकले हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे एनडीए के प्रत्याशी उदय कुमार सिंह को भारी मतों से विजयी बनाएं ताकि बिहार में विकास और सुशासन की सरकार मजबूत हो सके। रेखा गुप्ता ने कहा कि एनडीए की सरकार में महिलाओं की सुरक्षा, व्यवसायियों की सुविधा और युवाओं के रोजगार पर निरंतर काम हो रहा है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि आपका एक वोट बिहार को स्थिर और सुरक्षित सरकार देगा। सभा में भाजपा के पश्चिमी जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश उर्फ लाला सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनोज मांझी सहित कई स्थानीय नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरा परिसर एनडीए जिंदाबाद और उदय कुमार सिंह विजयी हो के नारों से गूंज उठा।

अल्पसंख्यकों ने धीरेंद्र अग्रवाल का गर्म जोशी के साथ किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। शहर के नगमतिया रोड स्थित ए आर पैलेस में गुरुवार को गया विधानसभा 230 के माइनॉरिटी के लोग धीरेंद्र अग्रवाल को गर्म जोशी के साथ स्वागत किया और मंच से सभी लोगों ने संबोधित किया कि गया शहर को 35 वर्षों से माइनॉरिटी को विकल्प नहीं था। मंच का संचालन शाहिद कर रहे थे। व्यवस्थापक मंजर ने किया। मंच पर उपस्थित नारायण, अफजल, जाहिद, शाहिद, शाहिद खान, असीम, उमर अंसारी, परवेज, उर्फी के साथ जिला मुख्य प्रवक्ता रवि उर्फ गुड्डू बरनवाल नगर अध्यक्ष राजू सिंह, वार्ड 33 के पार्षद ओम प्रकाश सिंह वार्ड 32 के पार्षद गजेंद्र सिंह जिला युवा अध्यक्ष अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

गया में जयंत चौधरी ने कहा-मोदी-नीतीश की साझेदारी ही बिहार के स्थिर विकास की कुंजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। भारत सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने गुरुवार को गया विधानसभा में एनडीए प्रत्याशी डॉ. प्रेम कुमार के समर्थन में प्रेस वार्ता की। यह कार्यक्रम एनडीए के मुख्य कार्यालय, शादी घर, गया में आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और पत्रकार उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता में उनके साथ राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, पूर्व सांसद एवं आरएलडी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी और प्रवक्ता धनंजय गिरी भी मौजूद थे। जयंत चौधरी ने कहा कि बिहार के युवाओं में मेहनत और प्रतिभा की कमी नहीं है। यदि उन्हें सही अवसर और मार्गदर्शन मिले तो वे देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने गया समेत बिहार में शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देने के

लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जिले में नए शिक्षण संस्थान, प्रशिक्षण केंद्र और सड़क-रेल परियोजनाएं चलाई जा रही हैं जिनसे रोजगार और विकास के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि गया ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध क्षेत्र है और अब केंद्र की योजनाओं से यह आधुनिक विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उनके अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार ने शिक्षा, कृषि, सड़क और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। जयंत चौधरी ने यह भी कहा कि बिहार के स्थिर विकास के लिए मोदी और नीतीश की साझेदारी आवश्यक है। उन्होंने गया विधानसभा के प्रत्याशी डॉ. प्रेम कुमार को अनुभवी, ईमानदार और जनसेवी नेता बताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा जनता की सेवा को प्राथमिकता दी है और गया के विकास में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। प्रेस वार्ता के अंत में एनडीए नेताओं ने कहा कि गया की जनता इस बार भी विकास और अनुभव के प्रतीक प्रेम कुमार के साथ है।

संवेदक द्वारा निर्माण सामग्री रखने से लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। एक ओर नप प्रशासन द्वारा आम सड़क पर भवन व सड़क निर्माण सामग्री रखने पर कार्रवाई करने का दावा करती है वहीं दूसरी ओर नप कार्यालय के समीप ही सड़क निर्माण करने वाले संवेदक द्वारा निर्माण सामग्री रख अतिक्रमण किया जा रहा है। निर्माण सामग्री विगत कई दिनों से रख प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं। इसके बावजूद भी स्थानीय प्रशासन मौन है। निर्माण सामग्री रखे होने से अतिक्रमण के साथ-साथ सड़क भी संकीर्ण हो गई है जिससे आवागमन करने

वाले को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण सामग्री में बड़े-बड़े पत्थर के होने से खासकर बाइक चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता रणजीत कुमार ने बताया कि नप कार्यालय के समीप ही सड़क पर अतिक्रमण कर दी गई है जिसके बाद भी नप प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसी स्थिति में नप प्रशासन दोरंगी नीति अपनाती है। निर्माण सामग्री के समीप मौजूद कर्मी ने बताया कि राज स्कूल के समीप सड़क का निर्माण हो रहा है। निर्माण में उपयोग आने वाली सामग्री रखी गई है व उठाव किया जा रहा है। इस मामले में नप के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश कुमार झा ने बताया कि निर्माण सामग्री रखने वाले व्यक्ति को सामग्री हटाने के लिए आदेश दिया गया है। यदि नहीं हटाया जाता है तो सारा सामग्री जब्त कर लिया जाएगा व कार्रवाई की जाएगी।

कोंच में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की चुनावी सभा आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। टिकारी विधानसभा क्षेत्र के कोंच स्थित गांधी इंटर उच्च विद्यालय खेल परिसर में 7 नवंबर को बिहार के उप मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता सम्राट चौधरी की चुनावी सभा आयोजित की जाएगी। भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कोंच ने जानकारी दी कि यह कार्यक्रम शुक्रवार को दोपहर 1 बजे निर्धारित किया गया है। बताया गया कि सभा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक शामिल होंगे। इस दौरान सम्राट चौधरी एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में जनसमर्थन की अपील करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी है।

पर्दानशीं की पहचान और दिव्यांग की सहायता के लिए वॉलेंटियर को मिला प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी (गया)। मतदान केन्द्र के बाहर मोबाइल फोन के संग्रहण और पर्दानशी की पहचान के लिए दो वॉलेंटियर के रूप में स्थानीय कर्मी की प्रतिनियुक्ति मतदान केन्द्र पर की गई है जिसका प्रशिक्षण गुरूवार को प्रखंड कार्यालय के सभा भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद के द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि उक्त वॉलेंटियर में स्थानीय शिक्षक, टोला सेवक, विकास मित्र, सेविका आदि को लगाया गया है। वॉलेंटियर एक पर्दानशी की

पहचान के साथ असहाय और दिव्यांग की सहायता करेंगे जबकि वॉलेंटियर दो मतदान केन्द्र के बाहर मोबाइल फोन संग्रहण के प्रबंधन का कार्य यथासंभव एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। वेबकास्टिंग के कार्यों के पर्यवेक्षण यथा-कैमरा का पोजीशन, निर्बाध गति से सम्पन्न कराने आदि कार्य के समन्वय का कार्य स्थानीय कर्मी द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षण में पंचायती राज पदाधिकारी विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

शेरघाटी में प्रशांत किशोर का रोड शो, पवन किशोर के समर्थन में मांगा वोट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। विधानसभा क्षेत्र 226 में चुनावी माहौल के बीच जनसुराज पार्टी के सुप्रीमो प्रशांत किशोर ने गुरुवार को एक भव्य रोड शो का आयोजन किया। यह रोड शो जनसुराज प्रत्याशी पवन किशोर के समर्थन में निकाला गया जिसमें हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिक, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में जनसैलाब उमड़ पड़ा और जनसुराज के नारों से शेरघाटी की सड़कें गूंज उठीं। प्रशांत किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार को यदि वास्तव में बदलना है तो अब जनता को नई सोच और नई दिशा के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा हमारे अभियान का मकसद सिर्फ चुनाव जीतना नहीं, बल्कि बिहार की राजनीति में स्वच्छता और पारदर्शिता लाना है। अगर आप नया बिहार बनाना चाहते हैं तो पवन किशोर और

जनसुराज को वोट दीजिए। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि इस बार जाति और धर्म से ऊपर उठकर विकास और शिक्षा के मुद्दों पर मतदान करें। प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि पवन किशोर एक ईमानदार, शिक्षित और जमीनी स्तर से जुड़े हुए युवा नेता हैं जो शेरघाटी के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। रोड शो के दौरान जगह-जगह लोगों ने फूल-मालाओं और नारों के साथ प्रशांत किशोर और पवन किशोर का स्वागत किया। यह रोड शो पूरे विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख इलाकों से होकर गुजरा जहां जनसुराज कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश और उत्साह देखा गया। शेरघाटी में यह कार्यक्रम आगामी चुनाव के माहौल में नई ऊर्जा देकर आया और लोग बदलाव के मूड में है।

मतदान केन्द्रों की सुविधाओं को लेकर शिक्षकों ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। प्रखण्ड संसाधन केन्द्र कोंच के प्रांगण में गुरुवार को प्रखण्ड के सभी प्राथमिक, मध्य और उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों तथा सेक्टर पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार रमण ने की। बैठक में आगामी 11 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बनाए गए मतदान केंद्रों की तैयारियों और सुविधाओं की समीक्षा की गई। डॉ. रमण ने एक-एक कर सभी प्रधानाध्यापकों से मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बल्ब, शौचालय, साफ-सफाई, रसोईया को चाभी उपलब्ध कराने, बिजली-पानी की व्यवस्था आदि पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान सभी प्रधानाध्यापकों ने बताया कि उनके विद्यालयों में आवश्यक सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जा चुकी है। बैठक में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी के साथ संकुल समन्वयक, सेक्टर पदाधिकारी तथा सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद, चालक फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डोभी/गया। गयाजी जिला के डोभी थाना क्षेत्र में अहले सुबह थाना क्षेत्र के घठेरिया मोड़ के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान एक वाहन से 1400 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जानकारी के अनुसार वाहन में ऊपर से सब्जी लदी हुई थी जबकि नीचे शराब की पेटियां छिपाकर रखी गई थीं। पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना मिली, तत्काल मौके पर पहुंचकर वाहन को जब्त कर लिया गया। हालांकि वाहन चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। इस संबंध में डोभी थाना अध्यक्ष ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि शराब तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इस मामले में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : Janata Dal (United)

*** Name of the Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar**

Name of State : Bihar

1	2	3	4		5		
SL. No	Name of constituency	Name of candidate	(A) Pending criminal cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	160, Dhoraiya	Manish Kumar	* ACJM II Jhanjharpur * (I) 366/09 (ii) 121/09 PS & Dist. Banka PS. Rajaun, Banka	Disobedience to order duly promulgated by public servant, Undue influence of personation at an election. Act-188, 171(F)/34 IPC	No	No	No

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : Janata Dal (United)

*** Name of the Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar**

Name of State : Bihar

1	2	3	4		5		
SL. No	Name of constituency	Name of candidate	(A) Pending criminal cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	64, Kadwa	Dulal Chandra Goswami	* A D S J 8Th, Katihar * Case No.-Criminal appeal no 5/25	413 BNSS	No	No	No

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : Janata Dal (United)

*** Name of the Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar**

Name of State : Bihar

1	2	3	4		5		
SL. No	Name of constituency	Name of candidate	(A) Pending criminal cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	50, Jokihat	Manzar Alam	* 1. Santosh Kumar JM Ist Class Araria, 2. Aajhi's Anand JM Ist Class Araria * 1. Jokihat P.S Case No. 36/04 2. Palasi P.S. Case No. 18/11	1. 147, 148, 323, 379, 427 IPC Unlawful assembly, armed with weapons, assault, robbery, and damage to property. 2. 420, 406, 409, 120B, 467, 468, 384 IPC Fraudulent misappropriation of government funds, extortion under criminal conspiracy.	No	No	No

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

संपादकीय

ट्रंप की विनाशकारी मंशा?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में फिर से परमाणु विस्फोट करने का आदेश देकर दुनिया को परमाणु युद्ध की दिशा में एक कदम और आगे धकेल दिया है। हालांकि वहां के ऊर्जा सचिव ने फिलहाल आदेश पर रोक लगाते हुए विस्फोट वाले परीक्षणों पर रोक लगा दी है। ट्रंप ने इस आदेश के पीछे वजह रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान द्वारा लगातार किए जा रहे परमाणु परीक्षणों को बताया गया है। हालांकि इसके कोई ठोस प्रमाण नहीं है। अलबत्ता यह बयान देकर ट्रंप ने फिर एक बार साबित किया है कि वो किसको कब शर्मिंदा होने पर मजबूर करेंगे, कहा नहीं जा सकता। अपने मनमौजीपन के लिए बदनाम हो चुके ट्रंप का ताजा बयान दुनिया को चिंता में डालने वाला है। ट्रंप ने कहा कि जब दूसरे देश परमाणु हथियारों की दौड़ में हैं तो अमेरिका पीछे क्यों रहे। ट्रुथ सोशल पर अपनी पोस्ट में ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के ठीक पहले यह बयान जारी किया है। विश्लेषक इस बात का अंदाजा लगा रहे हैं कि ट्रंप का ट्वीट उकसाने वाला है या फिर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा 8000 किमी तक मार करने वाली मिसाइल के सफल परीक्षण की प्रतिक्रिया है। गौरतलब है कि दुनिया में अमेरिका सबसे ज्यादा परमाणु परीक्षण करने वाला देश है। 1945 से लेकर 1992 तक उसने कुल 1054 परमाणु परीक्षण किए। हालांकि 1992 के बाद से उसने स्वयं ही इन पर रोक लगा दी। अमेरिका के बाद दूसरे सबसे ज्यादा 715 परमाणु परीक्षण किए हैं। ट्रंप अमेरिका के स्वैच्छिक संयम को अब खत्म करना चाहते हैं। ट्रंप के इस फैसले से दुनिया में परमाणु हथियारों की दौड़ और तेज होगी। अधिकृत जानकारी के अनुसार अभी दुनिया में 12,500 से अधिक परमाणु हथियार मौजूद हैं। इसमें से अमेरिका के पास 5,225 और रूस के पास 5,580 परमाणु हथियार हैं। चीन 2020 में 300 से बढ़कर आज 600 पार कर चुका है। फ्रांस और ब्रिटेन के पास 250-300, भारत और पाकिस्तान 170-170, इस्राइल 90 और उत्तर कोरिया के पास 50 परमाणु हथियार बताए जाते हैं। इतने ही बम काफी हैं पूरी दुनिया को कई बार खत्म करने के लिए।

सीबीएस न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अन्य देश भी परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, लेकिन दुनिया इसके बारे में बात नहीं कर रही है। अगर अमेरिका सच में ऐसा करता है तो दुनिया परमाणु निरस्त्रीकरण का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। साथ ही भारत जैसे देशों को भी परमाणु परीक्षण से कोई रोक नहीं पाएगा। वैसे वैज्ञानिकों का कहना है कि अमेरिका वर्तमान में अपने परमाणु हथियारों के परीक्षण के लिए कंप्यूटर सिमुलेशन और अन्य गैर-विस्फोटक तरीकों का उपयोग करता है, इसलिए अमेरिका के पास उन्हें विस्फोट करने का कोई व्यावहारिक औचित्य नहीं है। कार्नेगी एंडोमेंट फ़ॉर इंटरनेशनल पीस के फ़ेलो जेमी वांग का कहना है कि भूमिगत परमाणु परीक्षण में भी कई चुनौतियां हैं, क्योंकि आपको यह सुनिश्चित करना होता है कि ज़मीन के ऊपर कोई विकिरण प्रभाव न हो या भूजल दूषित न हो। रूढ़िवादी 'अमेरिकी थिंक टैंक द हेरिटेज फ़ाउंडेशन' के रिसर्च फ़ेलो रॉबर्ट पीटर्स ने कहा कि हालांकि हथियारों के परीक्षण का कोई वैज्ञानिक या तकनीकी कारण नहीं हो सकता है। लेकिन इसका प्राथमिक कारण विरोधियों को एक राजनीतिक संदेश भेजना है। लंदन स्थित थिंक टैंक 'रोसी' की वरिष्ठ फ़ेलो दरिया डोलज़िकोवा के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप के बयान से कोई बड़ा बदलाव नहीं आएगा। बहरहाल ट्रंप की मंशा पर दुनिया को भरोसा करना कठिन है। परमाणु परीक्षण की शुरूआत कर वो विनाश का नया पिटारा खोल रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि शांति के नोबेल पुरस्कार की चाहत रखने वाला व्यक्ति ऐसा कैसे सोच सकता है?

रट्टामार परीक्षा प्रणाली का रचनात्मक विकल्प

भारतीय शिक्षा व्यवस्था दशकों से एक सवाल से जूझ रही है- क्या हमारी परीक्षाएँ सच में छात्रों की प्रतिभा, समझ और रचनात्मकता का सही आकलन कर पाती हैं, या वे केवल रटने और अंक बटोरने की होड़ तक सीमित रह गई हैं? 'केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड' (सीबीएसई) ने हाल ही में निर्णय लिया है कि 2026-27 से नौवीं कक्षा में 'ओपन बुक एग्ज़ाम' यानी खुली किताब के साथ परीक्षा होगी। इसे शिक्षा सुधार की दिशा में आशाजनक कदम माना जा सकता है, जो पूरी शिक्षा संस्कृति की दिशा बदलने का संकेत भी देता है। शिक्षा का ढाँचा लंबे समय से तीन घंटे की वार्षिक या अर्द्धवार्षिक परीक्षा पर टिका है। बच्चे पूरे वर्ष पढ़ाई करते हैं और फिर वर्षांत में निर्धारित दिन, निर्धारित समय और निर्धारित प्रश्नपत्र के सामने बैठते हैं। तीन घंटे में वे जितना लिख देते हैं, उसी पर उनकी योग्यता, परिश्रम और भविष्य का निर्धारण होता है। यह मॉडल कई दशकों से चला आ रहा है, लेकिन समय-समय पर यह आलोचना का विषय भी रहा है कि क्या वास्तव में तीन घंटे की यह परीक्षा किसी बच्चे की समझ और व्यक्तित्व का समग्र मूल्यांकन कर सकती है।

कुमार सिद्धार्थ

परीक्षा के दिन यदि छात्र बीमार पड़ जाए, मानसिक तनाव में हो या केवल उस दिन का प्रदर्शन खराब हो जाए, तो उसकी पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है। क्या शिक्षा व्यवस्था इतनी असंवेदनशील होनी चाहिए कि वह पूरे वर्ष की सीख को केवल एक दिन की परीक्षा से तौले? यही प्रश्न बार-बार उठते रहे हैं और इसी पृष्ठभूमि में 'ओपन बुक असेसमेंट' का विचार और प्रासंगिक हो जाता है।

'ओपन बुक असेसमेंट' ऐसी परीक्षा प्रणाली है जिसमें छात्रों को किताबें और नोट्स देखने की अनुमति होती है। पहली नज़र में यह छात्रों के लिए आसान लग सकती है, लेकिन वास्तविकता इससे उलट है। इस पद्धति में प्रश्न सीधे किताबों से नकल करने योग्य नहीं होते, बल्कि उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे उपलब्ध सामग्री का उपयोग करते हुए समस्या का समाधान करें, अवधारणाओं को जोड़ें और तर्कपूर्ण उत्तर लिखें। यह प्रणाली छात्रों को याददाश्त पर निर्भर रहने से रोकती है और उन्हें विश्लेषणात्मक सोच की ओर प्रेरित करती है।

'ओपन बुक परीक्षा' का विचार भारत में बिल्कुल नया नहीं है। वर्ष 2014 में सीबीएसई ने इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया था, लेकिन 2017 तक यह प्रयोग समाप्त कर दिया गया। उस समय कहा गया था कि छात्रों में अपेक्षित क्षमताओं का विकास नहीं हो पा रहा है। वास्तव में तब तक न तो शिक्षक और न ही छात्र इस प्रणाली के लिए पूरी तरह तैयार थे।

दिसंबर 2023 में फिर से इस पद्धति का परीक्षण किया गया, जब कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्रों के लिए 'ओपन बुक परीक्षा' आयोजित की गई। नतीजे बताते हैं कि छात्रों के अंक 12 से 47 प्रतिशत के बीच रहे। इसका मतलब साफ था कि अधिकांश बच्चों को किताबों और नोट्स का प्रयोग कर उत्तर लिखने की कला अभी विकसित करनी है। यह परिणाम निराशाजनक होने के बावजूद एक सीख की तरह हैं, जो बताते हैं कि इस दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है, परंतु चरणबद्ध तरीके से और पर्याप्त तैयारी के साथ।



सीबीएसई का निर्णय 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' और 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023' से उभरता दिखता है। इन दोनों दस्तावेज़ों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्यों की पुनरावृत्ति करना नहीं, बल्कि छात्रों में आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और जीवन-कौशल विकसित करना होना चाहिए। यदि छात्र केवल परिभाषाएँ रट लें और परीक्षा में लिख दें, तो उस से न तो समाज को कोई लाभ है और न ही छात्र को।

वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए उन्हें तैयार करने के लिए जरूरी है कि वे समस्याओं को समझें, जानकारी को जोड़ें और समाधान निकालें। 'ओपन बुक असेसमेंट' इसी सोच की ओर ले जाता है। शिक्षाविदों का कहना है कि इस तरह का मूल्यांकन छात्रों को वैज्ञानिक ढंग से ज्ञान अर्जित करने में मदद करेगा और परीक्षा का तनाव कम करेगा। जब बच्चे जानते होंगे कि उन्हें किताब देखने की अनुमति है, तो वे भयभीत नहीं होंगे। इससे उनकी मानसिक सेहत पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। साथ ही, यह पद्धति विद्यार्थियों को वास्तविक दुनिया के अनुभवों के करीब ले जाएगी।

फिर भी चुनौतियाँ कम नहीं हैं। सबसे पहली चुनौती है - शिक्षकों का प्रशिक्षण। यदि शिक्षक पारंपरिक शैली में ही प्रश्नपत्र तैयार करते रहेंगे, तो 'ओपन बुक परीक्षा' का कोई महत्व नहीं बचेगा। प्रश्न ऐसे होने चाहिए जो छात्रों को सोचने और विश्लेषण करने के लिए मजबूर करें। दूसरी चुनौती है - छात्रों की तैयारी। अब तक वे रटने पर निर्भर रहे हैं, लेकिन उन्हें किताब का इस्तेमाल कर जानकारी को जोड़ने और उत्तर गढ़ने का अभ्यास कराना होगा। तीसरी चुनौती - ग्रामीण और संसाधन-विहीन क्षेत्रों की है, जहाँ किताबें और नोट्स भी पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं होते। वहाँ इस पद्धति को लागू करना कठिन हो सकता है।

इन चुनौतियों से निपटने के लिए हमें अंतरराष्ट्रीय अनुभवों से सीख लेनी होगी। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में 'ओपन बुक परीक्षा' लंबे समय से उच्चशिक्षा में लागू है। वहाँ इसका उद्देश्य छात्रों को केवल याद रखने की क्षमता से नहीं, बल्कि तर्क और विवेचन की क्षमता से आँकना है।

'ओपन बुक असेसमेंट' का एक और पहलू है -- यह छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाता है। जब वे जानते हैं कि उनके पास किताब है, तो वे अधिक सहज होकर लिखते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि परीक्षा आसान हो जाएगी, बल्कि इसके लिए और अधिक तैयारी की जरूरत होगी। केवल जानकारी रखना काफी नहीं होगा, उसे लागू करना भी आना चाहिए।

फिर भी यह सवाल बना रहता है कि क्या केवल 'ओपन बुक परीक्षा' ही छात्रों का सही आकलन कर पाएगी? सच्चाई यह है कि मूल्यांकन बहुआयामी होना चाहिए। किसी बच्चे की प्रतिभा केवल कुछ घंटों की परीक्षा या किसी एक पद्धति से नहीं आँकी जा सकती। उसके व्यक्तित्व, उसकी रचनात्मकता, संवाद कौशल, सहानुभूति और नैतिक दृष्टि का भी उतना ही महत्व है। इस दृष्टि से देखा जाए तो प्रोजेक्ट वर्क, मौखिक परीक्षाएँ, समूह गतिविधियाँ और दीर्घकालिक अवलोकन भी आंकलन का हिस्सा बनने चाहिए।

वास्तव में सीबीएसई का यह कदम स्वागतयोग्य है। इसने परीक्षा व्यवस्था की जड़ता को चुनौती दी है और शिक्षा को अधिक प्रासंगिक बनाने का प्रयास किया है। यह पहल छात्रों को अंकों की दौड़ और रटने की संस्कृति से निकालकर समझने और सोचने की संस्कृति की ओर ले जा सकती है। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि हम इसे कितनी गंभीरता और तैयारी से लागू करते हैं। यदि शिक्षक, छात्र और अभिभावक मिलकर इस बदलाव को स्वीकार करें और इसके अनुरूप खुद को ढालें, तो यह प्रयोग शिक्षा जगत में ऐतिहासिक साबित हो सकता है।

(सप्रेस)

अध्यात्म

जब तक हम बहुत ज्यादा सोच-विचार करेंगे, ध्यान नहीं कर पाएंगे

शांत वातावरण में गौतम बुद्ध का एक सत्संग चल रहा था। प्रवचन सुन रहे लोगों के चेहरे पर जिज्ञासा थी। तभी एक युवक आगे आया और बोला- तथागत, जब मैं ध्यान करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है। बुद्ध बोले - फिर से कहो। युवक ने वही बात दोहराई – ध्यान करने बैठो तो मन नहीं लगता है। बुद्ध ने कहा - एक बार और कहो। युवक ने तीसरी बार भी यही बात कही। अब बुद्ध बोले- मन का भोजन विचार हैं। यदि तुम मन को उसका भोजन देना बंद कर दो, तो मन निष्क्रिय हो जाएगा और तभी सच्चा ध्यान घटेगा। बुद्ध ने भी उस व्यक्ति को ये बात तीन बार कही। सत्संग में बैठे सभी लोग ये बातें सुन रहे थे और सभी सोच रहे थे कि बुद्ध ने तीन बार प्रश्न क्यों पूछा और फिर उत्तर भी तीन बार क्यों दिया। ये बात एक व्यक्ति ने बुद्ध से पूछी। बुद्ध बोले - मेरा अनुभव है कि अधिकांश लोग प्रश्न केवल बोलने के लिए पूछते हैं, समझने के लिए नहीं। वे या तो अपनी बुद्धिमत्ता दिखाना चाहते हैं या सिर्फ जिज्ञासा शांत करना चाहते हैं। मैं प्रश्न तीन बार इसलिए सुनता हूं कि ये परख सकूं कि क्या व्यक्ति सचमुच अपने प्रश्न को जी रहा है या सिर्फ ऐसे ही कह रहा है। इसके बाद मैं उत्तर तीन बार इसलिए देता हूं, ताकि मेरी बात उसके मन में गहराई तक उतर जाए। जब कोई बात बार-बार सुनाई देती है, तब वह मन में स्थायी रूप से बस जाती है। बुद्ध ने कहा कि मन का भोजन विचार हैं। हमारा मन निरंतर विचारों से भरा रहता है, ये विचार बुरी भावनाएं, भविष्य, रिश्ते, असफलता, और सफलता से जुड़े होते हैं। ये सब मिलकर हमारे मन को शांत नहीं होने देते हैं। अगर हम हर दिन कुछ समय विचारों का प्रवाह रोक दें, तो मन स्वयं शांत होने लगता है और हम ध्यान कर सकते हैं। जो व्यक्ति अपने विचारों पर नियंत्रण पा लेता है, वही अपने जीवन की दिशा को नियंत्रित कर सकता है। जब बुद्ध युवक से बार-बार प्रश्न दोहरवाते हैं, तो वह युवक अपने ही प्रश्न के साथ जुड़ने लगता है। पहली बार उसने प्रश्न पूछा, दूसरी बार में उसने उसे महसूस किया और तीसरी बार में वह प्रश्न उसके भीतर उतर गया। वह समस्या को ठीक से समझ गया। इसके बाद बुद्ध ने उसे तीन बार उत्तर दिया, जिससे उस व्यक्ति को अपनी समस्या का समाधान भी अच्छी तरह समझ आ गया। समस्या को समझेंगे तो समाधान भी आसानी से मिल जाएगा ।

प्रकृति की चेतावनी और विकास की परीक्षा

विकास की मौजूदा परिभाषा, जो केवल भौतिक ढाँचों और उत्पादन की मात्रा पर केंद्रित है, अब अप्रासंगिक होती जा रही है। हमें ऐसी नीतियाँ चाहिए जो सड़कों और भवनों के साथ-साथ मिट्टी, जल और पेड़ों की सेहत को भी मापदंड बनाएँ। कृषि-आधारित समाज में किसान को केवल सहायता नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा चाहिए। यह सुरक्षा तभी संभव है जब हम धरती की सेहत को अपनी नीति-निर्माण का केंद्र बनाएं। मोनथन तूफान की विभीषिका हमें यही सिखाती है कि यदि हमने प्रकृति को समझने और उसके साथ तालमेल बिठाने की कोशिश नहीं की, तो वह बार-बार हमें चेताती रहेगी–कभी तूफान बनकर, कभी बाढ़ बनकर, और कभी सूखे के रूप में। यह आपदा केवल किसानों या किसी एक राज्य की नहीं, बल्कि पूरे समाज की परीक्षा है।

संध्या राजपुरोहित

अरब सागर में जन्मा मोनथन तूफान जब मध्य भारत की ओर बढ़ा, तो वह अपने साथ केवल हवाओं और वर्षा का उग्र रूप नहीं लाया, बल्कि किसानों की वर्षों की मेहनत, उनकी उम्मीदें और भविष्य की संभावनाएँ भी अपने साथ बहा ले गया। यह केवल एक मौसमी घटना नहीं थी–यह प्रकृति की उस कठोर भाषा में कही गई चेतावनी थी, जो हमें बार-बार यह याद दिलाती है कि विकास की दौड़ में हमने संतुलन की रेखा बहुत पीछे छोड़ दी है।

मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के अनेक जिलों में इस तूफान ने भारी तबाही मचाई। खेतों में पककर तैयार खड़ी कपास, सोयाबीन, मक्का और उड़द जैसी फसलें पानी में डूब गईं। कटाई से ठीक पहले आई लगातार बारिश ने खेतों को दलदल में बदल दिया। मौसम विभाग के अनुसार, यह तूफान अरब सागर में बने गहरे निम्न दबाव क्षेत्र से उत्पन्न हुआ, जिसने मध्य भारत में असामान्य और दीर्घकालिक वर्षा की स्थिति पैदा कर दी। यह अस्थिरता केवल मौसम के व्यवहार में नहीं, बल्कि हमारी विकास नीतियों में छिपी असंतुलन की परिणति है।

इस आपदा का सबसे अधिक असर उन इलाकों पर पड़ा, जो पहले से ही आर्थिक और भौगोलिक रूप से कमजोर हैं–विशेषकर आदिवासी बहुल अंचल। मध्यप्रदेश के झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी और खरगोन जैसे जिलों में किसानों की मेहनत मिट्टी में मिल गई। इन क्षेत्रों की खेती मुख्यतः वर्षा पर निर्भर है; यहाँ न सिंचाई की स्थायी व्यवस्था है, न फसल बीमा की पर्याप्त पहुँच। कटाई से ठीक पहले आई इस विपत्ति ने किसानों को दोहरी मार दी–एक ओर फसल का नुकसान, दूसरी ओर कर्ज़ का बोझ। खेतों में सड़ती फसलें और भीगे कपास के ढेर उनके परिश्रम की मूक शिलालेख बन चुके हैं।

देशभर में मोनथन तूफान से हुए नुकसान के आँकड़े भी गम्भीर चिंता पैदा करते हैं। आंध्रप्रदेश में 1.12 लाख हेक्टेयर से अधिक फसल क्षेत्र प्रभावित हुआ है, जबकि कपास में लगभग 30 प्रतिशत नुकसान दर्ज किया गया। मध्यप्रदेश में सोयाबीन उत्पादन क्षेत्र का लगभग छह प्रतिशत भाग बर्बाद हुआ। इन आँकड़ों के पीछे केवल प्राकृतिक अस्थिरता नहीं, बल्कि हमारी तैयारी और नीतिगत ढिलाई का भी दुष्परिणाम छिपा है। जलवायु परिवर्तन अब किसी दूरस्थ भविष्य की चेतावनी नहीं रहा; यह हमारे वर्तमान का स्थायी यथार्थ बन चुका है। बीते वर्षों में हमने बार-बार इसकी विभीषिका देखी है–कभी असामान्य वर्षा, कभी लंबा सूखा, कभी ओलावृष्टि और अब समुद्री तूफान। वैज्ञानिक बताते हैं कि समुद्रों का बढ़ता तापमान तूफानों की तीव्रता और उनके विस्तार दोनों को बढ़ा रहा है। जो तूफान पहले तटीय क्षेत्रों तक सीमित रहते थे, वे अब भीतरी इलाकों तक पहुँच रहे हैं। यह एक नया परिदृश्य है, जो बताता है कि पर्यावरणीय असंतुलन किस गहराई तक जा पहुँचा है।

मौसम के इन अनिश्चित स्वरूपों का असर केवल कृषि तक सीमित नहीं रहता। आदिवासी अंचलों में, जहाँ किसान खेती के साथ पशुपालन और वन-आधारित आजीविका पर निर्भर रहते हैं, अतिवृष्टि ने चारे की कमी, पशुधन की हानि और वन उत्पादों के नष्ट होने से आय के तीनों स्रोतों को प्रभावित किया है। महिलाएँ, जो घर, खेत और परिवार की आर्थिक रीढ़ हैं, अब रोज़मर्रा की कठिनाइयों और असुरक्षा से जूझ रही हैं। हमारी सरकारी प्रतिक्रियाएँ अब भी प्रायः राहत और मुआवज़े की घोषणा तक सीमित रहती हैं। आपदा के बाद त्वरित राहत की आवश्यकता से इनकार नहीं किया जा सकता, परंतु केवल आर्थिक सहायता से स्थिति सुधर नहीं सकती। जरूरत इस बात की है कि कृषि और ग्रामीण विकास नीतियों को जलवायु-संवेदनशील दृष्टिकोण से पुनर्परिभाषित किया जाए। कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था में अब वह समय आ गया है जब हमें फसल विविधीकरण, जल-संरक्षण और सतत कृषि पद्धतियों को प्राथमिकता देनी होगी। खेत-तलैयों, छोटे बाँधों और जल-निकासी की प्रभावी व्यवस्था का पुनर्निर्माण आवश्यक है। आदिवासी समुदायों की पारंपरिक जल-संग्रह प्रणालियाँ–तालाब, चराई भूमि और सामूहिक खेती की परंपराएँ–आज भी व्यवहारिक समाधान प्रस्तुत करती हैं। इन्हें आधुनिक तकनीक और संस्थागत सहायता के साथ जोड़ा जाना चाहिए।

फसल बीमा योजनाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और सुलभ बनाना भी उतना ही आवश्यक है। वर्तमान व्यवस्था में छोटे किसानों के लिए इन योजनाओं का लाभ लेना जटिल और समय-साध्य प्रक्रिया है। यही कारण है कि अधिकांश किसान बीमा से वंचित रह जाते हैं।

आपदा-प्रबंधन की दृष्टि से भी हमारी तैयारी कमजोर साबित होती रही है। गाँव स्तर पर पूर्व चेतावनी तंत्र और स्थानीय आपदा-प्रबंधन समितियों का गठन तथा प्रशिक्षण आवश्यक है। संकट के समय में स्थानीय समुदाय ही सबसे पहले सक्रिय होता है; अतः उसकी तैयारी सबसे महत्वपूर्ण है। आदिवासी समाज के पास जल-संरक्षण और सामूहिक श्रम की समृद्ध परंपरा है। यदि सरकार इन पारंपरिक प्रणालियों को आधुनिक प्रौद्योगिकी और संसाधनों से जोड़ सके, तो आपदा के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

महिलाओं और युवाओं को इस प्रक्रिया का केंद्र बनाना भी जरूरी है। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का बोझ प्रायः इन्हीं पर पड़ता है, लेकिन योजनाओं में इनकी भागीदारी न्यूनतम रहती है। सामुदायिक प्रशिक्षण, स्थानीय नवाचारों और स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाकर ही स्थायी परिवर्तन लाया जा सकता है।

मोनथन तूफान केवल एक प्राकृतिक घटना नहीं है; यह उस असंतुलित विकास दृष्टि का दर्पण है जिसे हमने 'प्रगति' के नाम पर गले लगा लिया है। जब हम जंगलों को काटकर, नदियों के प्रवाह को रोककर और भूमि की संरचना से छेड़छाड़ करके विकास की इमारतें खड़ी करते हैं, तो प्रकृति किसी न किसी रूप में अपना प्रतिवाद अवश्य दर्ज करती है।

विकास की मौजूदा परिभाषा, जो केवल भौतिक ढाँचों और उत्पादन की मात्रा पर केंद्रित है, अब अप्रासंगिक होती जा रही है। हमें ऐसी नीतियाँ चाहिए जो सड़कों और भवनों के साथ-साथ मिट्टी, जल और पेड़ों की सेहत को भी मापदंड बनाएँ। कृषि-आधारित समाज में किसान को केवल सहायता नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा चाहिए। यह सुरक्षा तभी संभव है जब हम धरती की सेहत को अपनी नीति-निर्माण का केंद्र बनाएं। मोनथन तूफान की विभीषिका हमें यही सिखाती है कि यदि हमने प्रकृति को समझने और उसके साथ तालमेल बिठाने की कोशिश नहीं की, तो वह बार-बार हमें चेतावनी रहेगी–कभी तूफान बनकर, कभी बाढ़ बनकर, और कभी सूखे के रूप में। यह आपदा केवल किसानों या किसी एक राज्य की नहीं, बल्कि पूरे समाज की परीक्षा है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि विकास की सच्ची दिशा वही है जिसमें प्रकृति और मानव के हित साथ-साथ चलें। धरती की मुस्कान ही किसान की मुस्कान है, और किसान की मुस्कान ही समाज की स्थिरता की निशानी। जब तक हम इस सरल सत्य को नहीं समझेंगे, तब तक कोई भी 'मोनथन' हमें चैन से नहीं रहने देगा।

आज का कार्टून

राशिफल

मेष

आपके अनुसार काम नहीं होंगे। विद्यार्थियों को एकाग्रता में कमी महसूस होगी। माता के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है।

वृषभ

कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आय की स्थिति मजबूत रहेगी। परिस्थितियों में धीरे-धीरे सुधार आयेगा।

मिथुन

आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रबन्धन सम्बन्धी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार को आप समय देंगे। स्वास्थ्य समस्याओं में सुधार होगा।

कर्क

विवादित मामले उभरने की आशंका है। उधार दिया हुआ धन फँस सकता है। उच्च शिक्षा के लिये विदेश यात्रा कर सकते हैं। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी।

सिंह

पेट में जलन महसूस हो सकती है। शाम के समय जीवनसाथी के साथ डिनर के लिये जा सकते हैं। शत्रु पक्ष को कमजोर आँकने की गलती न करें।

कन्या

आपकी आय में वृद्धि होगी। नये कार्यों की शुरुआत करने के लिये दिन शुभ है। जॉब में आपको प्रशंसा प्राप्त होगी। साझेदारी में काम करने से लाभ मिलेगा।

तुला

सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना पड़ेगा।

वृश्चिक

सामाजिक कार्य में आपका मन लगेगा। छोटे मोटे तनावों को अपने ऊपर हावी न होने दें। विद्यार्थी आज कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे।

धनु

अपनी क्षमताओं को विकसित करने का प्रयास करें। मित्र आपसे मिलने घर आ सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिये। शेयर मार्केट से लाभ प्राप्त होगा। व्यापार में नया प्रयोग करेंगे।

मकर

आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। अविवाहित लोगों का विवाह तय होगा। आप पिकनिक के लिये जा सकते हैं। सरकारी कार्यों में आपको काफी अच्छा लाभ प्राप्त होगा।

कुंभ

दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। अचल सम्पत्ति की ख़रीदारी कर सकते हैं। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। अति आत्मविश्वास के कारण नुकसान हो सकता है।

मीन

कारोबार में बढ़ोत्तरी होने के योग बन रहे हैं। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। धर्म कार्यों में मन लगेगा।

फतुहा विधानसभा क्षेत्र के संपतचक में शाम तक शांतिपूर्वक मतदान संपन्न

फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के तहत संपतचक प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को मतदान देर शाम तक शांतिपूर्वक संपन्न हुआ. पूरे दिन चली लंबी वोटिंग प्रक्रिया के दौरान ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में

गड़बड़ियों व शिकायतों के बीच महागठबंधन को बढ़त मिलने का दावा

भारी संख्या में मतदाताओं ने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया. अनुमान के अनुसार मतदान प्रतिशत 60 से अधिक रहा, जबकि कई बूथों पर शाम तक लंबी कतारें दिखीं. स्थानीय स्तर पर चुनावी उत्साह और प्रतिस्पर्धा दोनों हावी रहीं, जहाँ महागठबंधन समर्थक राजद प्रत्याशी प्रोफेसर डॉ. रामानंद यादव के पक्ष में एकजुटता का दावा किया जा रहा है.संपतचक क्षेत्र में अर्धसैनिक बल और स्थानीय पुलिस के जवानों ने संयुक्त रूप से निगरानी की. संवेदनशील बूथों पर चौकसी बढ़ाई गई. कहीं भी बड़े विवाद, हिंसा या झड़प की पुष्टि नहीं हुई.

सभी जाति वर्गों का वोट महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में जाने का दावा

संपतचक क्षेत्र के विभिन्न इलाकों- सोनागोपालपुर, नया भवन, फजीलाबाद, रहीमपुर, परसा, बेलदारीचक सहित अन्य पंचायतों में सुबह से ही मतदाताओं का झुकाव राजद प्रत्याशी डॉ. यादव की ओर दिखा. अलग-अलग जाति, समुदाय और सामाजिक समूहों के मतदाता बूथों तक पहुँचे और पुराने भरोसे के आधार पर मतदान का मन बनाया. स्थानीय लोगों ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी ने क्षेत्र में समुचित जनसंपर्क नहीं किया, जबकि डॉ. यादव लंबे समय से सक्रिय रहे और जनता के छोटे-बड़े मुद्दों में उपस्थित दिखाई दिए. इसलिए ग्रामीणों में भाव था कि पुराने नेता को ही फिर मौका दिया जाए.

नाम कटने की शिकायतें- पूरी तरह नाराज मतदाता बूथ से लौटे

सोनागोपालपुर के मध्य विद्यालय नया भवन मतदान केंद्र पर नागेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी बेटी जूली कुमारी और पोती आरुषि कुमारी का नाम इस बार वोटर लिस्ट से हटा दिया गया, जबकि वे पूर्व चुनाव में मतदान कर चुकी हैं. परसा बाजार के सरकारी बूथ पर रहीमपुर से पहुँचीं महिलाओं ने भी यही आरोप लगाया कि "हमारा नाम जानबूझकर काटा गया है. पहले हमने वोट दिया है, आज हमें वंचित कर दिया गया." कई मतदाताओं ने स्थानीय बीएलओ और चुनावी प्रबंधन पर पक्षपात और लापरवाही का आरोप लगाया.

तकनीकी गड़बड़ी- फजीलाबाद बूथ पर उल्टी ईवीएम रखकर मतदान

कुछ मतदान केंद्रों पर ईवीएम व अन्य प्रक्रियाओं में गड़बड़ी की शिकायतें आई, परन्तु अधिकतर मामलों में अधिकारियों ने जल्द कार्रवाई कर समस्या का निवारण किया. बावजूद इसके, मध्य विद्यालय फजीलाबाद के एक बूथ पर शुरूआती घंटों में ईवीएम मशीन उल्टी रखकर मतदान कराया गया, शिकायत के बाद मशीन को सही करवाया गया, पर तब तक कई मतदाता बिना मतदान किये वापस लौट गए. इस तरह की शिकायतों ने मतदान के सुचारू संचालन पर प्रश्न खड़े किए..

पहली बार मतदान करने वालों में उत्साह, युवाओं ने जताई उम्मीद

संपतचक क्षेत्र में बड़ी संख्या में युवा मतदाता मतदान केंद्रों पर पहली बार पहुँचे. कस्तूरबा गांधी विद्यालय मतदान केंद्र पर वोट देने पहुँची पहली बार मतदाता वंदना कुमारी ने कहा कि हम ऐसे प्रतिनिधि को चुनना चाहते हैं जो पढ़ाई, रोजगार और स्वास्थ्य जैसी सामान्य जरूरतों को प्राथमिकता दे. अगर हम वोट नहीं देंगे तो बदलाव कैसे आएगा. संपतचक विधानसभा सीट पर गुरुवार का मतदान पूरी तरह राजनीतिक समीकरणों, पुराने संबंधों और स्थानीय मुद्दों के आधार पर हुआ. जहाँ महागठबंधन समर्थक राजद प्रत्याशी डॉ. यादव की ओर झुकाव दिखा, वहीं एनडीए खेमे की ओर से यह तर्क दिया जा रहा है कि चुपचाप मतदान करने वाला वर्ग हमारा है.

फुलवारी शरीफ हाई स्कूल मतदान केंद्र पर सेल्फी लेते मतदाता

दानापुर में गर्भवती महिला का नाव पर हुआ प्रसव

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। विधानसभा चुनाव के दिन गुरूवार को गर्भवती महिला का नाव पर प्रसव की घटना सामने आई. दियारा के हेतनपुर निवासी वीणा देवी गर्भवती थी. चुनाव के दिन गुरूवार को वीणा देवी को प्रसव को लेकर नाव से जब नासरीगंज घाट लाने के दौरान नाव पर डिलवरी हो गया. सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज पहुंचे और 102 एबुलेंस को सूचना देकर बुलाया और वीणा देवी को अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया . उनके साथ रिश्तेदार शैलेश कुमार ने बताया कि तीसरा बच्चा है . अचानक गुरूवार को सुबह में दर्द होने पर प्रसव के लिए नाव से नासरीगंज घाट से अनुमंडलीय अस्पताल ले जा रहे थे कि नाव पर दर्द होने पर प्रसव हो गया. जच्चा व बच्चा ठीक है.

स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा 148 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम आयोजित

वाल्मीकिनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित संगम तट के बेलवा घाट परिसर में अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा 148 वीं नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर देर शाम आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी ,मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद, निमार्ता एचेल थारू, फाइटर जयदेव कुमार ,डॉ. नंद महतो, स्वास्थ्यकर्मी कुमारी संगीता, निमार्ता अरविंद अकेला , सत्येंद्र सिंह, सुमन देवी, थरुहट के केदार महतो, अहिल्या कुमारी, मीरा देवी ,दुर्गेश महतो, एवं मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। थरुहट के निमार्ता एचेल थारू ने अपने संबोधन में कहा कि यहां ताम्रभद्र ,सोनभद्र और नारायणी तीन नदियों का संगम है। कार्तिक पूर्णिमा का अपना विशेष महत्व है। फाइटर जयदेव कुमार ने कहा कि निरंतर प्रयास करने से मुश्किल कार्य भी आसान हो जाता है। केदार महतो ने कहा कि यह महा आरती इस पर्यटन स्थल की पहचान है। समाजसेवी संगीत आनंद ने कहा कि संस्था के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों द्वारा बिहार को गौरवान्वित करने की कोशिश की जाती है। केदार महतो एवं दुर्गेश महतो ने पर्यावरण संरक्षण संवर्धन विषय पर जोर दिया। संस्था के एम.डी संगीत आनंद ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन संगम तट पर स्नान दान की विशेष महिमा है। अंजू देवी ने कहा कि इसी तट पर इस महा आरती की शुरूआत 6 नवंबर 2014 को हुई थी। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद ने कहा कि इस नारायणी गंडकी महा आरती के आज 11 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस खुशी में अतिथिगण को अंग वस्त्रम द्वारा सम्मानित किया गया है। कुमार फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश कुमार के सौजन्य से स्वरांजलि सेवा संस्थान के बैनर तले जरूरतमंद लोगों के बीच पौष्टिक आहार न्यूट्री मिक्स फूड पैकेट का निःशुल्क वितरण किया गया। पौष्टिक आहार का पैकेट पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर संस्था द्वारा विशेष दरिद्र नारायण भोज का आयोजन भी किया गया। जिससे दर्जनों लावारिस दिव्यांग, विक्षिप्त और मानसिक बीमार लाभान्वित हुए। महाप्रसाद की व्यवस्था स्वास्थ्य कर्मी कुमारी संगीता एवं महिला समाजसेवी स्वरांजलि सरगम द्वारा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। सभी भक्तों ने पौधारोपण का संकल्प लिया।इस अवसर पर हिरिमती देवी, गायक करण भोजपुरिया ,मधु देवी , रितिका कुमारी ,संध्या कुमारी, गायक राजा कुमार, मनीषा, रागिनी, आकृति, एवं धनु की भूमिका सराहनीय रही। रुद्र साबुन एवं शहद उद्योग के सत्येंद्र सिंह, सुमन देवी ,समाजसेवी मुकेश कुमार को संगीत आनंद एवं निमार्ता एचेल थारू द्वारा सम्मानित किया गया। संचालन फाइटर जयदेव कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन केदार महतो एवं दुर्गेश महतो ने किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के पूर्व संरक्षक स्मृति शेष शिक्षाविद राधेश्याम पांडे एवं लोक गायक, संगीत निर्देशक, तथा कवि स्मृति शेष कामेश्वर सिंह उर्फ जनशक्ति जी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

संक्षिप्त समाचार

वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, पटना के चेयरमैन ने किया मतदान

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, पटना के चेयरमैन डॉ. डी. के. सिंह ने आज लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किया। उन्होंने मतदान केंद्र पर पहुंचकर पूरी शालीनता और अनुशासन के साथ अपना मत दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। हर नागरिक को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए ताकि एक सशक्त और जिम्मेदार सरकार का गठन हो सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने अमूल्य मत का प्रयोग अवश्य करें और देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने भी अपने चेयरमैन के इस कदम को प्रेरणादायी बताया और अधिक से अधिक मतदान करने का संकल्प लिया।

लोकतंत्र में पहली बार युवतियों ने वोट दिया

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। दानापुर विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले युवतियों में काफी उत्साह देखा गया. लाल कोठी मध्य विद्यालय बूथ संख्या 144 समेत अन्य बूथ में जैसे ही कोई युवती पहली बार मत देकर आते. खुशी से बस यही कहती बहुत उत्साहित हूं. लाल कोठी मतदान केंद्र पर पहली बार वोट देने के लिए साक्षी सोनी व पायल सिंह ने बूथ पर वोट देने के लिए कतार में लगी थी. मतदाता अपनी पसंद का उम्मीदवार चुनने के लिए उत्सुक नजर आए. खास युवाओं में मतदान के प्रति काफी जोश देखा गया ,वे सुबह से ही मतदान करने में आगे रहे. साक्षी ने कहा कि विकास के नाम पर पहली बार मतदान करके मेरी यह इच्छा पूरी हो गई है. इसलिए मैं इतनी प्रसन्न कि बता नहीं सकती. पायल ने कहा कि पहले जब वे लोगों को मतदान करते देखते थे तो उनका दिल चाहता था कि वे भी मतदान करें और उनकी अंगुली पर भी स्याही का निशान लगे. आज उनकी इच्छा पूरी होने पर प्रसन्न हैं.

व्हील चेयर पर बुजुर्ग मतदान करने पहुंचे

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। दानापुर विधानसभा क्षेत्र में नरगदा निवासी 75 वर्षीय विपिन बिहारी सिंह पैर टूटे रहने के बाद उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया. वे खुद से चल भी नही सकते . पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए व्हीलचेयर के सहारे समाजसेवी नरेंद्र कुमार ने बूथ तक पहुंचकर लोकतंत्र के पर्व में शामिल होकर वोट डाला श्री सिंह सरकार द्वारा मतदाताओं को दिये जा रहे सुविधा को सराहनीय बताया . श्री सिंह अपने मत का दान कर काफी हर्षोल्लासित थे.

डॉ. कौशल कुमार गिरी एवं ममता गोस्वामी ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

पटना/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अम्बेडकर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, पटना तथा ममता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, सिवान के चेयरमैन डॉ. कौशल कुमार गिरी एवं उनकी पत्नी ममता गोस्वामी ने आज लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। डॉ. गिरी ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है। हर नागरिक को चाहिए कि वह अपने मत का उपयोग करके देश और राज्य की प्रगति में भागीदार बने। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षित समाज तभी बन सकता है जब नागरिक अपने अधिकारों के प्रति सजग हों और जिम्मेदारी से मतदान करें। वहीं ममता गोस्वामी ने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि हमारा कर्तव्य भी है। हर महिला और युवा को आगे आकर वोट डालना चाहिए ताकि मजबूत और जागरूक समाज का निर्माण हो सके। अम्बेडकर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, पटना और ममता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, सिवान के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने भी अपने चेयरमैन और मैनेजमेंट के इस संदेश को आत्मसात करते हुए अधिक से अधिक मतदान करने का संकल्प लिया।

रोमांच के बीच शिकायतें और उत्साह के बीच मतदान संपन्न

फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार विधान सभा चुनाव 2025 के पहले चरण के मतदान के दौरान फुलवारी शरीफ विधानसभा क्षेत्र में देर शाम तक पहले से भी अधिक भीड़ और चौतरफा गतिविधियाँ देखी गईं, जहां नोहसा की चारों मतदान से निहित बूथों पर सैकड़ों की संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और घंटों कतारों में खड़े होकर मतदान किया.कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद कुछ केंद्रों पर शिकायतें उठने से प्रशासन को सक्रिय होकर हस्तक्षेप करना पड़ा. कई इलाकों में लोगों ने अपने नाम मतदाता सूची में नहीं होने का आरोप लगाया. दूसरी ओर मतदाताओं ने कहा कि बीएलओ व निर्वाचन अधिकारियों को काट-छाँट करने के बजाय पारदर्शी प्रक्रिया अपनानी चाहिए. नोहसा के चार मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ सबसे अधिक देखी गई, जहाँ सुबह से ही पति-पत्नी, बुजुर्ग और युवा कतारों में खड़े रहे और घंटों प्रतीक्षा के बाद अपना मताधिकार निभाया. मतदाताओं ने कहा कि वे इस बार अपने समुदाय के मुद्दों और विकास के एजेंडे पर अपनी राय दर्ज करा रहे हैं. कई महिलाओं और बुजुर्गों ने बताया कि उन्हें मतदान केंद्र तक पहुँचने में सहयोग मिला, जबकि कतारबद्ध होने के बावजूद माहौल उत्साहपूर्ण रहा. यहां लोगों ने स्लो वोटिंग की शिकायत भी की लोगों ने कहा मतदान काफी धीमी गति से कराया जा रहा है. इसके अलावा प्रखंड मुख्यालय में स्थित मतदान केंद्र संख्या 108 110 112 पर भी मतदाताओं ने धीमी गति से मतदान होकर होने की शिकायत की.

महिलाओं के उत्साह ने तोड़ दिया मतदान का रिकॉर्ड

पिछले बार की तुलना में इस बार 10 प्रतिशत अधिक हुआ मतदान, फुलवारी शरीफ विधानसभा में 62.14 प्रतिशत मतदान

फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महिला सशक्तिकरण का असर इस बार फुलवारी शरीफ विधानसभा में स्पष्ट रूप से देखने को मिला. महिलाओं के उत्साह ने पिछले चुनावों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए मतदान प्रतिशत को 10 प्रतिशत तक बढ़ा दिया. इस बार यहां कुल 62.14 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही. सुबह से लेकर शाम तक हर बूथ पर महिला मतदाताओं की लंबी कतारें दिखीं. अल्पसंख्यक, दलित और पिछड़े वर्ग की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर मतदान किया. फुलवारी शरीफ विधानसभा के शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में महिला मतदाताओं की सक्रियता साफ नजर आई. कई बूथों पर सुबह से ही महिलाएं कतारबद्ध होकर मतदान करती दिखीं. कुछ घरों में तो महिलाओं ने पुरुषों को देर तक सोने दिया और खुद पहले मतदान करके लौटीं. महिला मतदाता ममता कुमारी ने बताया कि उनके पति वकील हैं और आज कोर्ट बंद था. सुबह उन्होंने पति को सोने दिया और बाहर से ताला लगाकर मतदान के लिए निकल गईं. आधे घंटे में मतदान कर घर लौटीं तो बच्चे और पति दोनों सो रहे थे. नाश्ता तैयार करने के बाद उनके पति मतदान करने गए. इसी तरह पीपी इमरान गनी की पत्नी भी सुबह-सुबह बच्चों की जिम्मेदारी पति को सौंपकर पड़ोस की महिलाओं के साथ मतदान करने गईं. मतदान के बाद वे घर लौटीं, पति को नाश्ता कराया और फिर उन्हें मतदान के लिए भेजा. शहरी क्षेत्रों में जहां महिलाएं सुबह ही मतदान केंद्रों पर पहुंच गईं, वहीं ग्रामीण इलाकों की महिलाएं अधिकतर दस बजे के बाद मतदान केंद्रों पर दिखीं और देर दोपहर तक मतदान जारी रखा. फुलवारी शरीफ विधानसभा के सभी बूथों पर शाम तक महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखी गई. दस बजे के बाद शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की संख्या और अधिक निकलती दिखाई दी.

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में विदेशी मेहमानों ने देखा पारदर्शी मतदान- भारत की चुनावी प्रणाली से हुए अभिभूत

गणतंत्र की जननी बिहार में लोकतंत्र का जीवंत उत्सव – मुजफ्फरपुर मॉडल से फिलिपींस प्रतिनिधिमंडल हुआ प्रभावित

●

भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली और महावीर की जन्मभूमि पर लोकतंत्र का आदर्श उदाहरण – विदेशी मेहमानों ने की मुजफ्फरपुर की सराहना

मुजफ्फरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भारत के लोकतंत्र की सशक्त झलक आज बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान मुजफ्फरपुर में तब देखने को मिली जब फिलिपींस से आए विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने जिले में संचालित मतदान प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल में फिलिपींस एंबैसी की श्रीमती मेलिसा एन्नी टेलन और श्री रोगेलियो बी. सिल्वा शामिल रहे, जिन्होंने मुजफ्फरपुर जिले में निर्वाचन आयोग द्वारा की गई व्यवस्थाओं, तकनीकी पारदर्शिता और मतदाता सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन ने अतिथियों के स्वागत की विशेष व्यवस्था की और भ्रमण कार्यक्रम का संचालन किया। विदेशी मेहमानों के स्वागत में नगर निगम मुजफ्फरपुर के नगर आयुक्त स्वयं उपस्थित रहे तथा उन्होंने उन्हें मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों और ICCC भवन का दौरा कराया।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया का जीवंत अनुभव

प्रतिनिधिमंडल ने अपने भ्रमण की शुरूआत रेलवे प्रशिक्षण केंद्र, कंपनी बाग से की, जहां उन्होंने मतदान प्रक्रिया के संचालन, मतदाताओं की पहचान, वीवीपैट के प्रयोग और वेबकास्टिंग की लाइव निगरानी की व्यवस्था को देखा। इसके बाद उन्होंने आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय, सरैयागंज बैंक रोड स्थित मतदान केंद्र का दौरा किया। यहां मतदान केंद्र को स्वीप एक्टिविटी के तहत अत्यंत आकर्षक रूप में सजाया गया था। मुजफ्फरपुर जिला जो अपनी विश्व प्रसिद्ध लीची के लिए पहचाना जाता है, उसी थीम पर केंद्र को लीची के

से प्रभावित हुए मेहमान

गुच्छों और लोक कलात्मक साज-सज्जा से सजाया गया था। मतदाता जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तोरण द्वार, फ्लेक्स बैनर, स्टैंडी और सेल्फी प्वाइंट बनाए गए थे। विदेशी मेहमानों ने इस रचनात्मक पहल की सराहना की और कहा कि भारत में मतदान केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक लोक उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

पारदर्शिता और तकनीकी सशक्तता

नगर आयुक्त, मुजफ्फरपुर नगर निगम द्वारा विदेशी प्रतिनिधियों को मुजफ्फरपुर जिले की निर्वाचन व्यवस्था का विस्तृतजानकारी दी गई । उन्हें जिले में कुल मतदान केंद्रों की संख्या, पंजीकृत मतदाताओं की संख्या, मतदाता स्लिप वितरण की स्थिति, और सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी की पारदर्शी व्यवस्था आदि से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया में निवार्ची पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, बीएलओ, माइक्रो ऑब्जर्वर और अन्य कर्मियों की भूमिका से भी अवगत कराया गया। यह बताया गया कि मतदान प्रक्रिया के दौरान कंट्रोल रूम, हेल्पलाइन और समन्वय तंत्र कैसे एकीकृत रूप से कार्य करते हैं, ताकि किसी भी शिकायत या तकनीकी समस्या का त्वरित समाधान संभव हो सके।

कऊउ भवन का भ्रमण – मॉनिटरिंग की अत्याधुनिक व्यवस्था

प्रतिनिधिमंडल ने इसके उपरांत कऊउ भवन का भी निरीक्षण किया, जो मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदान प्रक्रिया की मॉनिटरिंग का मुख्य केंद्र है। यहाँ उन्हें दिखाया गया कि किस प्रकार से मतदान केंद्रों की रियल-टाइम निगरानी की जा रही है। लाइव फीड, डेटा एनालिसिस और शिकायत निवारण प्रणाली को देखकर वे विशेष रूप से प्रभावित हुए। उन्हें बताया गया कि इस भवन से मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है। किसी भी मतदान केंद्र से प्राप्त शिकायत, तकनीकी समस्या या आपात सूचना पर तुरंत आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गर्व व्यक्त किया

अपने भ्रमण के पश्चात फिलिपींस प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के साथ-साथ सबसे पारदर्शी और व्यवस्थित चुनाव प्रणाली वाला देश है। उन्होंने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक परंपरा केवल संविधान तक सीमित नहीं, बल्कि यहां के नागरिकों के मन में बसती है। श्रीमती मेलिसा एन्नी टेलन ने कहा कि भारत की चुनावी प्रणाली अद्भुत है। यहाँ मतदान प्रक्रिया में नागरिक सहभागिता और प्रशासनिक तत्परता दोनों ही अनुकरणीय हैं।

श्री रोगेलियो बी. सिल्वा ने कहा कि बिहार की पावन भूमि गणतंत्र की जननी , भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली और भगवान महावीर की जन्मभूमि है। ऐसे प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान का आयोजन देखकर हम गर्व का अनुभव कर रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

पचास बोतल शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती क्षेत्रों में शराब माफियाओं के खिलाफ स्थानीय थाना प्रभारी ने खोज खबर लेना शुरू कर दिए हैं, उन्होंने अपने पुलिस बल के सहयोग से श्याम पुर गांव में छापे मारी कर पचास बोतल कस्तूरी बरामद की , पकड़े गए आरोपी सर्व देवपासवान के रूप में पहचान की गई है, जिन्हें आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दी गई।

आधा दर्जन उर्वरक और बीज दुकानों की औचक जांच

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शहर के आधा दर्जन से अधिक उर्वरक, बीज व कीटनाशक दवा बिक्री करने वाले दुकानों की औचक जांच गुरुवार जिला कृषि पदाधिकारी सरफराज असगर ने की है। इस दौरान अधिकारी ने शहर के आर्य समाज रोड, मुखिया जी चौक समीप दुकानों में कीटनाशी दवा और बीज की खरीद बिक्री तथा उसकी गुणवक्ता समेत अन्य आवश्यक पंजीयों की जांच की। डीएओ सरफराज असगर ने बताया कि शिकायत मिली थी उर्वरक और कीटनाशी दवाओं को अधिक मूल्य पर बेचा जा रहा है। शिकायत के आलोक में नरकटियागंज के आधा दर्जन दुकानों की औचक जांच की गई। जांच के दौरान दुकानों से कई तरह का सैंपल लिया गया है। लिए गए सैंपल की जांच करायी जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित दुकानों पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वही डीएओ के जांच से शहर में संचालित अवैध उर्वरक व बीज दुकान के संचालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

रैली निकाल कर मतदान के लिए लोगो को किया जागरूक

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड अंतर्गत धुमनगर पंचायत के मटियारिया गाव में गुरुवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान लोगो को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेकर मतदान के लिए जागरूक किया गया। पर्यवेक्षिका दिल्जू कुमारी, नूतन रश्मि के नेतृत्व में सेविका सहायिकाओं ने रंगोली बनाकर लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए वोट के लिए जागरूक किया। सीडीपीओ कुमारी श्वेता ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत लगातार मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। ताकि 11 नवंबर को अधिक से अधिक लोग लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए वोट करें। कार्यक्रम में सेविका रिंकू कुमारी, रेणु देवी, मीना देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी, निर्मला देवी, लक्की कुमारी आदि शामिल रही।

आग लगने से एक घर जला, एक मवेशी भी झुलसा

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अंचल क्षेत्र अंतर्गत मनवा परसी पंचायत के वार्ड संख्या दो मेडरौल गांव में बुधवार की देर रात्रि आग लगने से एक फुसनुमा घर जल गया। आगलगी की इस घटना में घर मे रखे कपड़ा, वर्तन, अनाज के साथ एक बाइक भी जल गया। वही इस घटना में एक मवेशी (गाय) भी झुलस गई है। हालांकि आग कैसे लगी इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पीड़ित शेख हसमुद्दीन ने बताया गया कि रात में सभी लोग खाना खाकर सोए थे। तभी रात्रि करीब एक बजे अचानक आग लग गई। आग की लपटों को देख आसपास में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते तब तक घर मे रखा एक बाइक, अनाज, कपड़ा, बिछावन, वर्तन समेत सबकुछ जलकर राख हो गया। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मो. आलमगीर ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़ित को काफी क्षति हुई है। घटना की सूचना अंचल प्रशासन और संबंधित थाना को दी गई है। इधर अंचलाधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि घटना को लेकर संबंधित राजस्व कर्मचारी से जांच कराई जा रही है। जांचोपरांत पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता मुहैया कराई जाएगी।

वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक ने किया मतदान केंद्रों का स्थल निरीक्षण

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के मद्देनजर 01-वाल्मीकिनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा गुरुवार को ठकराहां प्रखंड अंतर्गत पंचायत श्रीनगर के विभिन्न मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।श्री सिन्हा ने मतदान केंद्र संख्या 396, 397, 398, 399, 401, 402 एवं 428 का निरीक्षण करते हुए मतदान प्रक्रिया से जुड़ी सभी तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने आवश्यक मूलभूत सुविधाओं, मतदाता सूचना पर्ची के वितरण की स्थिति, मतदान केंद्रों तक पहुँचने हेतु नाव एवं वाहन व्यवस्था, वेबकास्टिंग की तैयारी, विधि-व्यवस्था की स्थिति आदि की गहन जांच की।उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी केंद्रों पर मतदान दिवस से पूर्व आवश्यक सभी सुविधाएँ सुनिश्चित कर दी जाएँ, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, बीएलओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

एकमा में मतदाताओं में दिखा उत्साह, लगभग 59 प्रतिशत हुई वोटिंग

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के तहत गुरुवार को 113-एकमा विधानसभा क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में मतदान को लेकर उत्साह देखने को मिला। सुबह सात बजे से ही मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। शुरूआती घंटों में मतदाता कम संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचे, लेकिन जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया, मतदाताओं की भीड़ बढ़ती गई और कई बूथों पर लंबी कतारें लग गईं। दोपहर में कुछ समय सन्नाटा रहा, वहीं शाम के समय एक बार फिर मतदान केंद्रों पर भीड़ उमड़ी। शाम छह बजे तक लगभग 59 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। एकमा विधानसभा क्षेत्र में कुल 356 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिनमें एक पिंक बूथ, एक मॉडल बूथ, एक पीडब्ल्यूडी बूथ और 15 मिक्स बूथ शामिल थे। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की पैनी नजर रही। ऑब्जर्वर सह डीसीसी यतेंद्र कुमार पाल, एकमा थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह, रसूलपुर थानाध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, बीडीओ डॉ. अरुण कुमार, सीओ अमलेश कुमार, एसडीपीओ राजकुमार सहित कई अधिकारियों ने लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लिया। सभी केंद्रों पर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती रही। पूर्व विधायक एवं एनडीए प्रत्याशी मनोरंजन सिंह धूमल ने भजौना विद्यालय स्थित केंद्र पर मतदान करने के बाद क्षेत्र के कई बूथों का दौरा किया। वहीं जनसुराज पार्टी के प्रत्याशी देव कुमार सिंह ने क्षेत्र भ्रमण के बाद उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिशनपुरा खुर्द (बूथ संख्या 205) पर मतदान करते हुए कहा कि उन्होंने 'बिहार में बदलाव' के लिए वोट दिया है। महागठबंधन के राजद प्रत्याशी एवं वर्तमान विधायक श्रीकांत यादव ने प्राथमिक विद्यालय राजापुर स्थित केंद्र पर मतदान किया। भोजपुरी फिल्म जगत के चर्चित गायक व अभिनेता शत्रुघन यादव उर्फ खेसारी लाल यादव ने भी अपने एकमा विधानसभा क्षेत्र के रसूलपुर बुनियादी विद्यालय मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

कांग्रेस करती है भारत की आस्था का अपमान : योगी आदित्यनाथ

बेतिया/बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर भारत की आस्था का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने न्यायालय में राम को काल्पनिक बताने वाला शपथ पत्र दाखिल किया था, जिससे भगवान राम और माता सीता का अपमान हुआ। आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी ने अयोध्या में राम भक्तों पर गोली चलवाकर अयोध्या को रक्तरंजित किया, जबकि भाजपा ने राम मंदिर निर्माण का वादा पूरा किया। योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के साथ-साथ सीतामढ़ी में माता सीता के भव्य मंदिर निर्माण की नींव रखी जा चुकी है। योगी आदित्यनाथ ने बिहार के विधानसभा चुनावों के पहले चरण में एनडीए की बड़ी जीत का दावा किया और कहा कि बिहार के युवाओं ने जब भी संघर्ष किया है, तब इतिहास रचा है। उन्होंने यह भी कहा कि 20 साल पहले बिहार में राजद के जंगलराज का अंत हुआ था और एनडीए सरकार बनने के बाद राज्य में विकास की गति बढ़ी। योगी ने कांग्रेस और राजद पर बिहार के युवाओं के सपनों को धूलधूसरित करने का आरोप लगाया और कहा कि इन दलों ने बिहार को जंगलराज में बदलकर युवाओं के लिए पहचान का संकट खड़ा किया था।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में हुए विकास कार्यों

- कांग्रेस-राजद ने बिहार के युवाओं के सपनों को किया धूलधूसरित
- प्रथम चरण में एनडीए को प्रचंड बहुमत के संकेत

का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में भाजपा सरकार ने वह कार्य किए हैं, जो कांग्रेस 65-70 वर्षों में नहीं कर पाई। सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है और मेट्रो सेवा भी शुरू हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों को मुफ्त राशन, स्वास्थ्य सुविधाएं, बैंक खाता, गैस सिलेंडर, शौचालय, आवास, और बिजली कनेक्शन प्रदान किए हैं।योगी ने बिहार में माफिया और जंगलराज का हवाला देते हुए कहा कि 1990 से 2005 तक बिहार में साठ से अधिक नरसंहार हुए और 30 हजार से ज्यादा लोग अपहृत हुए। राजद के शासनकाल में सुरक्षा की स्थिति गंभीर थी। यूपी में माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यूपी में माफिया राज को खत्म किया गया है और अब वहां के युवा सुरक्षित हैं। योगी ने अंत में कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार में ऐतिहासिक विकास किया है और 14 नवंबर को एनडीए की सरकार की धारा बुलंद होगी। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी रेणु देवी के पक्ष में मतदान की अपील की। इस कार्यक्रम का संचालन जदयू जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में सांसद डॉ. संजय जयसवाल और एनडीए के अन्य नेताओं ने भी संबोधन किया। बगहा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र और बिहार में डबल इंजन की सरकार लगातार विकाश कर रहा है। कहा कि पहले अपहरण होता था,पशु का चारा खाया जाता था।सभी लोग अपने को असुरक्षित समझते थे।लेकिन आज सड़क ,बिजली, शिक्षा,स्वस्थ की व्यवस्था ठीक हुई है। सभी में केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे,यूपी सरकार के मंत्री सूर्य शाही, सांसद सुनील कुमार समेत बगहा के भाजपा प्रत्याशी राम सिंह,रामनगर के भाजपा प्रत्याशी नंदकिशोर राम समेत एनडीए गठबंधन के सभी पदाधिकारी एवं हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

गरीब के बच्चों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा : अमित शाह

रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रामनगर विधानसभा क्षेत्र के खैरवा टोला गाँव के खेल मैदान में गुरूवार को चुनावी जन सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी तो यहं रोजगार के अवसर बढेगी। बिहार के विकास के लिए एनडीए को जितना। श्री शाह ने कहा कि कट्टा बनाने वाली सरकार चाहिए या कट्टा लहराने वाली सरकार चाहिए। मोदी जी के द्वारा केन्द्र सरकार व नीतीश जी बिहार को विकसित राज्य बना रहे हैं। अब आतंकवाद से डरने की जरूरत नही है। अयोध्या में राम मन्दिर बना है अब सीतामढ़ी में मां जानकी मंदिर साढ़े आठ सौ करोड़ से बनने जा रहा है। साथ ही कहा कि गरीब के बच्चों को के जी से लेकर पीजी तक मुफ्त शिक्षा दिया जायेगा।बेतिया में इंजिनियरिंग कालेज की स्थापना की गई है। रामनगर में मेडिकल कॉलेज खोलने के बात कही किसानों के खाते में अब आठ हजार से नौ हजार रुपये किया जायेगा। बन्द पडी सभी चीनी मिलों को सरकार बनने के बाद चालू किया जायेगा। राहुल सोनिया पर भी कटाक्ष गृह मंत्री ने किया। बिहार में आपलोग फिर से हत्या , अपहरण, लूट ,डकैती चालू करवाना चाहते हैं क्या।ग्यारह तारीख को को पश्चिम चंपारण से सभी नौ सीटों पर एनडीए को जिताने की अपील उपस्थित लोगों से की।भाजपा के चुनावी विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए यूपी के मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि आपके बिहार में भारी बहुमत से सरकार बनने जा रहा है। सभा को नैनीताल के सांसद अजय भट्ट व निरंजन पंजी यार , राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने कहा कि बिहार में एन डी ए की सरकार बनेगी तो आप लोग अमन चौन से रहे गें, वाल्मीकि नगर लोकसभा के सांसद सुनील कुमार ने भी एनडीए को वोट देकर राज्य में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनने की बात कही ।भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन्त्य कुमार लल्ला जी, सभा शैलेन्द्र गढ़वाल समेत कई भाजपा केई नेता ओ ने सभा को संबोधित किया, सभा की अध्यक्षता विधायक भागिरथी देवी ने की साथ ही उपस्थित जन समुह से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

भाजपा प्रत्याशी प्रमोद सिन्हा के पक्ष में चुनाव प्रचार करने रक्सौल पहुंचे 'निरहुआ'

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। दूसरे चरण में होने वाले रक्सौल विधान सभा के चुनाव प्रचार के लिए भोजपुरी सुपर स्टार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ आज भाजपा प्रत्याशी प्रमोद सिन्हा के पक्ष में प्रचार करने रक्सौल पहुंचे। रक्सौल के जटीयाहिं गाँव के एक निजी स्कूल में बने सभा मंच उन्होंने भारी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग जो पिछले चुनाव में चालीस हजार से प्रमोद सिन्हा को जीता कर भेजे थे, उस रिकॉर्ड को भी इस बार तोड़ देना है। उन्होंने मंच से ही भारी भीड़ की ओर मुखातिब हो कर कहा कि मुझे आज भी यह बात याद है कि मैंने अपनी पहली फिल्म' निरहुआ रिक्शा' की शूटिंग यही इसी रक्सौल में की थी, और वह फिल्म कितनी सुपर हिट हुई थी, यह बताने की जरूरत नही है। उन्होंने किसी का नाम तो नही लिया पर यह जरूर कहा कि 'जो राम का नही वह किसी काम का नहीं'। मंच से ही उन्होंने अपनी कई गीतों को सुना कर लोगों के भारी भीड़ की डिमांड को पुरा करने का प्रयास किया। उनके साथ आये उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी उपस्थित भारी भीड़ को संबोधित किया और भाजपा प्रत्यासी प्रमोद सिन्हा को जिताने की अपील की।

बदलाव की लहर में महागठबंधन का वादा : मुकेश सहनी

- हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी का ऐलान

बेतिया/नौतन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नौतन के श्रीराम खेल मैदान में गुरुवार को आयोजित चुनावी सभा में वीआईपी पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कहा कि सुशासन की सरकार में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से जनता त्रस्त है। अब राज्य में बदलाव की लहर चल रही है और महागठबंधन जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगा.सहनी ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अमित गिरी के समर्थन में जनता से मतदान करने की अपील की.सभा की अध्यक्षता राजद के जिला अध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी ने की, जबकि संचालन अजय कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर सपा नेत्री काजल निषाद, एमएलसी सौरभ कुमार, विधायक बिरेंद्र सिंह, प्रमुख कृष्ण देव चौधरी, वीआईपी जिला अध्यक्ष विजय चौधरी, बिनोद चौधरी, इरफान आलम, इमरान, राजदेव चौधरी, रामजी यादव, बंधू दूबे, शंकर चौधरी और राजद अध्यक्ष नेक महमद अंसारी समेत कई नेताओं ने संबोधित किया.वक्ताओं ने कहा कि जनता इस बार बदलाव चाहती है और महागठबंधन के उम्मीदवारों को भारी मतों से जीत दिलाएगी।

नीतीश- मोदी की जोड़ी ही बिहार में जंगल राज को रोक सकती है : अमित शाह

मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को स्थानीय जिला स्कूल के मैदान में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंन राजद और महागठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि लालू और सोनिया की पार्टी का बिहार से इस बार चुनाव में सुफड़ा साफ हो जाएगा और एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। नीतीश- मोदी की जोड़ी की तारीफ करते हुए कहा कि यह जोड़ी जंगल राज को रोक सकती है। श्री शाह ने मनोकामना माई एवं बाबा सोमेश्वर नाथ को प्रणाम करते हुए अपने भाषण की शुरूआत की। कहा कि मोतिहारी में मेडिकल कॉलेज बनेगा और प्रधानमंत्री मोदी ने वंदे भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें चम्पारण के यात्रियों के लिए दी हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि एलपीजी का बॉटलिंग प्लांट भी मोतिहारी में बनेगा। वहीं सोमेश्वर नाथ मंदिर के विकास के लिए ₹100 करोड़ की लागत से बनेगी। उन्होंने कांग्रेस और राजद पर आतंकवाद के मुद्दे पर ढुलमुल रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल और लालू बिहार में घुसपैठियों को बढ़ावा दे रहे हैं और यहां की जनता का रोजगार छीन रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार बनेगी तो आतंकवाद के गोली का जवाब गोला से दिया जाएगा और बिहार में चार जगहों पर गोला बारूद की फैक्ट्री बनाई जाएगी, जिसमें मोतिहारी में भी एक फैक्ट्री बनेगी। उन्होंने लोगों से स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार के पक्ष में वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपराधी को वोट नहीं दे।

राजद प्रत्याशी खेसारी लाल यादव ने रसूलपुर में किया मतदान

- कहा- बिहार में बदलाव के नाम पर दिया वोट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

एकमा (सारण)। भोजपुरी सिनेमा के लोकप्रिय गायक व अभिनेता शत्रुघन यादव उर्फ खेसारी लाल यादव ने गुरुवार को एकमा विधानसभा क्षेत्र के रसूलपुर स्थित बुनियादी विद्यालय स्थित मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने के बाद उन्होंने कहा कि उन्होंने "बिहार में बदलावह्व के नाम पर वोट दिया है। मतदान के दौरान वे पूरी सादगी से अपने गांव के वरिष्ठ नागरिकों से मिले और उनके आशीर्वाद भी प्राप्त किए। गौरतलब है कि शत्रुघन यादव उर्फ खेसारी लाल यादव इस बार महागठबंधन से राजद प्रत्याशी के रूप में छपरा विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में हैं। यह उनका पहला राजनीतिक चुनाव है, जिसके जरिए वे कला व सिनेमा की दुनिया से आगे बढ़कर राजनीति में अपनी नई पारी की शुरूआत कर रहे हैं। मतदान के बाद वे छपरा लौट गए, जहां वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में मतदाताओं से संपर्क में जुटे रहे।

स्कूल भवन व नदी पर ठोकर निर्माण नही होने से ग्रामीणों में आक्रोश

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के धूमनगर पंचायत अंतर्गत गदियानीटोला में ग्रामीणों ने प्राथमिक विद्यालय गदियानीटोला उर्दू के भवन निर्माण और हरबोड़ा नदी के कटाव से बचाने को लेकर स्थाई ठोकर का निर्माण कराने की मांग को लेकर गाव में कई जगहों पर बैनर, पोस्टर लगाकर विरोध किया है। बैनर पर लिखा है कि जब तक नदी में ठोकर नहीं और स्कूल भवन नही तब तक किसी भी राजनीतिक पार्टियो को गाव में आना माना है। वही सोमवार को इस समस्या को लेकर दर्जनाधिक ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए स्थानीय जन प्रतिनिधि और प्रशासन की उदासीनता का आरोप भी लगाया।

तेजस्वी की तेज रफ्तार से ही विकास संभव : डॉ शमीम

मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नरकटिया विधान सभा डॉ शमीम अहमद तेजस्वी के तेज रफ्तार से ही राज्य की उन्नति, डाक्टर शमीम अहमदआदापुर, तेजस्वी के तेज रफ्तार से ही विकास संभव है जनता की पुकार है तेजस्वी सरकार है, उक्त बातें नरकटिया विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व मंत्री सह विधायक डाक्टर शमीम अहमद ने कहा, उन्होंने बताया कि हमारी सरकार की प्रथम प्राथमिकता है कि जनता को दवाई,कमाई,पढ़ाई, कारवाई के साथ साथ आर्थिक न्याय पर बल दी जायगी, नरकटिया विधानसभा के जनता मालिकों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने किमती वोट को बर्बाद न करते हुए लालटेन पर बटन दबाइए ताकि क्षेत्र का समग्र विकास संभव है, जीविका से जुड़ने वाली हर महिलाओं को दो हजार रुपए मासिक वेतन के रूप में दी जाएगी और इन्हें पांच लाख की जीवन बीमा पालिसी भी दी जाएगी, मां बहिन सम्मान योजना के तहत पच्चीस सौ रुपए दी जाएगी, जीविका दीदीयो को एक नौकरी, पांच सौ रुपए में गैस सिलेंडर, बिहार से पलायन रोकना, बिहार के उन्नति के लिए फैक्ट्रियां लगाकर पलायन को रोकना है,अपने क्षेत्र के लोगों से अपील की गई कि अधिक से अधिक संख्या में नरकटिया के प्रांगण में उपस्थित होकर तेजस्वी यादव का भाषण सुने, दिनांक 7/11/2025/ को विशाल जनसभा का आयोजन है,

एकमा विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ मतदान, मतदाताओं में दिखा उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

एकमा (सारण)। बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में गुरुवार को एकमा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में मतदान को लेकर उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही कई केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी रहीं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिशुनपुरा खुर्द स्थित बूथ संख्या 205 पर जनसुराज पार्टी के एकमा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी देव कुमार सिंह ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, नगर पंचायत एकमा बाजार की मुख्य पार्षद श्वेता रानी ने एकमा बाजार प्राथमिक विद्यालय के मतदान केंद्र संख्या 192 पर मतदान किया। एकमा विधानसभा क्षेत्र में कुल 356 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिनमें एक पिंक बूथ, एक मॉडल बूथ, एक पीडब्ल्यूडी बूथ और 15 मिक्स बूथ शामिल रहे। इनमें एकमा विधानसभा क्षेत्र में शामिल लहलादपुर प्रखंड में 71 तथा मांझी प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत 71 मतदान केंद्र बनाए गए थे। महागठबंधन के राजद प्रत्याशी श्रीकांत यादव, एनडीए प्रत्याशी मनोरंजन कुमार सिंह ह्यधूमलह्न, और निर्दलीय प्रत्याशी जितेंद्र कुमार कन्नौज ने भी अपने-अपने गांव स्थित मतदान केंद्रों पर मतदान किया। दोपहर 3 बजे तक क्षेत्र में लगभग 52 प्रतिशत मतदान की सूचना प्राप्त हुई। सुबह के समय केंद्रों पर भारी भीड़ देखी गई, जबकि दोपहर में कुछ मतदान केंद्रों पर सन्नाटा रही। दोपहर बाद फिर से मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें बढ़ीं और लोगों ने उत्सवी माहौल में लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी निभाई। मतदान प्रक्रिया को निष्पक्षव शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारी लगातार क्षेत्रों का निरीक्षण करते रहे। ऑब्जर्वर सह डीसीसी यतेंद्र कुमार पाल, एकमा बीडीओ डॉ. अरुण कुमार, एकमा थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह, रसूलपुर थानाध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव तथा एसडीपीओ राजकुमार ने कई मतदान केंद्रों का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सभी केंद्रों पर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती रही और दिनभर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

चिरैया विस क्षेत्र में चुनाव को लेकर अब तक 65 गाड़ियां की गई जब्त, अभियान तेज

चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। 11 नवम्बर को द्वितीय चरण में होने वाले चुनाव को लेकर चिरैया विधानसभा क्षेत्र में प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए वाहन कोषांग की ओर से क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बिना अनुमति संचालित हो रही और नियमों का उल्लंघन करने वाली गाड़ियों की जब्ती की जा रही है। चिरैया विधानसभा में चिरैया प्रखंड व पताही प्रखंड में कुल 357 बुथ है। जिसमे चिरैया प्रखंड में कुल 216 बूथ पर मतदान होना है, जिसके लिए लगभग 126 गाड़ियों की आवश्यकता प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई है। इन गाड़ियों का उपयोग मतदान कर्मियों, सुरक्षा बलों और चुनाव सामग्री के परिवहन के लिए किया जाएगा। वहीं, अब तक चलाए गए वाहन जांच अभियान में करीब 65 गाड़ियां जब्त की गई हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, वाहन कोषांग लगातार क्षेत्र में निगरानी रखे हुए है ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो सके। चुनाव से संबंधित कार्य में गाड़ियों की कमी न हो, इसके लिए वाहन मालिकों से अपील की गई है कि वे समय पर अपने वाहन उपलब्ध कराएं और आवश्यक दस्तावेजों की जांच करवा लें। वहीं, प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने या आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एनडीए रचने जा रही अब तक की सबसे बड़ी जीत : शिवराज सिंह चौहान

झुठे वादों के सहारे जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे विपक्षी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। घोसी विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को आयोजित जनसभा में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पहले चरण के रुझानों से यह स्पष्ट हो चुका है कि एनडीए रिकॉर्ड वोटों से जीत की ओर बढ़ रही है और बिहार में एक बार फिर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। वे जेडीयू की ओर से एनडीए प्रत्याशी ऋतुराज कुमार के समर्थन में 217 घोसी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महागठबंधन अब यह मान चुका है कि उसकी हार तय है, इसलिए राहुल गांधी मतदान से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस करके और तेजस्वी यादव प्रचार खत्म होने के बाद झूठे वादों के सहारे जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता समझदार है और अब वह ठोस विकास चाहती है, न कि वादों का पुलिंदा। उन्होंने एनडीए सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की नई ऊंचाइयां छुई हैं। एनडीए सरकार ने गरीबों के उत्थान, किसानों की भलाई और युवाओं को अवसर देने का काम किया है। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होना है, जिसे लेकर घोसी समेत पूरे क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है।

चिराग पासवान को सुनने बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता, बेरंग लौटे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। विधानसभा क्षेत्र के प्रभात नगर खेल मैदान में बृहस्पतिवार के दिन चिराग पासवान को सुनने बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे थे। बावजूद इसके कार्यकर्ता अपने नेता को सुने बगैर बेरंग वापस लौट गए। दरअसल एनडीए समर्थित उम्मीदवार रानी कुमारी के पक्ष में वोट मांगने चिराग पासवान को प्रभात नगर खेल मैदान में आना था जिसे लेकर पूरी तैयारी कर ली गई थी मगर किसी कारणवश चिराग पासवान कार्यकर्ताओं के बीच नहीं पहुंचे जिसे लेकर कार्यकर्ताओं में मायूसी दिखाई दी। वही समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आप लोगों के बीच रानी कुमारी को विजय बनाने की अपील

करने आई हूं। क्योंकि मखदुमपुर की महान जनता नीतीश कुमार के शासनकाल में सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर से निकलकर बिना किसी डर के रोजी रोजगार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मैं भी मखदुमपुर की बेटी हूं क्योंकि मखदुमपुर से पूर्व में हमारे दादाजी स्वर्गीय महावीर चौधरी मखदुमपुर का नेतृत्व कर चुके हैं। उन्होंने यह दोहराया कि यहां की जनता से हमारा खास लगाव है और मुझे यकीन है कि हमारे आने के बाद आप सभी लोग एकजुट होकर रानी कुमारी को अपना बहुमूल्य वोट देकर विजय बनाएंगे, और राज्य में एनडीए की सरकार बनने में अपना योगदान देंगे। मौके पर एनडीए समर्थित सभी पार्टियों के कई नेता व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

आरपीएफ की सतर्कता से मोबाइल झपटमार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रफीगंज (औरंगाबाद)। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बढ़ी भीड़ और सुरक्षा की विशेष जरूरतों को देखते हुए रेल सुरक्षा बल पोस्ट रफीगंज की टीम ने जाखिम रेलवे स्टेशन पर रात्रि गश्त के दौरान एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। चोरी किए गए मोबाइल फोन के साथ एक झपटमार को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। दिनांक 04/05 नवंबर 2025 की रात, निरीक्षक प्रभारी रफीगंज के निर्देश पर आरपीएफ के अधिकारी और जवान जाखिम स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था, एंटी-एसीपी रोकथाम तथा यात्री समानों की चोरी पर नियंत्रण के लिए सतत निगरानी, गस्ती और चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13151 अप अपने निर्धारित ठहराव के बाद खुलने लगी। इसी क्षण प्लेटफॉर्म पर पहले से मौजूद एक युवक ने कोच एस-2 की खिड़की के बाहर से हाथ डालकर एक यात्री का मोबाइल झपट लिया और भागने लगा। आरपीएफ जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और बिना कोई मौका दिए प्लेटफॉर्म संख्या 01 के पूर्वी छोर पर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान अजय राज (उम्र लगभग 19 वर्ष), पिता – राजदेव प्रसाद, निवासी – राजा बिगहा देवी मंदिर, थाना रफीगंज, जिला औरंगाबाद के रूप में बताई।

"बिहार से पलायन रोकेंगे" : प्रशांत किशोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज। जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बुधवार की शाम रफीगंज तथा गुरुवार को कासमा में भव्य रोड शो कर विधानसभा चुनाव का माहौल गरमा दिया। रफीगंज में तजमूल ख़ान और सगुप्ता यास्मीन, जबकि कासमा में जनसुराज पार्टी के विधानसभा पर्यवेक्षक डॉ. रंजन के नेतृत्व में उनका जमकर स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने फूलों की बारिश कर पीके का अभिनंदन किया, और पूरा क्षेत्र उत्साह से सराबोर हो उठा। महराजगंज और बस स्टैंड इलाके में हुए रोड शो के दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि पिछले 35 वर्षों में लालू और नीतीश की सरकारें युवाओं को रोजगार देने में विफल रही हैं। शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने में भी बिहार लगातार पिछड़ता रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर भविष्य की उम्मीद में राज्य के लाखों युवा रोज़गार की तलाश में बिहार छोड़ने को मजबूर हैं, जो बेहद चिंताजनक है। पीके ने रफीगंज विधानसभा से जनसुराज पार्टी के प्रत्याशी विकास कुमार उर्फ बब्लू सिंह के पक्ष में समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि बिहार में भ्रष्टाचार चरम पर है और बिना पैसे के सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारी आम जनता का काम नहीं करते। यह व्यवस्था बदलनी होगी और इसके लिए जनता को जाति-पात से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का उपयोग करना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस विधानसभा चुनाव में अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए जनसुराज पार्टी को मौका दें, ताकि बिहार में शिक्षा, रोजगार और पारदर्शी शासन की नई शुरुआत हो सके।

सदर अस्पताल में मरीज की मौत के बाद जोरदार हंगामा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद सदर अस्पताल में सुबह उस वक्त हंगामा शुरू हो गया, जब इलाज के दौरान एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान कल्पा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के राकेश कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने आरोप लगाया कि समय पर सही इलाज नहीं मिलने और डॉक्टर की लापरवाही के कारण राकेश की मौत हुई है। युवक की मौत के बाद गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और डॉक्टरों के साथ धक्का-मुक्की भी की।जानकारी के अनुसार सुबह करीब 6 बजे राकेश पेट दर्द की शिकायत लेकर सदर अस्पताल पहुंचा था। डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक इलाज शुरू करने के दौरान वो अचानक बाथरूम गया, जहां गिरकर बेहोश हो गया। इसके बाद डॉक्टरों ने उसकी स्थिति की जांच की और उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही उसके परिजनों ने अस्पताल में शोर-शराबा करना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे गांव और आसपास के कई लोग अस्पताल पहुंच गए, जिससे हालात और बिगड़ गए। घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद नगर थाने की पुलिस टीम और अस्पताल सुरक्षा गार्ड मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने-बुझाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रण में किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व सांसद जगदीश शर्मा भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी और आश्वासन दिया कि वे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है और अगर इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही सामने आती है तो इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मृतक के परिजनों से कहा कि कानून हाथ में न लें, हम न्याय दिलाने में पूरा सहयोग करेंगे।

इधर, परिजनों ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है ताकि मौत के असली कारणों का खुलासा हो सके। फिलहाल अस्पताल प्रबंधन ने भी पूरे मामले की आंतरिक जांच की बात कही है। जिले में चुनावी माहौल के बीच इस घटना ने एक बार फिर सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के सफल आयोजन हेतु जिला निर्वाचन सह जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार द्वारा 217-घोसी विधानसभा क्षेत्र मे अवस्थित उच्च विद्यालय हुलासगंज मे सी.ए.पी.एफ. के अर्द्ध सैनिक बल के आवासन केन्द्र, न्यूनतम आधारभूत सुविधा (ए. एम. एफ.) तथा संवेदनशील मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम 217-घोसी विधानसभा क्षेत्र मे अवस्थित उच्च विद्यालय हुलासगंज मे सी.ए.पी.एफ. के अर्द्ध सैनिक बल के आवासन केन्द्र का निरीक्षण किया गया, जिसमे निर्देश दिया गया कि अर्द्ध सैनिक बल के आवासन हेतु समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा 217 घोसी विधानसभा क्षेत्र के उच्च विद्यालय हुलासगंज तथा प्राथमिक विद्यालय, उत्तीमपुर, हुलासगंज मे न्यूनतम आधार भूत सुविधा (ए. एम. एफ.) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया कि वेबकास्टिंग हेतु बिजली कनेक्शन एवं इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है या नहीं तथा निर्देश दिया गया कि जो भी सुविधा उपलब्ध नहीं है उसे अविलंब सुनिश्चित किया जाए। दोनों मतदान केंद्र संवेदनशील है, जिसके लिए सतत निगरानी हेतु थाना प्रभारी को भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया गया।

शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अतिरिक्त सतर्क हैं। इसी क्रम में रेसुब पोस्ट रफीगंज की टीम ने गुरुवार को रफीगंज रेलवे स्टेशन पर गस्ती और सघन जांच के दौरान अंग्रेजी शराब की अवैध खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। निरीक्षक प्रभारी रफीगंज के निर्देशन में अधिकारी और जवान सुबह से ही स्टेशन परिसर में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम, यात्री समानों की सुरक्षा तथा मादक पदार्थों की तस्करी पर निगरानी कर रहे थे। करीब 06:40 बजे, ट्रेन संख्या 13152 डाउन के प्रस्थान के बाद प्लेटफॉर्म संख्या 3 पर एक युवक को संदिग्ध स्थिति में हरे रंग का 'साफारी' अंकित पिट्ठू बैग लिए देखा गया। संदेह के आधार पर उसे रोका गया। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान चंदन कुमार (उम्र 30 वर्ष), पिता–सोहन मेहता, निवासी–अहमदपुर, थाना रफीगंज, जिला औरंगाबाद के रूप में बताई।

फार्मेट सी-1

(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **विगन पासवान (ग्राम-रौसा, पोस्ट+प्र.- इमामगंज, जिला-गया)**

राजनैतिक दल का नाम : **न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **227, इमामगंज (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र**

मैं **विगन पासवान** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

(क)	लंबित आपराधिक मामले			
क्रम सं०	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं तारीख	मामले (मामलों) की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण
1.	शेरघाटी	कोठी थाना कांड सं. 15/2023	विचाराधीन	147,149,323,385,379,435,436

क्रम सं०	(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण		
	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें)	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण	अधिकतम अधिरोपित दंड
1.	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

Format C-1

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)

Name and address of candidate: Sunil Kumar Village/PO- Dudhiyawa, PS-Nawalpur, West Champaran

Name of political party : JAN SURAAJ PARTY_

(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of Constituency : 5-LAURIYA

I Sunil Kumar , a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases				
S. No.	Name of Court	Case No. and Dated	Status of Case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1.	J.M.-I, Bettiah	Yogapatti, P.S. Case No. 326/15, Yoga	Pending	Sec- 188 IPC &123/127 R.P. Act (Disobedience to public order and corrupt electoral practices such as undue influence and publication of false statements during elections.)
2.	C.J.M., Bettiah	Yogapatti Nawalpur P.S. Case No. 510/21	Pending	Sec. 147, 148, 149, 341, 323, 332,333, 186, 188, 189, 353, 427, 307, 504, 506, 120(b), IPC & 3/4 P.P.D (Rioting with deadly weapons, unlawful assembly, wrongful restraint, voluntarily causing hurt and grievous hurt to public servants, obstructing and disobeying lawful authority, intimidation, assault to deter public servant, mischief, attempt to murder, insult, criminal intimidation, conspiracy, and causing damage to public property.)
(B) Details about cases of conviction for criminal offences				
SI.no.	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & Maximum punishment imposed	Maximum Punishment Imposed	
	N.A	N.A	N.A	

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : Janata Dal (United)

*** Name of the Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar**

Name of State : Bihar

1	2	3	4		5		
SL. No	Name of constituency	Name of candidate	(A) Pending criminal cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	**224, Rafiganj**	**Pramod Kumar Singh**	* 1. ADJ – II Mahasamund, Chhattisgarh. 2. Arun Norge, JM 1st Class, Mahasamund, Chhattisgarh. 3. CJM - Aurangabad. * 1. STR. No. 35/09 2. Pateria PS. Case No. 166/16 3. Madanpur P.S. Case No.- 245/19	1. U/S- 148, 324/149 IPC - Unlawful Assembly armed with dangerous weapon voluntarily causing hurt. 2. U/S- 148, 323/149 IPC - Being a member of an unlawful Assembly Voluntarily causing hurt. 3. U/S- 353, 147, 148, 149, 504 IPC - Being a member of an unlawful assembly using criminal force to deter the public servant from discharge of his duty.	No	No	No

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

पेंटिंग एवं महिला संवाद के जरिए मतदाता जागरूकता का आयोजन

पहले मतदान फिर जलपान चुनावी स्लोगन को पूरा करने का लिया गया संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। मल्टीपर्पस हॉल सासाराम में गुरुवार को पेंटिंग एवं महिला संवाद के जरिए मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ जिला कला संस्कृत पदाधिकारी, महिला शिक्षिका एवं कर्मी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। यह विशेष अभियान शिक्षा विभाग रोहतास के द्वारा स्वीप कोषांग के अंतर्गत चलाया गया जिसमें स्वीप कोषांग के पदाधिकारी मौजूद रहे। साथ ही स्कूली शिक्षक, शिक्षा सेवक, रसोइया भी शामिल हुए। इस विशेष आयोजन में काफी संख्या में भीड़ देखने को मिला। पेंटिंग के जरिए सभी दर्शकों एवं वोटर मतदाता को बताया गया कि वोट किस प्रकार से इवीएम के द्वारा देना है। रोहतास चुनावी शुभंकर लिट्टी बाबू का भी चित्र बनाया गया जो काफी प्रशंसनीय था। महिला संवाद के द्वारा जिला प्रशासन की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया। संवाद के तहत महिलाओं की भागीदारी कितनी अहम है। इस बिंदु पर भी चर्चा की गई। चुनावी जानकारी के तहत बताया गया कि अगर कोई दिव्यांगजन है तो उनको वोट किस प्रकार डालना है। इसकी जानकारी दी गई। अपना मत डालने हेतु पहचान पत्र किस तरह से पाएं। उनके बारे में भी जानकारी दी गई। संवाद के तहत यह जानकारी दी गई कि अगर आपको कोई भी व्यक्ति मत डालने हेतु किसी प्रकार का दबाव बनता है तो आप अपने नियंत्रण कक्ष में इसकी सूचना तत्काल दें। मतदाताओं को बताया गया कि मतदान के दिन महिला वोटरों के लिए विशेष सुविधा मुहैया कराई जा रही है जिसमें महिलाओं के लिए अलग से कतार, कमरे इत्यादि की व्यवस्था है। इस विशेष आयोजन में काफी संख्या में भीड़ देखने को मिला। अगर कोई दिव्यांगजन है तो उनको वोट किस प्रकार डालना है तो इसकी जानकारी दी गई। मतदान के दिन मोबाइल रखने के लिए विशेष काउंटर की व्यवस्था की जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से मतदाता वोटर के परिवारों को पुरस्कृत करने की योजना को बताया गया कि जो परिवार शत-प्रतिशत वोट करेंगे। उन्हें जिला प्रशासन रोहतास के तरफ से पुरस्कृत किया जाएगा। अंत में पदाधिकारी के द्वारा सभी को शपथ दिलाया गया। सबसे रोचक बात यह रही कि शपथ रोहतास जिले के लोग भाषा भोजपुरी में दिलाया गया। शपथ के बाद सभी जरूरी बातों का ध्यान रखते हुए एवं सामान्य निर्देशों का पालन करते हुए मतदान करने के लिए अपील किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र को जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा सम्मानित किया गया और अंत में जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित करके उन्होंने सभी से अपील किया कि 11 नवंबर के दिन जाकर अपने बूथों पर अवश्य मतदान करें।

तेज रफ्तार वाहन ने महिला को रौंदा, तोड़ा दम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। गयाजी-पटना एनएच-22 पर दर्दनाक हादसा हुआ। तेज रफ्तार वाहन ने महिला को रौंद दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। रोड क्रॉस करते समय हादसा हुआ। विरोध में ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे जाम कर दिया। दोनों लेन में वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मृतका रिश्तेदार के घर आई थी। इस बीच हादसे की शिकार हो गई। मामला की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी ड्राइवर गाड़ी लेकर भाग गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ओवर स्पीड पर कोई लगाम नहीं है। प्रशासन लापरवाह बना हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वाहन और ड्राइवर की पहचान के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। घटना बेलागंज थाना क्षेत्र के पाली गांव के पास की है। जाम की सूचना मिलते ही बेलागंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

कोचस में रेखा गुप्ता का हमला

बिहार अब बदल चुका है, जंगलराज नहीं लौटेगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। कोचस में गुरुवार को एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी वशिष्ठ सिंह के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार अब बदल चुका है यहां का माहौल अमन-चैन और विकास का है। एनडीए सरकार ने जिस बिहार को अंधकार और भय से निकाला, आज वही बिहार सुशासन की मिसाल बन गया है। रेखा गुप्ता ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने राज्य को गड्ढे से बाहर निकालकर विकास की राह पर खड़ा किया है। आज रात में इंसान ही नहीं, बेटियां भी सुरक्षित महसूस करती हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आपकी बहन की सरकार है, अब कोई भी दिल्ली में बिहारियों को परेशान नहीं कर सकता। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि बिसलेरी से नहाने वाले लोग तालाब में मछली पकड़ने निकले हैं, लेकिन बिहार की मछलियां अब झांसे में आने वाली नहीं हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे एनडीए प्रत्याशी वशिष्ठ सिंह को भारी मतों से विजयी बनाएं। ताकि विकास की यह रफ्तार जारी रहे। जदयू प्रत्याशी वशिष्ठ सिंह ने कहा कि कारागार विधानसभा क्षेत्र में इस बार बदलाव की लहर है। जनता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर भरोसा कर रही है और सुशासन के पक्ष में एकजुट है। सभा में जमुई सांसद मनोज भारती, उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सतीश पाल, भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष पटेल, प्रखंड अध्यक्ष हरिहर सिंह, भाजपा नेता संतोष तिवारी, जदयू पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, पूर्वी मंडल अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे। जनसभा में कोचस और आसपास के इलाकों से आए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

गयाजी में 22 से प्रथम महिला एथलेटिक्स लीग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। जिले में पहली महिला एथलेटिक्स लीग का आयोजन होगा। प्रतियोगिता 22 नवंबर को गांधी मैदान स्टेडियम में होगी। यह प्रतियोगिता बिहार राज्य एथलेटिक्स संघ के मार्गदर्शन में होगी। महिला लीग में अंडर 14 और अंडर 16 आयु वर्ग की लड़कियां भाग लेंगी। अंडर 14 आयु वर्ग की ट्राईथलन ए में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद और ऊंची कूद, ट्राईथलन बी में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद और बैक थ्रो, एक किलो भार का गोला अपने दोनों हाथों से अपने सिर के ऊपर से पीछे की ओर फेंका जाएगा। ट्राई थलन सी में 60 मीटर दौड़, लांग जंप और 600 मीटर दौड़। अंडर 16 आयु वर्ग में 60 मीटर दौड़, लांग जंप और 600 मीट दौड़ का आयोजन किया जाएगा। किट्स भाला फेंक प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति ने कहा - समाज डॉ. प्रेम कुमार के साथ एकजुट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति, जिला शाखा गया की ओर से अध्यक्ष कृष्ण कुमार अजय की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। बैठक में समाज के सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि कुम्हार समाज 1990 से लेकर 2025 तक निरंतर डॉ. प्रेम कुमार का समर्थन करता आ रहा है और इस बार भी गया विधानसभा चुनाव में समाज पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ा है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि डॉ. प्रेम कुमार अति पिछड़ा वर्ग के सच्चे प्रतिनिधि हैं जिन्होंने गया समेत पूरे बिहार के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्वार्थी तत्व कांग्रेस कार्यालय से समाज के नाम पर गलत प्रचार कर रहे हैं और समुदाय को दिग्भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोगों का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत लाभ और राजनीतिक स्वार्थ है जिसे समाज किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगा। प्रेस वार्ता में पूर्व जिला अध्यक्ष नंदलाल प्रजापति, संरक्षक द्वारिका प्रसाद प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष मोहन प्रसाद, युवा नेता विकास कुमार, छोटेलाल प्रजापति, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य साह कुम्हार और समिति के वरिष्ठ नेता राजदेव पंडित मौजूद थे। समिति के सदस्यों ने बताया कि समाज के लोग बागेश्वरी गुमटी, डेल्हा, खरखुरा, पावरगंज, धनिया बगीचा और बाटा मोड़ सहित कई इलाकों में स्वजातीय परिवारों से जनसंपर्क कर रहे हैं और सभी ने डॉ. प्रेम कुमार के समर्थन का आश्वासन दिया है।

कांग्रेस और साथ वाले ने राम के नाम पर दंगे करवाए : डॉ. मोहन यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वजीरगंज(गयाजी)। अतीत के काल में गयाजी के जो मंदिर नष्ट किये गये वो फल्गु माता की कृपा से मालवा की महारानी रानी अहिल्या बाई ने दुबारा मंदिर निर्माण कराया है। कांग्रेस और उसके साथ वाले सदैव एक काम करते रहते हैं, उनको और कोई काम नहीं आता, हजारों साल से हमलोगों को मिलजुल कर रहने की आदत थी, लेकिन ये कांग्रेस के लोग और वोट चूसने के आधार पर राम के नाम पर दंगे करवाये थे, काफी दुर्भाग्य की बात है। उक्त बातें गुरूवार को वजीरगंज के तरवां में एनडीए की चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने सम्बोधन में कही। वे एनडीए की सरकार बनाने और स्थानीय प्रत्याशी वीरेन्द्र सिंह को भारी बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी देश में जाओ और बोलो कि मैं राम - कृष्ण की धरती से आया हूं तो वे समझ जायेंगे कि आप हिन्दुस्तान से आये हो। आज समय बदला है और गरीब से गरीब आदमी का बेटा चाय बेचने वाले का बेटा भी देश का प्रधानमंत्री बनता है, ये हमारे लिये गौरव की बात है और यह लोकतंत्र होना चाहिये। मेरे परिवार में कोई विधायक नही, कोई सांसद नहीं और मंत्री के लिये तो सोच भी नहीं सकते ऐसे में हमारी पार्टी में मुझे और मीरा जी जैसे लोगों को मौका देती है, सभी को मौका मिलना चाहिए। देश की आजादी और लोकतंत्र की स्थापना के लिये सभी ने अपनी कुर्बानी दी है, लेकिन दुर्भाग्य के साथ कुछ लोगों ने कुर्सी को अपनी बपौती बना ली, केवल उनके ही परिवार के लोग मंत्री बनेंगे, ये अन्याय है कि नहीं, ये अन्याय को दूर करने के लिये एनडीए के माध्यम से बिहार में नीतीश कुमार की सरकार बनायें। मल्लिका अर्जुन खड़गे से पूछा जाता है कि बिहार के मामले में आपका क्या कहना है तो वे बड़ी बेशर्मी से बोलते हैं कि बिहार छोटा मोटा राज्य है, उसकी बात मत करो। अरे यह बिहार देश की तस्वीर बनाने वाला राज्य है। ऐसे सारे अपमान का यह सही समय है। एक बेटी के साथ दुराचार होता है तो पूरे बिहार के लोगों को गाली दी जाती है, आपलोग एक - एक गाली याद रखना और वोट देने के दिन आप इतना जोर से बटन दबाना कि कीचड़ में कमल खिल जाए। विपक्ष सभी राज्यों में हार रहे हैं और अब बिहार की बारी है, राहुल गांधी बड़ी बेशर्मी से दो - दो बार लोकसभा में हारने के बाद वोट चोरी करने का आरोप लगाते हैं, कभी ईवीएम खराब होने की बात कहते हैं और सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगते हैं। इस देश के दुश्मन यहां आतंकवादी लाते थे और निरपराध लोगों को मारते थे, हमारे देश के प्रधानमंत्र नरेन्द्र मोदी ने आज सबकुछ बदल दिया है। अब किसी को हिम्मत नहीं है कि ऐसा गतिविधि करें, अगर ऐसा होता है यहां की फौज उनके बीच घुसकर सफाया करते हैं, आज पूरे देश से लाल सलाम को आखरी सलाम करना है।

बांकेबाजार में जीविका दीदियों ने चलाया सृजनात्मक मतदाता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, गया जिले के बांकेबाजार प्रखंड में जीविका से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों ने मतदाता जागरूकता को लेकर एक प्रेरणादायक पहल की। आगामी 11 नवंबर को होने वाले मतदान में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान सभी पंचायतों में चलाया गया। पनानिया पंचायत में सोहनी जीविका महिला स्वयं सहायता समूह और लुटुआ पंचायत के कोठिलवा ग्राम में देवी जीविका महिला ग्राम संगठन ने मिलकर गांव में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता की अलख जगाई। दीदियों ने गलियों में रैली निकाली, घर-घर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया और निष्पक्ष, निर्भीक चुनाव की शपथ ली। उन्होंने ग्रामीणों को भी यह शपथ दिलवाई कि वे बिना किसी दबाव, प्रलोभन या भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। रंगोली निर्माण, सामूहिक शपथ कार्यक्रम, मेंहदी प्रतियोगिता और प्रेरक नारों के माध्यम से अभियान को रचनात्मक रूप दिया गया। अपनी सरकार चुनेगा बिहार, वोट करेगा बिहार और पहले मतदान, फिर जलपान जैसे संदेशों से सजे बैनर लेकर दीदियों ने रैली निकाली जिससे गांव की गलियां लोकतंत्र के रंग में रंग गईं। जीविका दीदियों ने वोट देने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, पहले वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, छोड़ के घर के सारे काम, पहले जाकर करें मतदान जैसे नारे लगाकर स्थानीय नागरिकों को यह संदेश भी दिया। साथ ही मतदान में भाग लेने हेतु शपथ पत्र एवं आमंत्रण पत्र भी दिया गया। जीविका दीदियों द्वारा यह अभियान गया जिले के सभी प्रखंडों में चलाया जा रहा है जिसमें जीविका दीदियां ग्राम संगठन एवं संकुल संघ के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

आप एक दीजिए और तीन पाइये : जीतन राम मांझी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। नीमचक बथानी प्रखंड के गुलाबचंद जनता उच्च विद्यालय के मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जीतराम मांझी ने कहा कि आप एक दीजिए और तीन पाइए। एनडीए और हम के प्रत्याशी रोमित कुमार के साथ केंद्रीय और बिहार के मंत्री साथ हैं जो लोग वोट देंगे उसका भी विकास होगा और जो नहीं देंगे उसका भी विकास होगा। हम बहुत दूर के रहने के रहने वाले नहीं हैं। हम सुनते थे कि जो लोग वोट नहीं देते हैं उसके साथ मारपीट भी किया जाता था, लेकिन हम कहते हैं जो वोट देता है उसको वोट देने दीजिए उसके साथ मारपीट नहीं कीजिए यदि मारपीट करनेका आदत लगा हुआ है तो ऐसा नहीं कीजिए कभी-कभी डोडवा सांप भी काटने का प्रयास करता है। हम जितिया के दिन पैदा हुए थे इसलिए लोग हमको जितना कहते हैं जीतन राम मांझी ने कहा कि हम जितिया के दिन पैदा हुए थे। इसीलिए मेरा नाम जीतन राम रखा गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब चुनाव हार गए तो लोग उन्हें इस्तीफा देने की बात कही। लेकिन, उन्होंने अपने परिवार को मुख्यमंत्री बनने के बजाये एक मांझी के बेटा को मुख्यमंत्री बना दिया। वहीं, लालू यादव सिर्फ अपने परिवार को ही मुख्यमंत्री बनाने की सोचते हैं जब वह जेल जा रहे थे तब उन्होंने अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया और अब बेटा को बनाने की सोच रहे हैं। हमको सिर्फ एक ही लालसा है कि अतरी का विकास करें। आप लोग मौका दीजिए, ताकि हम अतरी का विकास कर सकें। अतरी में हमारा घर, ननिहाल और ससुराल भी है। अतरी से चुनाव लड़ने के लिए छह सीट का नुकसान सहे हैं यदि अतरी से मेरा उम्मीदवार नहीं होता तो मुझे छह सीट और मिलती। हम दुनिया में दो ही जात को जानते हैं एक गरीब और दूसरा अमीर इसीलिए सब जात मिलजुल कर हमें वोट दीजिए। वहीं जदयू नेता और औरंगजेब आलम ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अल्पसंख्यकों के लिए बहुत काम किए हैं उनका कर्ज हम लोगों को उतार देना है और भय मुक्त होकर मतदान करना है। मौके पर प्रमुख अजय यादव, दिलीप रजक, औरंगजेब आलम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

इवीएम डिस्पैच, इवीएम रिसिविंग सेन्टर का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। शहर में बाजार समिति एवं गया कॉलेज में बनाये गए इवीएम डिस्पैच सेन्टर, इवीएम रिसिविंग सेन्टर का निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर एवं एसएसपी आनंद कुमार द्वारा किया गया।
डीएम ने निर्देश दिया है कि दोनों स्थानों पर पेयजल, टॉयलेट, रौशनी, इंटरनेट, सीसीटीवी, खाना खाने का काउंटर इत्यादि की पूरी व्यवस्था करवाये। वाहनों को किस स्थान पर रोका जाए, इसका भी स्थल चिन्हित कर ले। डीएम ने अनुमण्डल पदाधिकारी सदर को निर्देश दिए हैं कि इवीएम डिस्पैच की तिथि के लिये ट्रैफिक प्लान तैयार कर ले।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)

आवश्यक सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–24.10.2025 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई–निविदा सं0–**9/RCD/Daltonganj/2025-26/971** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No.-364721 Road(25-26):D** है। अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।

PR 365331 (Road) 25-26 (D)

गुरूआ में प्रशांत किशोर ने किया रोड शो

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरारू। गुरूवार को जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने गुरूआ विधानसभा क्षेत्र के मथुरापुर बाजार एवं गुरूआ बाजार में रोड शो किया। गौरतलब है कि यह रोड शो रफीगंज से शुरू होकर मथुरापुर बाजार, गुरूआ बाजार होते हुए करमाइन मोड़ के बाद शेरघाटी की ओर चला गया। इस रोड शो में हजारों हजार की संख्या में लोगों ने शिरकत किया। प्रशांत किशोर को देखने की लालसा में लोगों ने मथुरापुर बाजार एवं गुरूआ बाजार सहित सड़कों पर ग्रामीणों का हुजूम घंटों इंतजार करता रहा। गुरूआ विधान सभा क्षेत्र से जनसुराज के प्रत्याशी संजीव श्याम सिंह अपने दल-बल के साथ घटेरा गांव के स्टेट हाइवे 101 पर इंतजार करते रहे। प्रशांत किशोर के आने पर अपने प्रत्याशी को अपने गाड़ी की छत पर चढ़ा लिया। गौरतलब है कि प्रशांत किशोर के आने से इस क्षेत्र में चुनाव का फीजा बदलता हुआ दिखाई देने लगा है। बिखरी हुई छोटी-छोटी जातियां जनसुराज के पक्ष में एकजुट होने लगी है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रत्याशी संजीव श्याम सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी के द्वारा जो अतिपिछड़ा में सर्वसंपन्न जाति को शामिल करवाया गया है। मेरे द्वारा विधानसभा में इस बेईमानी के विरुद्ध जमकर आवाज उठाया जाएगा और पुनः समीक्षा करवा कर इन सर्वसंपन्न जातियों को अतिपिछड़ों की सूची से अलग करवाया जाएगा। इन मूल अतिपिछड़ों के साथ अन्याय हुआ है। यह बर्दाश्त के काबिल नहीं है।

AFFIDAVIT

I, LOVELY W/O SANJAY KUMAR SRIVASTAVA aged about 49 years Resident of Mohalla Takshal Sanghat, Jaani Bajar, Sasaram P.O.+P.S. Sasaram, Distt. Rohtas, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
(1) THAT, I am an Indian citizen.
(2) THAT, SANSKRITI SRIVASTAVA is my daughter, who has passed the secondary examination from C.B.S.E.Board, Delhi from ST.PAUL SCHOOL, G.T. Road, Sasaram, Rohtas, Bihar School Code 65090, bearing Roll Number 22229299 in which her Mark sheet of secondary examination, (Mother's column) my name has been mentioned as LOVELY SRIVASTAVA which is wrongly mentioned in her Mark sheet.
(3) THAT, in my all relevant documents 1.e. Adhar card, Pan card and all educational certificates, my name has been mentioned as LOVELY, so please correct my name in my daughter's Mark sheet of C. B. S. E. Board as LOVELY in place of wrongly mentioned name LOVELY SRIVASTAVA. Hence this affidavit.
(4) THAT, the all statements are true and correct to the best of my knowledge and belief.

DEPONENT
LOVELY

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : Janata Dal (United)

*** Name of the Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar**

Name of State : Bihar

1	2	3	4		5		
SL. No	Name of constituency	Name of candidate	(A) Pending criminal cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	42, Pipra	Rambilash Kamat	* 1. Santosh Kumar JM Ist Class Araria, 2. Aajhi's Anand JM Ist Class Araria * 1. Supaul P.S. Case No. 41/2019 2. Supaul P.S. Case No. 143/2014	1. u/s 341, 323, 379, 504, 34 IPC Going from house to house, abusing and beating people and looting them. 2. 3/4 Bihar Property Defacement Act Damage to property.	No	No	No

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

नालन्दा में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान सम्पन्न, 57.58 फीसदी वोटिंग दर्ज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के प्रथम चरण में नालंदा जिले में गुरुवार को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। मतदान सम्पन्न होने के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे जिले में मतदान व्यवस्था, सुरक्षा, ईवीएम संरक्षण और आगामी मतगणना की तैयारियों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 06 अक्टूबर से राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू है। नालंदा की सात विधानसभाओं—अस्थावां, बिहारशरीफ, राजगीर (अ.जा), इस्लामपुर, हिलसा, नालंदा व हरनौत में कुल 68 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इस बार मतदान का औसत प्रतिशत 57.58% दर्ज किया गया, जो पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तुलना में बेहतर रहा है। सीटवार मतदान प्रतिशत 5 बजे तक दर्ज के अनुसार अस्थावां – 54.65 %, बिहारशरीफ – 53.05%, राजगीर – 60.80%, इस्लामपुर – 59.84%, हिलसा – 60.31%, नालंदा – 60.63%, हरनौत – 55.72 फीसदी दर्ज की गई है। इसके साथ ही 85+ और पीडब्लयू मतदाताओं ने घर बैठे मतदान की सुविधा का लाभ लिया। हरनौत विधानसभा के केंद्र संख्या 280 मुशहरी में सड़क और बिजली की मांग को लेकर मतदान बहिष्कार की सूचना की पुष्टि भी की गई। मतदान के बाद सभी इवीएम मशीनें नालंदा कॉलेज बिहारशरीफ स्थित बज्रगृह में सुरक्षित कर दी गई हैं। डबल लॉक सिस्टम, 24x7 सशस्त्र सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, अभ्यर्थियों को लाइव मॉनिटरिंग की सुविधा जैसी व्यवस्थाएं लागू हैं।

झारखंडी क्षेत्रीय कलाकार सोसाइटी का गठन

लोक संस्कृति को नई पहचान दिलाने का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड की संगीत और लोक संस्कृति को देश-दुनिया में पहचान दिलाने के उद्देश्य से 'झारखंडी क्षेत्रीय कलाकार सोसाइटी' का औपचारिक गठन किया गया है। रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान संस्था से जुड़े कलाकारों ने इसकी घोषणा की। इस मौके पर झारखंड के विभिन्न जिलों से आए संगीतकार, लोक गायक, नृत्यकार, तकनीकी कलाकार और कई थिएटर कर्मी मौजूद रहे।

सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने बताया कि झारखंड की कला संस्कृति और लोक परंपराएं राज्य की पहचान हैं, लेकिन इन्हें वह मंच और समर्थन नहीं मिल सका, जिसकी ये हकदार हैं। इस स्थिति को बदलने के लिए झारखंडी क्षेत्रीय कलाकार सोसाइटी की स्थापना की गई है। संस्था का उद्देश्य है राज्य के लोक कलाकारों को एकजुट करना। उन्हें पहचान और सम्मान दिलाना और पारंपरिक कला रूपों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना।

झारखंड में पारंपरिक लोक कला हाशिए पर

संस्था के सदस्यों ने कहा कि वर्तमान समय में आधुनिकता और वाणिज्यिक मनोरंजन के प्रभाव से पारंपरिक लोक कला हाशिए पर चली गई है। झारखंडी नृत्य, गीत-संगीत, नाटक और चित्रकला को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। सोसाइटी इस दिशा में ठोस प्रयास करेगी। इसके तहत कलाकारों को प्रशिक्षण, मंच, आर्थिक सहयोग और प्रचार-प्रसार का अवसर दिया जाएगा।

हर जिले में रीजनल आर्टिस्ट यूनिट का होगा गठन

प्रेस वार्ता में कलाकारों ने बताया कि संस्था की प्राथमिक योजना झारखंड के हर जिले में रीजनल आर्टिस्ट यूनिट का गठन करना है, ताकि स्थानीय कलाकारों की समस्याओं को सीधे तौर पर सुना और सुलझाया जा सके। साथ ही पारंपरिक लोक नृत्य जैसे झूमर, पाईका, डोमकच, फगुआ नाच, संथाली नृत्य और लोकगीतों के संरक्षण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। सोसाइटी चाहती है कि राज्य सरकार झारखंडी लोक कला को पर्यटन नीति में शामिल करें, ताकि कलाकारों को आर्थिक स्थिरता मिल सके।

कलाकारों को सशक्त बनाना उद्देश्य

संस्था से जुड़े कलाकारों ने यह भी कहा कि यह संगठन न तो किसी राजनीतिक दल से जुड़ा है और न ही किसी सरकारी फंडिंग पर निर्भर रहेगा। अपनी गतिविधियों को चलाने के लिए सदस्यता शुल्क और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से प्राप्त आमदनी को ही पूंजी बनाया जाएगा। संस्था का उद्देश्य है कलाकारों के स्वाभिमान को बरकरार रखते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना।

मजिस्ट्रेट के सामने पेशी से दो घंटे पहले आरोपी को बताया जाए गिरफ्तारी का आधार : सुप्रीम कोर्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अरेस्ट किए गए व्यक्ति को गिरफ्तारी का आधार उसकी समझ में आने वाली भाषा में लिखित रूप में बताए जाने चाहिए। वह भी उचित समय के भीतर और किसी भी स्थिति में मजिस्ट्रेट के समक्ष रिमांड कार्यवाही के लिए पेश करने से कम से कम दो घंटे पहले।

सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर कहा कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार बताने का संवैधानिक आदेश सभी कानूनों के तहत सभी अपराधों में अनिवार्य है और गिरफ्तारी के आधार लिखित रूप में न बताने पर गिरफ्तारी अवैध हो जाएगी साथ ही गिरफ्तार व्यक्ति को रिहा करने का अधिकार मिल जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, "इस तरह किसी व्यक्ति को उसकी गिरफ्तारी के आधार के बारे में यथाशीघ्र सूचित नहीं किया जाता है, तो यह उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा,। इससे भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उसके जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का हनन होगा, जिससे गिरफ्तारी अवैध हो जाएगी।" भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा, "हम दूसरे मुद्दे के संबंध में यह मानते हैं कि गिरफ्तारी से पहले या तुरंत बाद गिरफ्तार व्यक्ति को लिखित में गिरफ्तारी के आधार न देने से सीआरपीसी 1973 की धारा 50 (अब बीएनएसएस 2023 की धारा 47) के प्रावधानों का पालन न करने के आधार पर ऐसी गिरफ्तारी अमान्य नहीं होगी, बशर्ते कि उक्त आधार उचित समय के भीतर और किसी भी स्थिति में गिरफ्तार व्यक्ति को रिमांड कार्यवाही के लिए मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने से दो घंटे पहले लिखित रूप में दिए जाएं।"

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : Janata Dal (United)

*** Name of the Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar**

Name of State : Bihar

1	2	3	4		5		
SL. No	Name of constituency	Name of candidate	(A) Pending criminal cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	**221, Nabhinagar**	**Chetan Anand**	* 1) CJM Patna, 2) ACJM Jr. Patna * Kotwali (Patna) P.S. Case No. 254/23, Phulwari Sharif Patna P.S Case No.1238/25	147, 149, 341, 323, 342, 188, 307, 333, 337, 427, 353, 504-IPC, 51, 57-DMA. (2) 126 (2), 115 (2), 118 (1), 303(2), 324 (4), (5). 352, 353 (2),(3), 3(5)-BNSS obstruction of public function and assault with common intention and attempt to murder with intent to kill and violation of Disaster Management Rules 2005	No	No	No

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Format C-2

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil)
No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

1.	2.	3.	4.		5.		
S. No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	218-Makhdumpur	Shankar Swarup	CJM, Arwal , PS Case no 57/ 2010, Ki njer & Pending	Sec 188,171 IPC	NA	NA	NA

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : Janata Dal (United)

*** Name of the Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar**

Name of State : Bihar

1	2	3	4		5		
SL. No	Name of constituency	Name of candidate	(A) Pending criminal cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	**232, Belaganj**	**Manorama Devi**	* 1. ACJM – GAYA, 2. CJM GAYA, 3. ACJM – I GAYA. * 1. 1731/2012, 2. 193/2012, 3. 305/2017	1. 147, 420, 467, 468, 471, 504, 328 IPC 2. 147, 148, 149, 323, 324, 379, 420, 467, 468, 471, 504/34 3. 25(1-B)A & 30 ARMS ACT	No	No	No

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Format C-2

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil)
No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

1.	2.	3.	4.		5.		
S. No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	213-Karakat	Yogendra Singh	SDJM, Bikramganj, PS Case no 33/2016,Karkat & Pending	Sec 379 IPC & 40 of Bihar Mining Act	NA	NA	NA

फार्मेट सी-1

(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **प्रकाश वीर (ग्राम-रामदासी, पो.-सिंगर,रजौली, थाना-रजौली, जिला-नवादा (बिहार) 805125)**

राजनैतिक दल का नाम : **जनशक्ति जनता दल**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **235, रजौली (अ.जा.)**

मैं **प्रकाश वीर** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

(क)	**लंबित आपराधिक मामले**			
क्रम सं०	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं तारीख	मामले (मामलों) की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण
1.	एसीजेएम I सह वि.न्या. (एमपी, एमएलए) नवादा	सिरदला थाना नवादा 149/2010	लंबित	धारा 188 भा.द.वि 133 लोक प्रा. अधिनियम.(आरपी एक्ट) आदर्श आचार सहिंता का उल्लघंन
2.	एसीजेएम I सह वि.न्या. (एमपी, एमएलए) नवादा	रजौली थाना नवादा 111/2005	लंबित	3 (1) बी.पी.डी ऑफ पी.पी एक्ट आदर्श आचार सहिंता का उल्लघंन
3.	एसीजेएम I सह वि.न्या. (एमपी, एमएलए)	सिरदला थाना नवादा 437/2020	लंबित	188 भा.द.वि आदर्श आचार सहिंता का उल्लघंन

क्रम सं०	(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण		
	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें)	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण	**अधिकतम अधिरोपित दंड**
1.	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न

उत्साह का रहा माहौल, प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला इवीएम में कैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बरौनी। विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में गुरुवार को सुबह 7 से ही तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-कर कर हिस्सा लिया। तेघरा विधानसभा क्षेत्र के बरौनी गांव में सुबह सबसे पहले मतदान के लिए पूर्व आईजी लक्ष्मण सिंह की पत्नी सपरिवार मतदान के लिए पहुंची। कन्या प्राथमिक विद्यालय गौरा मतदान केंद्र संख्या 85 पर सुबह से ही मतदाताओं की कतारें लगी रही। सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह देखा गया। बुजुर्ग और महिलाएं भी अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर मतदान कर रही थी। विधानसभा क्षेत्र के कुल 339 मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों के साथ-साथ पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। संवेदनशील और अति संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। ओमर उच्च विद्यालय तेघड़ा पिंक एवं दिव्यांग और महिला मतदान केंद्र संख्या 43 दिव्यांग, 44 महिला, 45 महिला, 46 महिला एवं आरकेसी उच्च विद्यालय में युवा के विशेष केंद्र को विशेष रूप से सजाया गया है। वही मतदान केंद्र 58 पर प्रथम बार लोकतंत्र के महापर्व में अपना बहुमूल्य वोट देने वाली 20 वर्षीय आंचल कुमारी ने बताया कि वह अपना बहुमूल्य वोट बिहार के बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और निशुल्क उच्च शिक्षा, रोजगार और बालिका सशक्तिकरण के लिए दी है। वही मतदान केंद्र उच्च माध्यमिक विद्यालय फुलवरिया में प्रथम बार वोट डालने के बाद शारदा सुमन ने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में मतदान करना गर्व और खुशी की बात है शारदा ने बताया कि इस बार वो मतदान नौकरी और शिक्षा के लिए कर रही है। केंद्र संख्या 45 पर मोहम्मद हसमत ने पहली बार अपना मताधिकार का प्रयोग करते हुए कि वह शिक्षा, रोजगार और इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए मतदान किया है। इस बार वोटिंग के प्रति मुस्लिम महिलाओं में खूब उत्साह देखा गया। विधानसभा चुनाव में उन्होंने एक बार फिर अपनी ताकत दिखा दी। सुबह की कामकाज निपटाकर घर से निकली और जमकर मतदान किया। दनियालपुर मियां जी टोला से बुर्का में सूफी शाहीन सरवरी खातून के नेतृत्व में महिलाओं ने मध्य विद्यालय दनियालपुर मतदान केंद्र 57 पर पहुंची। चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष बनाने को लेकर चुनाव आब्जर्वर, अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृष्ण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार, अंचलाधिकारी रविशंकर कुमार एवं थाना अध्यक्ष अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी लगातार भ्रमणशील रहे।

पृष्ठ 1 का शेष

तेजी से विकास कार्यों ...

मार्ग, नया बिजली घर, हवाई अड्डा का निर्माण होगा है तो वहीं बक्सर से भागलपुर तक फोरलेन एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसके अलावा औरंगाबाद के नवीनगर और बक्सर में कई उद्योग लगाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़े-छोटे उद्योगों के लगने की संभावनाओं को देखते हुए अनेकों निवेशकों की रुचि बनी है लेकिन कांग्रेस और राजद के जंगलराज की आहट सुनाई पड़ने से उन संभावनाओं पर विराम लग सकता है। क्योंकि इसकी आहट मिलते ही निवेशक उल्टे पांव भागने लगेंगे। इसलिए चुनाव में प्रदेश की जनता सोच समझकर वोट देकर जंगलराज की वापसी को रोकने का काम करें। श्री मोदी ने कहा कि बिहार और पूर्वांचल की महिलाओं के लिए छठ पूजा आस्था का पर्व है। लाखों लोगों की आस्था जुड़ी है लेकिन कांग्रेस और राजद ने इस आस्था (छठ) पर चोट पहुंचाने का ककृत्य किया है जिससे लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। दोनों ने छठ जैसे महान पर्व का मज़ाक़ उड़ाने का काम किया है और जनता कभी नहीं माफ करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि गंगा किनारे वाले भागलपुर सहित अन्य हिस्सों में पर्यटन उद्योग की अपार संभावना है। यहां गंगा में डॉल्फिन की बहुलता, प्राचीन शिक्षा एवं पुरातत्व केन्द्र विक्रमशिला महाविहार में आने वाले विदेशी पर्यटकों की बड़ी उपस्थिति को देखते हुए युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। एनडीए सरकार जल्द एक कार्ययोजना तैयार कर रही है। जनसभा को केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन, स्थानीय सांसद अजय कुमार मंडल, खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा, विधान पार्षद डॉ एन के जायसवाल आदि ने भी संबोधित किया।

पहले चरण की 121 सीटों...

62.76%, शेखपुरा में न्यूनतम 52.36%, नालंदा में 57.58%, पटना में 55.02%, भोजपुर में 53.24% और बक्सर में 55.10% मतदान दर्ज किया गया। सबसे अधिक बेगूसराय में और सबसे कम पटना में मतदान हुआ। एडीजी मुख्यालय कुंदन कृष्णन ने बताया कि मतदान केंद्रों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में अब तक 1,415 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह आंकड़ा शाम 5 बजे तक का है। वहीं, डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा द्वारा राजद एमएलसी पर शराब पीने की शिकायत के संबंध में उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई गई, लेकिन राजद नेता के शराब पीने की पुष्टि नहीं हुई। लखीसराय में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और राजद एमएलसी के बीच तकरार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दोनों नेता एक दूसरे पर आरोप लगाते नजर आ रहे हैं। विजय सिन्हा में कहा कि राजद एमएलसी ने शराब पी ली है। इसीलिए ऐसा कर रहे हैं। वहीं एमएलसी अजय कुमार सिंह ने कहा कि रात में इनको पैसा बांटने नहीं दिया गया। इसीलिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके लोगों ने हमारी गाड़ी रोकी और गुंडागर्दी पर उतर आए। वह चुनाव हार गए इसलिए बौखला गए हैं। विजय सिन्हा का चैप्टर बंद हो चुका है। उन पर हमला नहीं हुआ। वो कई दिनों से ये नाटक रचने का प्रयास कर रहे थे।

बूथों पर सुबह से ही उमड़ी रही मतदाताओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। शहर के लोहिया नगर स्थित आयुर्वेद कलेज में चार बूथ बने 291, 292, 293 और 294 मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिल रही है। सुबह 6:30 बजे से ही लोग लाइन में लगना शुरूहो गए।और ठीक 7:00 बजे मतदान प्रक्रिया शुरूकर दी गई। जिले में इस बार कुल 7 विधानसभा क्षेत्र (141-चेरिया बरियारपुर से लेकर 147-बखरी (अ.जा.) तक) में मतदान हो रहा है। जिले में कुल 21,40,977 मतदाता हैं जिनमें 11,34,376 पुरूष, 10,02,323 महिला और 38 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में 2,537 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें 511 शहरी और 2,026 ग्रामीण मतदान केंद्र शामिल हैं। प्रत्येक केंद्र पर औसतन 839 मतदाता पंजीत हैं।इस बार 22 पिंक पोलिंग स्टेशन, 7 पीडब्लूडी पोलिंग स्टेशन और 7 यूथ पोलिंग स्टेशन विशेष रूप से बनाए गए हैं।ताकि मतदान को सहज और समावेशी बनाया जा सके।मतदान केंद्रों पर सुरक्षा और निगरानी की पुख्ता व्यवस्था की गई है। सभी 2,537 मतदान केंद्रों पर दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। इनकी निगरानी कारगिल विजय सभा भवन स्थित कंट्रोल रूम से की जा रही है। इसी बीच 88 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता रामचंद्र प्रसाद सिंह भी मतदान केंद्र पहुंचे और लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि वे विकास और जनहित के मुद्दों पर वोट देने आए हैं। सुबह से ही मतदाता उत्साहपूर्वक अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच रहे हैं और मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

शिवाजीनगर में भी मतदान को लेकर दिखा उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शिवाजीनगर। प्रखंड क्षेत्र के रोसड़ा और वारिसनगर विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। विशेषकर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं और महिलाओं में उत्साह का माहौल नजर आया। सुबह सात बजे से ही मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचने लगे। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन की ओर से कड़े प्रबंध किए गए थे। प्रत्येक बूथ पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी या अव्यवस्था न हो। मतदान के दौरान कहीं से भी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं मिली। मतदान केंद्रों पर पहली बार वोट डालने आए युवाओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने को लेकर खुशी जाहिर की। कई युवाओं ने कहा कि यह उनके जीवन का गर्व का क्षण है जब उन्होंने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं बुजुर्गों और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। प्रखंड क्षेत्र के डुमरा मोहन, रानी परती बल्लीपुर, बंधार, परसुराम, बोरज, दसौत आदि गांव में मतदान केंद्रों पर प्रशासनिक अधिकारी लगातार निरीक्षण करते रहे। मतदानकर्मियों ने भी अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ अपने चुनावी कार्य का निर्वहन किया। अंतिम रिपोर्ट के अनुसार, शिवाजीनगर प्रखंड में लगभग 65 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पूरे क्षेत्र में मतदान के दौरान शांतिपूर्ण और उत्सव जैसा माहौल बना रहा। स्थानीय प्रशासन ने मतदाताओं और मतदान कर्मियों की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि सभी ने चुनाव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। मतदान केंद्रों पर सीओ बिना भारती। बीडीओ आलोक कुमार सिंह, बीपीआरओ नाजिश परवीन, शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार, हथौड़ी थानाध्यक्ष मौसम सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

मतदान के प्रति महिलाओं में दिखा खासा उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वीरपुर। विधानसभा चुनाव को लेकर वीरपुर प्रखंड प्रशासन पुरी तरह से मुस्तैद रही। वीरपुर प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर ने बताया कि कुल 79 बूथों पर 68918 मतदाताओं में से 32932 महिला मतदाताओं ने जमकर मतदान किया। वृद्ध मतदाताओं ने भी अपना मतदान किया। वहीं नए मतदाताओं ने मतदान करने के बाद बूथ पर खुश नजर आए साथ ही उन्होंने बताया कि अपने आने वाले अगली भविष्य को लेकर सोच समझकर हमने अपना मतदान किया है। मतदान सुबह सात बजे से लेकर शाम छह बजे तक मतदान किया जाना था। शाम तीन बजे तक वीरपुर प्रखंड के 63 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 70 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल हैं। शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो जिसको लेकर वीरपुर प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर, थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, अंचल अधिकारी भाई बीरेंद्र सहित अन्य पदाधिकारी लगातार गस्त पर दिखे। समाचार प्रेषण तक मतदान की प्रक्रिया जारी थी।

सदानंदपुर गांव में पीट-पीटकर युवक की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बलिया। थाना क्षेत्र के फतेहपुर पंचायत अंतर्गत सदानंदपुर गांव में एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी तब हुई जब दो मोटरसाइकिल से घायल युवक को उठाकर उसके घर भगतपुर वार्ड 7 में पहुंच कर हथियार का वह दिखाते हुए चला गया। आनन फानन में परिजन उठाकर इलाज के लिए बलिया लाया। जहां से उसे बेहतर इलाज हेतु बेगूसराय रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के भगतपुर वार्ड 7 निवासी विष्णु देव कुमार का 35 वर्षीय पुत्र शंभू कुमार बताया गया है। घटना की जानकारी बलिया पुलिस को दिया गया। सूचना मिलते हैं थाना अध्यक्ष विकास कुमार राय ने पुलिस बल के साथ पहुंच कर सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय भेज दिया। उन्होंने बताया कि ना की जानकारी मिली है पोस्टमार्टम में भेजो गया परिजन के तरफ से आवेदन मिलने पर प्राथमिक की दर्ज कर आग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। मृतक के भाई सुबोध कुमार ने बताया कि मेरा भाई मजदूरी करता था। चार महीना से सदानंदपुर के मिंटू सिंह के यहां मजदूरी करने जाता था। बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे दो मोटरसाइकिल से चार की संख्या में बदमाश पहुंचकर मेरे भाई को घायल अवस्था में दरवाजा पर उतार दिया। जब मैं उससे पूछताछ करने लगा तो उन्होंने हथियार का वह दिखाते हुए फरार हो गए। मृतक को दो लड़की एवं एक लड़का है। जिसमें बडा लडका 8 साल का है। मृतक की पत्नी डेढ साल पूर्व मर चुकी है।

मतदान केन्द्रों पर नये मतदाता रहे रोमांचित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बलिया। साहेबपुर कमाल विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस दौरान क्षेत्र के मतदाताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। सुबह 7 से शाम के 6 बजे तक होने वाले इस मतदान में मतदाता 7 बजे से पहले ही मतदान केन्द्र पर पहुंच पहले मतदान फिर जलपान के तर्ज पर मतदान करने पहुंच गये। जिससे बलिया प्रखंड क्षेत्र के दियारा इलाके की लगभग सभी बूथों पर मतदाताओं की खासे भीड़ देखी गयी। जो दोपहर होते-होते सुस्त हुई। जबकि तीन बजे के बाद एक बार फिर से मतदान केंद्रों पर भीड़ उमड़ पड़ी. जिसमें महिला एवं पहली बार मतदान कर रहे मतदाताओं के बीच उत्साह देखने को मिला। दूसरी ओर शहरी क्षेत्र के मतदाताओं में भी उत्साह कम नहीं था। बलिया नगर परिषद के कई बूथों पर कतार में लगकर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लये पीने का पानी, धूप से बचने के लिये शेड आदि की व्यवस्था चुनाव आयोग के द्वारा किये गये थे वहीं विधानसभा मुस्लिम इलाके के मतदान केन्द्रों पर पर्दानसी महिलाओं की भी भीड़ देखी गयी। एक ओर जहां मतदान शुरूहोने के दो घंटे बाद मतदान का प्रतिशत 14.60 दोपहर रहा. वहीं 1 बजे तक पूरे विधानसभा में मत का प्रतिशत 41.70 पहुंच गया। वहीं यह प्रतिशत विधानसभा के ग्रामीण इलाकों में 50 से अधिक रहा। जबकि दोपहर बाद करीब 2 घंटे के लिये मतदाता सुस्त रहे। वहीं 3 बजे के बाद एक बार फिर से मतदाता मतदान केन्द्रों पर पहुंचने लगे। सभी बूथों पर मतदाता के मोबाइल फोन रखने के लिये अलग से व्यवस्था की गयी थी। जहां मतदान केंद्र पर मौजूद कर्मी के द्वारा केंद्र से बाहर ही मतदाताओं का मोबाइल जमा कर कर लिया जाता था। जबकि इसके बदले में मतदाता को एक टोकन दिया जाता था। विधानसभा के ग्रामीण इलाकों के कई गांव में जमकर वोट डाले गये। कई-कई गांव में मत का प्रतिशत अधिक रहा। जिससे मतदाताओं के उत्साह का अंदाजा लगाया जा सकता है। मतदान को लेकर विधानसभा के सभी 321 मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के करें इंतजाम किये गये थे। मतदान केन्द्रों पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ अर्द्धसैनिक बल के भी जवान मौजूद थे। जबकि समय-समय पर सेक्टर के पदाधिकारी का मतदान केन्द्रों पर आना-जाना लगा रहा।

Format C-2

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

1.	2.	3.	4.		5.		
S. No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	207-CHENARI	NEHA KUMARI	Session Judge, Rohtas, P.S. Case No. 269/22 & Pending	Sec. 147,148, 140, 341,323,307,353,427, 504, 506, IPC	NA	NA	NA

Format C-2

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

1.	2.	3.	4.		5.		
S. No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	216-JEHANABAD	ABHIRAM SINGH	1.J.M 1st Class, Jehanabad, P.S Case no 260/13 & Pending 2.C.J.M, Jehanabad, P.S Case no. 421/34 & Pending	1.Section 420,467, 468,471/34 IPC 2.Section 341, 323, 504/34 IPC	NA	NA	NA

Format C-2

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

1.	2.	3.	4.		5.		
S. No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	206-CHAINPUR	HEMANT KUMAR CHOUBEY	1.A.C.J.M., Bhabhua, P.S. Case No. 26/23 & Pending 2 . J . M . - I , Bhabhua, P.S. Case No. 2521/18 & Pending	1.Sec. 341,323, 147,148,149,506, 504, 394,384 I.P.C & 27 Arms Act 2.Sec. 147, 148, 149,430,353, 506 I.P.C	NA	NA	NA

ग्रामीण इलाकों में खूब दिखा मतदाताओं का जोश

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मसौढ़ी में मतदान संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत गुरुवार को मसौढी विधानसभा में कडी सुरक्षा के बिच शांतिपूर्ण तरीक़े से मतदान संपन्न हुआ। शाम पांच बजे तक औसतन 60.20% प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। शहरी क्षेत्रों में मतदान की गति अपेक्षाकृत काफी धीमी रही। जैसे-जैसे दिन चढ़ा, मतदाताओं का उत्साह भी बढ़ता गया, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने भारी संख्या में मतदान किया। मसौढ़ी के ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें रहीं। वहीं महिलाओं और युवा मतदाताओं में उत्साह साफ दिखा। मसौढी शहर के बूथों में मतदान की रफ्तार धीमी रही। शहर के कई

मतदान केंद्रों पर दोपहर तक मतदाताओं की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। निर्वाची कार्यालय से बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और अब तक मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो रहा है। हलांकि शाम तक मतदान प्रतिशत में और इजाफा हुआ। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, ग्रामीण इलाकों में उच्च मतदान प्रतिशत से स्थानीय उम्मीदवारों की उम्मीदें बढ़ी हैं। विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने काफी उपाय किए हैं। बहरहाल मसौढ़ी विधानसभा में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। जहां मतदाताओं में काफी उत्साह देखते बना। हर बूथों पर लंबी कतारों में लगकर मतदाता अपना मत का प्रयोग किया। मसौढी विधानसभा में 443 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर कुल मतदाता 3,26,092 है। वहीं पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 71,109 है एवं महिला मतदाताओं की संख्या 1,54,983 हैं। इसके अलावा दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 3641 है। मसौढ़ी शहर में 75 बूथ बनाए गए जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 368 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 52 संवेदनशील बूथ बनाए गए हैं, अति संवेदनशीलबूतों की संख्या 11 है। इसके साथ ही जिला प्रशासन ने इस बार अत्यंत संवेदनशील बूथ 222 को बनाए हैं। हर बूथों पर पैरा मिलिट्री फोर्स की तैनाती रही। सभी बूथों पर लाइव वेबकास्टिंग की सुविधा की गई है। सुबह 7:00 से वोटिंग शुरू हो गई हलांकि शुरुआत के समय में कई जगहों पर छिटपुट बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट के खराबी आने से बदले गए हैं। जिसमें बूथ नंबर 373, 455, 456 में कुछ देर के लिए गड़बड़ी आई थी जिसे बदल दिया गया है। बहरहाल शांतिपूर्ण तरीके से मसौढी विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथो पर वोटिंग हुई।

पालीगंज में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न, उत्साह से भरे दिखे मतदाता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पालीगंज। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में पालीगंज विधानसभा क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। सुबह सात बजे से शुरू हुआ मतदान शाम छह बजे तक जारी रहा। क्षेत्र में कुल 64 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पुरुषों और महिलाओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और मतदान केंद्रों पर सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। रेगनिया डीह के बूथ संख्या 314, 315 और नोनियाचक के बूथ संख्या 157, 158 पर ग्रामीणों द्वारा पहले घोषित मतदान बहिष्कार का कोई असर नहीं दिखा। दोनों स्थानों पर मतदाता बड़ी संख्या में पहुंचकर वोट डालते नजर आए। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी 369 मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी। एसडीएम, एसडीपीओ, सीओ, बीडीओ और सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट दिनभर क्षेत्रों का निरीक्षण करते रहे। मतदान के दौरान तीन लोगों को अलग-अलग मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किया। पालीगंज के पूर्व उपमुखिया दिनेश कुमार को मतदान करते समय ईवीएम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में हिरासत में लिया गया। वहीं महाबलीपुर के मुखिया निकेश कुमार उर्फ छोटे और एक अन्य व्यक्ति को बूथ पर रुपये बांटने के आरोप में पकड़ा गया। पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि वोकश वोटिंग को लेकर कुल 13 लोगों को डिटेन किया गया था, जिन्हें मतदान समाप्त होने के बाद छोड़ दिया गया।

मसौढ़ी विधानसभा में 2010 से अब तक 6 फीसदी मतदान की बढ़ोतरी

मसौढ़ी विधानसभा में 5:30 बजे तक 59.91 प्रतिशत मतदान

शहरी के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी हुई बंपर वोटिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढी विधानसभा में गुरुवार को हुए प्रथम चरण के मतदान में तकरीबन 60 प्रतिशत मतदान हुआ है। ऐसे में 2010 से 2025 तक के हुए चुनाव मे मतदान प्रतिशत में बढोतरी हुई है। 2010 के विधानसभा में बात करें तो 54.33 प्रतिशत मतदान का प्रतिशत रहा है। उसके बाद 2015 में 57.66 पर्सेंट मतदान हुआ है। वहीं 2020 में 58.40 प्रतिशत मतदान का प्रतिशत रहा है। वहीं 2025 में हुई वोटिंग में 59.91 प्रतिशत मतदान हुआ है। बहरहाल 2025 के विधानसभा चुनाव में हुई वोटिंग के अनुसार सुबह 7:00 बजे से 9:00 तक पहले राउंड में 15.65 प्रतिशत मतदान रहा है। वहीं सुबह 11:00 तक सेकंड राउंड में 31.46 प्रशित मतदान हुआ, दोपहर 1:00 बजे तीसरे राउंड में 48.06 प्रतिशत मतदान हुआ है। दोपहर 3:00 बजे चौथे राउंड में 56.5 प्रतिशत मतदान हुआ है पांचवें में राउंड में 59.51 प्रतिशत मतदान हुआ है जो शाम 5:30 बजे तक फाइनली 59.91 प्रतिशत तक मतदान का प्रतिशत रहा है। लगातार स्वीप के माध्यम से चलाया जा रहे हैं जिला प्रशासन के द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर मसौढ़ी विधानसभा में मतदान का प्रतिशत लगातार बढ़ोतरी हुई है शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बंपर वोटिंग हुई है।

बिहार में खुलीं उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की चार नई शाखाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन एसएफबी) ने पूर्वी भारत में अपने नेटवर्क के विस्तार की घोषणा की है। बैंक ने बिहार राज्य के चार शहरों- बेगूसराय, भागलपुर, जमुई और कटिहार में नई शाखाएँ खोली हैं। इस कदम के साथ बैंक ने अर्द्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे कारोबारियों, घर खरीदने के इच्छुक लोगों और अब तक बैंकिंग से दूर समुदायों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। इन नई शाखाओं के साथ, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक अब बिहार में अपनी पहुँच को और बढ़ा रहा है। बैंक वर्तमान में 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 98.8 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवाएँ दे रहा है। ये चार नई माइक्रो बैंकिंग (एमबी) शाखाएँ मुख्य रूप से ग्रुप लोन (जीएल) और इंडिविजुअल लोन (आईएल) पर फोकस करेंगी। साथ ही, इनसे स्थानीय स्तर पर करीब 40-45 लोगों के लिए रोज़गार के अवसर भी उत्पन्न होंगे, जिससे बिहार की आर्थिक प्रगति को बल मिलेगा। माइक्रो बैंकिंग और गोल्ड लोन के हेड, श्री विभास चंद्र ने कहा, बिहार हमारे लिए एक अहम विकास क्षेत्र है, जहाँ मजबूत उद्यमशीलता की भावना और भरोसेमंद वित्तीय सेवाओं की बढ़ती जरूरत साफ दिखाई देती है। नई शाखाओं की शुरुआत हमारे इस संकल्प को दर्शाती है कि हम जमीनी स्तर पर लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना चाहते हैं।

जो युवाओं की बात करेगा हम वैसी ही सरकार चुनेंगे

पहली बार की वोटिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी विधानसभा में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पूरे मसौढ़ी विधानसभा में 443 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां 3,26092 मतदाता उम्मीदवारों का भाग्य का फैसला कर रहे हैं। ऐसे में मसौढी विधानसभा में तकरीबन 82678 युवा मतदाता है जो 18 वर्ष से लेकर 38 वर्ष के युवा निर्णायक भूमिका में है। हालांकि इस बार के फर्स्ट टाइम के वोटरों में भी काफी उत्साह देखते बन रहा है। मसौढ़ी में विधानसभा में पहली बार वोटिंग

करने वाले युवक युवती से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हम युवाओं की रोजगार की बात करेगा हम वैसे ही सरकार चुनने जा रहे हैं। मतदाताओं में सोनाली कुमारी, किरण कुमारी, रागिनी कुमारी, सुषमा कुमारी आदि युवा मतदाताओं ने जो फर्स्ट टाइम वोट किया है उनकी माने तो हम युवाओं के लिए रोजगार की बात करने वाले ही सरकार को बनाएंगे जो हमारे उज्जवल भविष्य के बारे में सोचेंगे एजुकेशन पर सबसे ज्यादा फोकस करने वाले सरकार वही हम चुनने जा रहे हैं।

मसौढ़ी के लाल इलाके में जमकर बरसे वोट

नक्सल बूथों पर बेखौफ महिला मतदाताओं ने की जमकर वोटिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी के लाल इलाका कहे जाने वाले बूथ, जहां बेखौफ होकर मतदाताओं ने घर से निकलकर बंपर वोटिंग की है। मसौढ़ी में जहां पर महिलाओं की संख्या 1,54,983 हैं। खासकर अति संवेदनशील बूथ 222 बनाए गए हैं। पिछले कई सालों से नक्सल बूथों पर वोटिंग की परसेंटेज थोड़ी सी कम देखी गई है, लेकिन अब धीरे-धीरे बदलते माहौल में खासकर नक्सली इलाकों में अब लोग खुलकर घर से बाहर निकाल कर वोटिंग कर रहे हैं, पुरुष

तो छोड़िए महिला भी घर से निकलकर वोट कर रहे हैं एक वक्त था जब घर के चौखट के अंदर ही महिलाएं रहती थीं, वोटिंग करने नहीं जाते थे लेकिन बदलते बयार की दौर में नक्सली इलाके में भी महिलाएं चौखट से और घूंघट से बाहर निकाल कर जाकर वोट कर रही है, नक्सली इलाके की महिला मतदाताओं ने कहा कि एक स्थाई और सशक्त सरकार बनाने के लिए और विकास के नाम पर हम सरकार चुन रहे हैं, वहीं नक्सली इलाके के मतदाताओ ने कहा कि एक वक्त था कि लोग अपने घर से निकलकर वोटिंग नहीं करते थे, वोटिंग के प्रति रुचि नहीं रखते थे लेकिन अब बदलते बिहार में लोगों के अंदर उत्साह देखा जा रहा है। पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाता में काफी उत्साह देखते बन रहा है जहां लोगों ने बंपर वोटिंग की है।

किसी मतदान केन्द्र पर नहीं दिखा सेल्फी प्वाइंट

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। चुनाव से पहले जिला प्रशासन ने लगातार तबातोड़ मतदाताओं के बीच मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया था, इसी कड़ी में वोटिंग के दिन आदर्श मतदान केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट लगाकर मतदाताओं को उत्साहित करना था, लेकिन मसौढी विधानसभा क्षेत्र के 443 मतदान केंद्रों पर किसी भी एक बूथ पर सेल्फी प्वाइंट नहीं दिखा। ऐसे में वैसे युवा जो वोट देकर उंगली में हुए स्याही को दिखाकर सेल्फी लेने का उत्साह पर पानी फिर गया। बताया जाता है की चुनाव में बुथों पर सेल्फी स्टैंड उपलब्ध नहीं रहने से स्थानीय युवाओं ने अपनी निराशा व्यक्त की क्योंकि सेल्फी लेना अब मतदान जागरूकता अभियान का एक लोकप्रिय हिस्सा बन गया है। बावजूद मसौढ़ी में खासकर आदर्श मतदान केंद्र और महिला बूथों पर सेल्फी स्टैंड नहीं रहने से युवा वर्गों में प्रशासन के प्रति नाराजगी भी दिखी।

वृद्ध मतदाताओं में भी दिखा उत्साह, युवाओं को दिया मतदान का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। प्रथम चरण के हुए मतदान पर्व पर मसौढी विधानसभा में हर वर्ग लोगों ने उसे खासा उत्साह के साथ जमकर वोटिंग की। ऐसे में बुढ़ी हड्डियों में भी गजब का उत्साह दिखा, जहाँ वृद्ध मतदाताओं में भी जमकर वोटिंग की। कोई लाठी के सहारे चलकर बूथ पर पहुंचे तो कई अपने परिजनों के साथ बूथ पर पहुंचे। ऐसे में भगवानगंज की 80 वर्ष की सुखिया देवी ने वोट की वहीं मसौढी के सरवां गांव के 85 वर्ष के हरवंश सिंह अपनी पत्नी मालती देवी(78) के साथ वोट किया, धनरूआ के केवड़ा निवासी नागेंद्र सिंह (76) ने भी बूथ पर पहुंचकर वोट किया। बूथ सं0-296 पर 94 वर्षीय लड्डू देवी मुस्तफापुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अपना मतदान किया और युवा मतदाताओं को संदेश दिया कि लोकतंत्र के इस महापर्व मे सभी अपना सतत भागीदारी

निभाकर अपना मतदान का फर्ज निभाएं। 94 वर्ष की लड्डू देवी ने बताया कि एक वक्त था कि हम सभी लोग गांव में बैलगाड़ी से मतदान करने गांव में बूथ पर जाते थे आज बदलते वक्त में सिस्टम बदल गया है और अब तो शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कर रहे हैं।

वोट देकर लौटने के दौरान सड़क हादसे में पूर्व जिला पार्षद समेत दो की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। पटना-गया फोरलेन पर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नदौल के पास में गुरुवार की सुबह वोट देकर लौट के दौरान एक स्कॉर्पियो की ठोकर से दो लोगों की मौत मौके पर ही हो गई। जिसकी पहचान पूर्व जिला परिषद सदस्य रहे सुरेश प्रसाद यादव और सुरेंद्र यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने भागते हुए गाड़ी को पकड़ लिया और ड्राइवर के साथ मारपीट की लेकिन मौके पर पुलिस पहुंचकर उसे किसी तरह से अपने कब्जे में लिया, इस दौरान सड़क जाम की भी स्थिति बन गई। हालांकि दलबल के साथ पहुंचे एएसपी कोमल मीणा थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने गुस्साए लोगों को किसी तरह से समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया। दरअसल बताया जाता है कि वोटिंग के दौरान सुबह करीब 8:00 बजे के आसपास पूर्व जिला परिषद सदस्य रहे सुरेश प्रसाद अपने साथी सुरेंद्र यादव के साथ बूथ नंबर 204 मध्य विद्यालय नदौल पर वोट देने गए थे, वोट देकर सड़क पार कर रहे थे उसी वक्त वृंदावन ढाबा के एकदम ठीक सामने ही एक तेज रफ्तार से पटना की ओर से गया जा रही वाहन ने उसे जबरदस्त ठोकर मार दिया जहां एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं गंभीर अवस्था में सुरेश प्रसाद जख्मी हो गए हैं जिसे आनन फानन में जहानाबाद इलाज के लिए ले जाने लगे लेकिन रास्ते में ही उनकी भी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा उबाल पर रहा, घटना के बाद पूरे इलाके में माहौल बड़ा ही गमगीन रहा लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। घटना की सूचना मिलते ही राजद की प्रत्याशी रेखा देवी पहुंची और परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।

Format C-2

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

1.	2.	3.	4.		5.		
S. No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	217-Ghosi	Prabhat Kumar	1.J.M.1s Class, Patna, P.S. Case No - 346/2009, Kankarbagh & Pending 2.In, The court of A.D.J. 27, Patna, P.S. Case No- 151/2011, Beur & Pending 3.J.M. 1s class, Patna, P.S. Case No- 248/2022, Gopalpur & Pending	1.U/S-414, 25(1-B) A/26 Arms Act 2.U/S-420 I.P.C and Unlawful Activities Prevention Act, 1967 19/20 3.U/S-147, 341, 323, 337, 504 I.P.C	NA	NA	NA

Format C-2

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

1.	2.	3.	4.		5.		
S. No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	208-SASARAM	BINAY KUMAR SINGH	1.C.J.M., Sasaram, P.S. Case No. 210/22 & Pending 2.C.J.M., Sasaram, P.S. Case No. 857/18 & Pending 3.A.D.J.- XVII, Sasaram, P.S. Case No. 1/23 & Pending	1.Sec.341,504,342,506,427,353, 379,354/34 of IPC 2.Sec 341,323, 325,386,379,307, 504, 34 of IPC 3.Sec 341,342,323 /34 3(ii)(x) of IPC	NA	NA	NA

नालंदा में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न, 57.58 फीसदी दर्ज की गई वोटिंग

डीएम और एसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के प्रथम चरण में नालंदा जिले में गुरुवार को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। मतदान सम्पन्न होने के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे जिले में मतदान व्यवस्था, सुरक्षा, ईवीएम संरक्षण और आगामी मतगणना की तैयारियों की जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 06 अक्टूबर से राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू है। नालंदा की सात विधानसभाओं– अस्थावा, बिहारशरीफ, राजगीर (अ.जा), इस्लामपुर, हिलसा, नालंदा व हरनौत में कुल 68 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इस बार मतदान का औसत प्रतिशत 57.58% दर्ज किया गया, जो पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तुलना में बेहतर रहा है। सीटवार मतदान प्रतिशत 5 बजे तक दर्ज के अनुसार अस्थावां 54.65%, बिहारशरीफ 53.05%, राजगीर 60.80%, इस्लामपुर 59.84%, हिलसा 60.31%, नालंदा 60.63%, हरनौत 55.72 फीसदी दर्ज की गई है। इसके साथ ही 85+ और पीडब्लूडी मतदाताओं ने घर बैठे मतदान की सुविधा का लाभ लिया। हरनौत विधानसभा के केंद्र संख्या 280 मुशहरी में सड़क और बिजली की मांग को लेकर मतदान बहिष्कार की सूचना की पुष्टि भी की गई। मतदान के बाद सभी ईवीएम मशीनें नालंदा कॉलेज बिहारशरीफ स्थित बज्रगृह में सुरक्षित कर दी गई हैं।

डबल लॉक सिस्टम, 24ब्7 सशस्त्र सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, अभ्यर्थियों को लाइव मॉनिटरिंग की सुविधा जैसी व्यवस्थाएँ लागू हैं।

14 नवंबर 2025 सुबह 8 बजे से स्थान नालंदा कॉलेज बिहारशरीफ में मतगणना होगी। एसपी भारत सोनी ने कहा पूरे जिले में मतदान शांतिपूर्ण रहा। मतगणना के दिन भी सुरक्षा व्यवस्था उसी स्तर पर रहेगी।

दरभंगा शहरी क्षेत्र को लेकर जन सुराज का प्रशासन पर पक्षपात का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान 83-दरभंगा शहरी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी गड़बड़ी को लेकर जन सुराज पार्टी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी का कहना है कि क्षेत्र में फर्जी मतदान, आचार संहिता का उल्लंघन और प्रशासनिक मिलीभगत के चलते चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह प्रभावित हुई है। जन सुराज पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व डीजीपी रैंक अधिकारी आर.के. मिश्रा ने दरभंगा थाना परिसर में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस और प्रशासन लोकतांत्रिक मूल्यों को दरकिनार कर सत्ता के दबाव में काम कर रहे हैं। आर.के. मिश्रा ने कहा, अगर पुलिस मेरे जैसे सेवानिवृत्त डीजीपी अधिकारी के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार कर सकती है, तो आम नागरिकों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने बिहार के पुलिस महानिदेशक से मांग की कि ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए जो अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। मिश्रा ने यह भी आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत के बावजूद चुनाव प्रेक्षक ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन होता रहा। उन्होंने इसे लोकतंत्र का काला अध्याय बताते हुए कहा कि अब लोकतंत्र की रक्षा के लिए निर्णायक कदम उठाने की जरूरत है। जन सुराज पार्टी ने अपनी चार मुख्य मांगें रखीं : भारत निर्वाचन आयोग तत्काल हस्तक्षेप करे। दोषी अधिकारियों को निलंबित कर जांच कराई जाए। प्रभावित बूथों पर पुनर्मतदान कराया जाए। सभी मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक की जाए। मिश्रा ने कहा, यह सिर्फ दरभंगा शहरी की लड़ाई नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा को बचाने की जंग है।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत किया गया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के परिप्रेक्ष्य में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय जहानाबाद के निर्देशानुसार बुधवार को जिला स्वीप कोषांग जहानाबाद द्वारा जिला कृषि कार्यालय सभागार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जहानाबाद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र मखदुमपुर, घोषी एवं जहानाबाद के कृषि सलाहकारों की सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर समाहर्ता सह वरीय नोडल पदाधिकारी, जिला स्वीप कोषांग, राजीव कुमार ने की। कार्यक्रम में जिला स्वीप आइकॉन सह डी0पी0ओ नमामि गंगे, अमित कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, श्रीमती संभावना, एवं उप परियोजना निदेशक, आत्मा, राकेश कुमार की उपस्थिति रही। सभी अधिकारियों ने कृषि सलाहकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 11 नवंबर 2025 को होने वाले मतदान में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी लोकतंत्र को सशक्त बनाएगी। कार्यक्रम के दौरान कृषि सलाहकारों से अपील की गई कि वे अपने-अपने पंचायतों में किसानों, कृषक समूहों एवं ग्रामीण नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करें और यह सुनिश्चित करें कि हर खेत से मतदान का संदेश उठे, हर हाथ मतदान के लिए आगे बढ़े। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर लोकतांत्रिक चेतना को सशक्त करना एवं शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

कांग्रेस ने 70 साल में देश को बहुत कुछ दिया, आज अंबानी और अडानी का हो रहा विकास : प्रियंका गांधी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मधुबनी। कांग्रेस के महासचिव सह सांसद प्रियंका गांधी ने गुरुवार को बेनीपट्टी के अरेर के बच्चा झा जनता उच्च विद्यालय मैदान में महागठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। लोगों को संबोधित करते हुए श्रीमती गांधी ने कहा कि, देश और बिहार को एनडीए ने बर्बाद कर दिया। लोगों का पलायन चरम पर है। किसानों की हालत खस्ता है। लेकिन, किसानों के कर्ज के बजाय मोदी अंबानी और अडानी का कर्ज माफ करते हैं। मोदी कहते है कि, कांग्रेस ने 70 साल में देश के लिए क्या किया, मैं कहने पर आऊंगी तो तीन घंटे लग जाएंगे। कांग्रेस ने देश में आईआईटी, आईटीआई, एम्स और न जाने कितने विश्वविद्यालय दिए। इस बिहार से न जाने कितने आईपीएस और आईएएस निकले, हर जगह बिहार के अफसर रहते थे, मगर आज की स्थिति देख लीजिए। हर राज्य में बिहार का मजदूर है। प्रियंका गांधी ने कहा कि, बिहार में शासन नीतीश कुमार के जगह दिल्ली से मोदी कर रहे है। उन्होंने लोगों से पूछा कि, क्या आप बिहार को बदलना चाहते हो की नहीं। प्रियंका गांधी ने उपस्थित लोगों को एक एक वोट महागठबंधन के प्रत्याशी को देने की अपील की।

इस दौरान कांग्रेस के एमएलसी मदन मोहन झा, अमानुल्ला खान, मनोज मिश्रा, विनोद सिंह, उम्मीदवार नलिनी रंजन झा, बिस्फी के राजद उम्मीदवार आसिफ अहमद सहित महागठबंधन के कई नेता उपस्थित थे।

चचरी पुल पार कर वोट देने जाते हैं ग्रामीण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। ओबरा प्रखंड के महुआंव टोला महेशपुर गांव जाने वाली नदी पर पुल नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा चंदा कर पुल पर चचरी पुल का निर्माण कराया गया है। ग्रामीण मजबूरन चचरी पुल पार कर जाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि महुआंव गांव से महेशपुर टोला तक पुनपुन नदी पर पुल नहीं होने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नारायणपुर-महेशपुर और कनीखर महेशपुर तक सड़क भी नहीं है। ग्रामीण इस बार विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का ऐलान किया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या के संबंध में हम सभी ने पूर्व सांसद महाबली सिंह के समक्ष आवाज उठाया था। उन्होंने सहमति जताते हुए आश्वासन दिया था कि पुल और सड़क का निर्माण कराया जाएगा परंतु उनकी सिर्फ आश्वासन तक ही सीमित कर रह गई है। ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि व स्थानीय पदाधिकारी द्वारा इस मामले में कोई पहल नहीं की जा रही है। जिसे लेकर हम सभी ग्रामीण जनता वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिए हैं। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया है। गांव में सड़क के अलावा अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। गांव में नाली-गली भी नहीं है। आंगनबाड़ी और स्कूल भी गांव में नहीं है। बरसात के दिनों में नदी में बाढ़ आने पर चचरी पुल ध्वस्त हो गया है। ऐसे में गांव टापू बनकर रह जाता है। प्रखंड और जिला मुख्यालय से भी गांव का कनेक्शन कट जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। नदी में अधिक पानी आ जाने के कारण स्कूली बच्चे छह महीने तक स्कूल नहीं जा पाते हैं। जब नदी में जलस्तर कम होता है। जिससे होकर लोग आवाजाही करते हैं।

Format C-2

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25"' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

1.	2.	3.	4.		5.		
S. No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	210-Dinara	Sanjay Kumar	1.1. JM 1st Class, Bikramganj, PS Case no 47/2015, Natwar & Pending 2.JM 1st Class, Bikramganj, Ps Case no 45/2018, Natwar & Pending 3.JM 1st Class, Bikramganj, Ps Case no 03/16, Natwar & Pending 4.JM 1st Class, Bikramganj, Ps Case no 20/11, Sanjhauli & Pending 5.SDJM,Bikramganj, Ps Case no 16/2016, Natwar & Pending	1.Sec 420,171(G) IPC 2.Sec 341,323, 337, 504, 506/34 IPC 3.Sec 406,407, 408,409,467 ,468, 420,120 (B) IPC 4.Sec 304(A),34 IPC 5.Sec 420,120(B) and 7E.C Act	NA	NA	NA

Format C-2

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25"' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

1.	2.	3.	4.		5.		
S. No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	215-KURTHA	RAMBALI SINGH	A.C.J.M.- I, Patna, Peerbahor P.S. Case No. 148/20 & Pending	Sec.- 341, 323, 504, 506 IPC	NA	NA	NA

Format C-2

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25"' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

1.	2.	3.	4.		5.		
S. No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	212-DEHRI	PRADEEP LALLAN SINGH	1.JM 1st Class Vasai, PS Case no 622/22 Tulinga Thana & Pending 2.JM 1st Class Vasai, PS Case No 239/23 Tulinga Thana & Pending 3.JM 1st Class Vasai, PS Case No 665/23 Tulinga Thana & Pending 4.ADJ Vasai, PS Case No 123/24 Tulinga Thana & Pending 5.JM 1st Class Vasai, PS Case No 174/15 Valiv Thana & Pending 6.JM 1st Class Dehri, Case No 123/21 & Pending	1.Sec. 420, 406, 465, 467, 468, 471, 506,34 of IPC 2.Sec. 420, 406, 465, 467, 468, 471, 506, 34 of IPC 3.Sec. 304, 201, 304A, 182, 34 of IPC 4.Sec. 307, 324, 323, 504, 506, 34 of IPC 5.Sec. 323, 353, 504, 506, 34 of IPC 6.Sec. 420, 406, 120A, 34 of IPC	NA	NA	NA

इनामी कुख्यात अपराधी अशोक साह झारखण्ड से गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। जिले के करवंदिया थाना क्षेत्र के अमरा तालाब के निवासी एवं व्यवसायी सूरज प्रसाद की फिरौती के लिए अपहरण में शामिल पचास हजार का इनामी अशोक सह उर्फ अशोक मास्टर को रोहतास पुलिस ने झारखण्ड से गिरफ्तार किया है। एसपी रौशन कुमार के अनुसार सूरज प्रसाद अपहरणकर्ताओं के द्वारा एक उजले रंग के स्वीफ्ट डिजायर कार से अमरा तालाब में पुरानी जी.टी. रोड पर स्थित हरि ओम मेडिकल के सामने से अपहरण कर लिया गया था। फिरौती के रूप में पचास लाख रूपये की मांग की गयी थी। उन्होंने बताया कि इस घटना में अपहृत की सकुशल बरामदगी एवं संलिप्त अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी के लिए सासाराम के एसडीपीओ एक के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था जिसमें थानाध्यक्ष करवंदिया एवं तकनीकी सहायता हेतु जिला आसूचना इकाई की टीम को शामिल किया गया था। गठित टीम के द्वारा अनुसंधान प्रारंभ करते हुए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन एवं घटनास्थल के तकनीकी विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ कि इस घटना को अशोक साह उर्फ अशोक मास्टर गिरोह के द्वारा अंजाम दिया गया है। इस घटना में इनके अलावा इनके गिरोह के सात लोग संलिप्त पाये गये थे। उन्होंने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण एवं प्राप्त आसूचना के आधार पर इस काण्ड के अपहृत व्यवसायी सूरज प्रसाद को चार घण्टे के अंदर नासरीगंज थाना क्षेत्र के सोन नदी के किनारे स्थित पडुरी गांव से सकुशल बरामद कर लिया गया था। इस काण्ड में संलिप्त इनके गिरोह के सात अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था जबकि इस गिरोह के सरगना अशोक साह उर्फ अशोक मास्टर घटना के बाद से फरार हो गया था। एसपी ने बताया कि आसूचना प्राप्त हुई कि इस गिरोह के फरार सरगना अशोक साह उर्फ अशोक मास्टर झारखण्ड के पलामू जिला के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया गांव में आया हुआ है। इस सूचना पर गठित टीम के द्वारा तकनीकी विश्लेषण के आधार पर गम्हरिया गांव में छापेमारी की गई जहां एक घर से कुख्यात अपराधकर्मी अशोक साह उर्फ अशोक मास्टर को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सरगना अशोक साह उर्फ अशोक मास्टर ने गठित टीम के समक्ष पूछताछ में इस घटना एवं इस घटना के अलावा कई फिरौती हेतू अपहरण की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सरगना अशोक साह उर्फ अशोक मास्टर पूर्व में कई हत्या, फिरौती हेतु अपहरण एवं शस्त्र अधिनियम के काण्डों में आरोप पत्रित हैं। इसकी गिरफ्तारी पर पचास हजार का इनाम सरकार के द्वारा घोषित की गई थी। इनके गिरोह के अन्य सक्रिय सदस्य तथा इनका नेटवर्क के संबंध में जांच की जा रही है। जांचोपरांत इनके विरूद्ध साक्ष्यानुसार आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। इनके अन्य आपराधिक इतिहास के संबंध में जांच की जा रही है। एसपी ने बताया कि पुलिस टीम में शामिल करवंदिया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार, पु.नि. राहुल प्रभारी जिला आसूचना इकाई, रिकेश कुमार, कृतिका कुमारी सभी सदस्यों को पुरस्कृत किया जा रहा है।

डिहरी में गुरु नानक देवजी का 556वां प्रकाश उत्सव श्रद्धा और उल्लास से मना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। गुरु नानक देव जी का 556वां पावन प्रकाश पर्व डिहरी के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह प्रभातफेरी निकाली गई जिसमें संगत ने 'गुरु की वाणी' का गायन करते हुए नगर भ्रमण किया। अमृतसर से पधारे भाई गुरमीत सिंह, भाई बलजीत सिंह एवं विक्की सिंह ने भावपूर्ण शब्द कीर्तन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को निहाल कर दिया। कार्यक्रम के दौरान गुरु का लंगर वितरित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारा परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। संगत ने गुरु नानक देव जी के उपदेश – 'प्रभु के शुभ गुणों को जीवन में अपनाने' का संकल्प लिया। इस अवसर पर एनडीए समर्थित लोजपा प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह तथा राजद प्रत्याशी गुड्डू चन्द्रवंशी ने गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका और गुरु का आशीर्वाद लिया। मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के प्रधान सरदार सुरजीत सिंह, सरदार मनिंदर सिंह, सरदार हरजीत सिंह, सरदार जोग सिंह सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

नगर पंचायत क्षेत्र से 33 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोचस (रोहतास)। कोचस पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने 8 पीएम ब्रांड की 33 पीस अंग्रेजी शराब बरामद की है।

थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नगर पंचायत के करीब आधा दर्जन वार्डों में एक साथ छापेमारी की। पुलिस की भनक लगते ही कारोबारी मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर फरार कारोबारी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि कोचस क्षेत्र में शराबबंदी कानून के उल्लंघन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। शराब तस्करी और बिक्री में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बिहार का विकास पीएम मोदी और नीतीश कुमार की देन : रेखा गुप्ता

एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को किया सम्बोधित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कैनाल रोड स्थित इं. लल्लन सिंह स्पोर्टिंग क्लब मैदान में एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि यहां जितने भी उद्योग यहां बंद हुए, रोजगार के साधन कम हुए उन सब को नए सिरे से एनडीए सरकार शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि आज बिहार में जितना विकास हुआ, फ्लाई ओवर बने, कॉलेज बने, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, एम्स बने यह पीएम मोदी जी और नीतीश कुमार की सरकार की देन है। पूरे बिहार का विकास होना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली और बिहार में तो दिल और आत्मा का संबंध है। बिहार के विकास से दिल्ली का दिल खुश होता है। बिहार का विकास टप्पू व पप्पू नहीं कर सकते। आज जिस सड़क पर विपक्ष के लोग बाइक रैली निकाल सकते वह सड़क भी पीएम व सीएम नीतीश कुमार की देन है। उन्होंने कहा कि एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह को हेलीकॉप्टर छाप पर मोहर लगाकर विजयी बनायें ताकि वे आपकी आवाज को सदन तक पहुंचायेंगे। इन पर कोई एक दाग नहीं है। विपक्ष के प्रत्याशी भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। उनको सभी जानते हैं। इसके लोजपा 'आर' के सांसद व पार्टी के प्रभारी अरुण कुमार ने कहा कि आरा की सभा में पीएम नरेंद्र मोदी ने डालमियानगर में रेल कारखाना लगाने का भरोसा दिया है। डालमियानगर में रेल कारखाना निश्चित लगेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। सोनू सिंह की पत्नी नीतू सिंह ने अंग वस्त्र और फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू की जिला अध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी ने किया। सभा को एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह सोनू सिंह, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, राजेश्वर राज, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता, शशि भूषण गुप्ता, बबल कश्यप, अजय सिंह, महेंद्र पासवान, लोजपा नेता दशरथ पासवान सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर काफी संख्या में महिलाएं-पुरुष उपस्थित थे।

दलित वोट बंटना बंद हो, तभी होगा समाज का विकास : मायावती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। कैमूर जिले के हवाई अड्डा मैदान में गुरुवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जातिवाद और पूंजीवाद के कारण दलित, पिछड़े और गरीब तबकों का विकास अब तक रुक गया है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी का दलित वोट जब-जब अन्य दलों में बंटा है, तब-तब समाज के उत्थान की प्रक्रिया कमजोर हुई है। सभा में हजारों की संख्या में लोग मायावती को सुनने पहुंचे थे। मंच पर उन्हें चांदी का हाथी भेंट किया गया। उन्होंने कहा कि बसपा अपने दम पर बिहार में चुनाव लड़ रही है ताकि जनता के असली मुद्दों को उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि समर्थन के आधार पर सरकार बनाने की स्थिति आती है तो बसपा अपने समाज के हितों की रक्षा के लिए अपनी शर्तों पर सरकार में शामिल होगी। मायावती ने केंद्र और राज्य की सरकारों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि बीजेपी, कांग्रेस और अन्य दलों की जातिवादी और पूंजीवादी नीतियों ने दलित, पिछड़े, किसान, मजदूर और अल्पसंख्यक समाज को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि बिहार में आज भी गरीबी और बेरोजगारी की वजह से बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है जबकि सरकारें केवल घोषणाओं में व्यस्त हैं। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है, लेकिन बाबा साहब अंबेडकर द्वारा दिए गए अधिकारों की रक्षा केवल बसपा ही कर सकती है। मायावती ने कहा कि उनकी सरकार बनी तो जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण लागू किया जाएगा। अंत में उन्होंने जनता से अपील की कि वे लालच और जातिवाद से ऊपर उठकर बसपा को समर्थन दें, ताकि समाज के हर वर्ग का वास्तविक विकास सुनिश्चित किया जा सके।

कार्तिक पूर्णिमा सबसे महत्वपूर्ण पर्वों में से एक : गुड्डू चन्द्रवंशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान दीपदान हवन यज्ञ आदि करने से सांसारिक पाप का नास होता है। उक्त बातें महागठबंधन समर्पित राजद प्रत्याशी गुड्डू चन्द्रवंशी ने मयूर नवयुवक क्लब राधे गोविंद मंदिर शिवगंज के द्वारा छठ पूजा गेट निर्माण तथा छठ घाट पर व्यवस्था करने के उपरांत हर साल की भांति कार्तिक पूर्णिमा के दिन भजन कीर्तन का आयोजन में कहा। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा सबसे महत्वपूर्ण पूर्णिमा में से एक है। सनातन धर्म में हर पूजा का विशेष महत्व है। उन्होंने मयूर नवयुवक क्लब के सभी सदस्यों को छठ गेट एवं घाट पर व्यापक व्यवस्था के लिए बधाई और धन्यवाद दिया। डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने कहा कि मयूर नवयुवक क्लब के द्वारा छठ पर्व के बाद हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन भजन कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कमेटी के सदस्यों को भूरी-भूरी प्रशंसा की।

वही भजन कीर्तन की शुरूआत व्यास अवधेश चौधरी, रामप्रसाद चौधरी के द्वारा की गई। क्लब के शक्ति सिंह, अखिलेश यादव द्वारा अतिथियों को फूलों का माला एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मकराइन से गायक रामेश्वर शर्मा जगदीश तथा ढोलक मुरारी के निर्गुण भजन पर पूरी रात श्रोता झूमते रहे। कलाकार नरेश चौधरी, ननकू बमडी, गंगा, राम नारायण बम चौधरी इंदर चौधरी, बलदेव पासवान, राधे गोविंद मंदिर के महंथ मनोहर दास ने भी भजन प्रस्तुत किए। इस मौके पर क्लब के शालू यादव, दीपक सिंह, विनोद सिंह, कइल मिस्त्री, प्रकाश चौधरी, धनजी पासवान, टाइगर बबलू विशाल, दीपक कुमार, प्रकाश सिंह, आकाश कुमार, राजेन्द्र चौधरी, पोरस सिंह, गोरख सिंह क्लब के सदस्य के अलावा राजद नेता तथा काफी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित थे।

पीएम आएंगे आज, सुरक्षा को लेकर डीएम-एसपी ने की संयुक्त समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित भभुआ आगमन को लेकर आज जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला मुख्यालय स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान की जाने वाली संपूर्ण सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के साथ-साथ जनसुविधा एवं यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या समन्वयहीनता को गंभीरता से लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा की दृष्टि से सभी मार्गों, कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड और विश्राम स्थल की सुरक्षा तैयारियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी नियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने सेक्टर में सतर्क रहकर हर स्थिति पर पैनी नजर रखें तथा संदेहास्पद गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करें। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के त्रिस्तरीय प्रबंध किए जा रहे हैं। एसएसजी के साथ समन्वय स्थापित कर सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए यातायात नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था तथा जनसंपर्क टीमों को सक्रिय रखा जाए। सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी अपने निर्धारित दायित्व स्थल पर समय से उपस्थित रहेंगे। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, वरीय पुलिस अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

आरपीएफ डिहरी ने की लावारिस हालत में देसी शराब जब्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि निरीक्षक प्रभारी डिहरी ऑन-सोन के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोज कुमार साथ प्रधान आरक्षी बी. बी. मिश्र, आरक्षी उमेश कुमार सिंह, आरक्षी अभिमन्यु सिंह व आरक्षी सर्वोदय पासवान सभी डिहरी ऑन-सोन एवं सीपीडीएस टीम गया के उप निरीक्षक मुकेश कुमार साथ आरक्षी राजू कुमार एवं आरक्षी सुनील कुमार सभी एक संयुक्त टीम बना कर विधान सभा चुनाव के मद्देनजर स्टेशन एरिया में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान डिहरी ऑन सोन स्टेशन के पूर्वी साइड किलोमीटर संख्या 554/21A के पास लाइन किनारे 04 जुट के बोरा एवं झोला में कुछ वजनी सामान भरा हुआ लावारिस हालत में दिखाई पड़ा जिसके नजदीक जाकर देखने पर शराब का गंध आ रही थी तथा आसपास देखने पर कोई भी व्यक्ति दिखाई नहीं दिया। मौके पर ही सभी बोरा एवं झोला को खोलने पर कुल 360 अदद छबीली देसी शराब एवं 125 अदद टनाका देसी शराब मसाला बरामद हुआ। बरामद सभी शराब की अनुमानित कीमत 21825/- रुपए है। मौके की सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए अग्रिम कानूनी कार्रवाई वास्ते सभी जब्त लावारिस शराब को रेल थाना डिहरी ऑन-सोन को सुपुर्द किया गया।

घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोचस (रोहतास)। डायल 112 पुलिस की गाड़ी से घायल हुए कनक सिमरिया गांव निवासी छोटन पांडेय (पिता केदार पांडेय) की मौत इलाज के दौरान बनारस ट्रॉमा सेंटर में हो गई। घटना की पुष्टि कोचस थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने की है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम लगभग साढ़े सात बजे पुलिस की डायल 112 गाड़ी से हुई दुर्घटना में छोटन पांडेय सहित तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बनारस ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया था।

चैनपुर के प्रेक्षक ने काउंटिंग सेंटर का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। 206-चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक एम. आई. पटेल भाप्रसे द्वारा मोहनियां बाजार समिति स्थित मतगणना केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतगणना से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने मतगणना स्थल पर की जा रही तैयारियों जैसे – स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, मतगणना हॉल के प्रवेश एवं निकास मार्ग, मीडिया कक्ष, प्रत्याशियों हेतु निर्धारित बैठने की व्यवस्था तथा संचार व्यवस्था की भी जांच की। प्रेक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतगणना दिवस पर सभी व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि काउंटिंग हॉल में प्रवेश करने वाले सभी कर्मियों, अभिकर्ताओं एवं अधिकारियों की पहचान की पूर्ण जांच की जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि इलेक्ट्रॉनिक मतदान यंत्रों इवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए और मतगणना से पूर्व सभी सीलिंग, टैगिंग एवं दस्तावेजों का सत्यापन निर्वाचन आयोग के मानक प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाए। निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

एमसीएमसी सह मीडिया कोषांग ने की चुनाव प्रचार की सतत निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। नामांकन की समाप्ति एवं प्रतिभागियों के चुनाव चिन्ह वितरण के पश्चात जिले में प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में तेजी आने के साथ ही एमसीएमसी (मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति) सह मीडिया कोषांग रोहतास पूर्ण मुस्तैदी के साथ सक्रिय है। सभी प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न माध्यमों प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रचार किया जा रहा है। इन प्रचार सामग्रियों की दैनिक निगरानी करते हुए विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है जिसे जिले में गठित व्यय अनुश्रवण कोषांग को नियमित रूप से भेजा जा रहा है। इससे प्रत्याशियों द्वारा किए जा रहे व्यय पर प्रभावी नजर रखी जा सकेगी और आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, रोहतास में संचालित यह कोषांग सभी मीडिया माध्यमों से प्रकाशित एवं प्रसारित सामग्रियों की विशेष निगरानी कर रहा है। भ्रामक सूचनाओं एवं पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखी जा रही है ताकि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके। उल्लेखनीय है कि यह कोषांग जिले में आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही 24 घंटे संचालित हो रहा है तथा चुनाव की समाप्ति तक निरंतर सक्रिय रहेगा।

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : Janata Dal (United)

*** Name of the Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar**

Name of State : Bihar

1	2	3	4		5		
SL. No	Name of constituency	Name of candidate	(A) Pending criminal cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	39, Phulparas	Sheela Kumari	* ACJM II Jhanjharpur * Phulparas PS Case No. 513/2020	U/S 171F & 188 of IPC Violation of Model Code of Conduct	No	No	No

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

मोदी-नीतीश के नेतृत्व में विकास की रफ्तार पकड़ चुका बिहार : अनुराग

7 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग ले युवा वर्ग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले के बंधन रिसॉर्ट में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह सांसद अनुराग सिंह ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह सांसद महेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास सिंह एवं संचालन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह प्रदेश प्रभारी दुर्गेश सिंह ने किया। मुख्य अतिथि अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में आप सभी युवाओं को अहम भूमिका निभाना है और हर बूथ पर पूरी मजबूती से खड़ा रहना है और बूथ जितना है। भारत युवाओं का देश है। उन्होंने कहा कि राजद के एक युवा ने

बैनर से पूर्व मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव का फ़ोटो ही गायब कर दिया है। जो पुत्र अपने पिता को बैनर से गायब कर दिया एवं बड़े भाई को पार्टी से निकाल दिया वह भला बिहार के लोगों का क्या करेगा। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार पूरी तरह से विकास की रफ्तार पकड़ चुका है और समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ युवा एवं युवतियों का विशेष ख्याल रखा गया है। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने सभी युवाओं से आह्वान किया कि 7 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में बड़ी से बड़ी संख्या में भाग ले। आप लोगों के उत्साह को देखकर यह स्पष्ट है कि बिहार विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से एनडीए का सरकार बनेगा। इस कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के सैंकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने बाइक से रैली निकाला और कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव शुभम सिन्हा और युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल सिंह भाजपा में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने भाजपा परिवार में शामिल होने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर भाजयुमो के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह, वैभव चतुर्वेदी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल सिंह, अवनीश सिंह, कार्यक्रम संयोजक अंकित सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, नलिनी रंजन, भाजपा नेता विजय सिंह, रोहित सिंह एवं सैंकड़ो की संख्या में एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एकजुट होकर एनडीए के पक्ष में करें मतदान करें : उपेन्द्र

उपेंद्र कुशवाहा ने की एनडीए प्रत्याशी प्रमोद सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज। शहर के आर.बी.आर. खेल मैदान में गुरुवार को आयोजित भव्य जनसभा में रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने जनसैलाब को संबोधित करते हुए एनडीए उम्मीदवार प्रमोद कुमार सिंह के पक्ष में वोट देने की जोरदार अपील की। उन्होंने कहा कि 11 नवंबर को क्रम संख्या-2, तीर छाप पर मतदान कर रफीगंज की धरती से विकास और स्थिरता की नई कहानी लिखें। कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। इस विकास यात्रा को और आगे बढ़ाने के लिए एनडीए सरकार का फिर से बनना जरूरी है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे जात-पात से ऊपर उठकर प्रदेश की तरक्की के लिए एकजुट होकर मतदान करें। जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने नारों और तालियों से अपने समर्थन का इजहार

किया। भीड़ का जनसैलाब इस बात का प्रमाण था कि रफीगंज की जनता विकास की मुख्यधारा से जुड़कर प्रदेश में स्थायी सरकार चाहती है। सभा में स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी जनता से प्रमोद कुमार सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में कुशवाहा ने कहा कि रफीगंज की जनता बदलाव नहीं, विकास चाहती है और विकास केवल एनडीए के साथ संभव है। यह सभा आगामी चुनावी दौर में एनडीए खेमे के लिए बड़ा मनोबल साबित हो सकती है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, अवधेश कुमार सिंह, संतोष कुमार साहू, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय मेहता के साथ कार्यक्रम में भाजपा, जेडीयू, लोजपा ओर हम के कई स्थानीय नेता, पंचायत प्रतिनिधि और हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शौचालय में मिला नवजात बच्ची का शव, मचा हड़कंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। सदर अस्पताल में गुरुवार की सुबह मानवता उस वक्त शर्मसार हो गई जब टॉयलेट के सीट में एक मृत नवजात बच्ची की शव को देखकर महिला सफाईकर्मी ने शोर मचाया। मृत बच्ची के पाए जाने की सूचना पर सदर अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ मृत नवजात को देखने के लिए उमड़ पड़ी। इसको लेकर पूरे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और मामले का जायजा लिया। पुलिस ने नवजात बच्ची के शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में मॉर्निंग ड्यूटी में सभी कर्मी पहुंचे और अपने अपने कामों में जुट गए लेकिन तभी महिला वार्ड संख्या 35 से सटे बाथरूम की सफाई के लिए पहुंची तो उसने देखा कि लैट्रिन का नल चालू है और पूरा सीट पानी से भरा हुआ है। जब उसने पानी को निकालने की कोशिश की तो देखा कि एक नवजात का सिर सीट के होल में फंसा हुआ था। यह दृश्य देखकर उसकी चीख निकल गई। महिला सफाईकर्मी की चीख सुनकर वहां मौजूद कर्मी दौड़ पड़े और इसकी सूचना पुलिस और अधिकारियों को दी गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। पूरे परिसर का सीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि बच्ची को रात्रि में ही किसी के द्वारा यहां लाकर डाला गया होगा।

बिहार चुनाव में कुटुम्बा सीट से जुड़ी है कांग्रेस की साख

- विनय कुमार

पटना/औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले की छह विधानसभा सीटों में एक कुटुम्बा कांग्रेस के लिए इस बार फिर प्रतिष्ठा का विषय बन गई है क्योंकि यहां से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार हैट्रिक लगाने के इरादे से चुनावी मैदान में हैं, जहां उनका सीधा मुकाबला जीतनराम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा(हम) के ललन राम से है। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट से लगातार दो बार चुनाव जीत हासिल करने वाले कांग्रेस के राजेश कुमार किसी भी हालत में जीत की हैट्रिक लगाने के लिए बेताब हैं। राजेश कुमार ने यहां से 2015 और 2020 का चुनाव जीता था। 2020 के चुनाव में ग्रेस विरोधी मतों के हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर), लोक जनशक्ति पार्टी और निर्दलीय उम्मीदवार ललन राम के बीच हुए बंटवारे का फायदा उठाकर राजेश कुमार ने जीत हासिल की थी लेकिन इस बार राह आसान नहीं है क्योंकि इस इलाके के पुराने विधायक और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) प्रत्याशी ललन राम उनको सीधी चुनौती दे रहे हैं। वर्ष 2010 में जनता दल के टिकट पर कुटुम्बा के विधायक रह चुके ललन राम की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछली बार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भी उन्होंने 20 हज़ार से ज्यादा मत हासिल किए थे। एनडीए गठबंधन ने इस बार उनकी व्यक्तिगत छवि और वोट बैंक को देखते हुए उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया है, जो राजेश कुमार के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं है। राजेश कुमार बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री दिलकेश्वर राम के पुत्र हैं, जिन्होंने कई बार इस इलाके का प्रतिनिधित्व किया है। पहले इसे 'देव' विधानसभा क्षेत्र के नाम से जाना जाता था लेकिन वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद कुछ पंचायतों को इधर-उधर कर इसे नया विधानसभा क्षेत्र 'कुटुम्बा' नाम दिया गया। इस बार कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में करीब 2 लाख 71 हजार 697 मतदाता हैं जो 350 मतदान केंदो पर अपना प्रतिनिधि चुनने के लिए मतदान करेंगे, जिनमें महिलाओं की संख्या 1 लाख 27 हजार 123 है। 2025 के विधानसभा चुनाव में तीन निर्दलीय प्रत्याशियों सहित कुल 11 उम्मीदवार यहां से चुनाव मैदान में हैं, जिनमें हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम-सेक्युलर) और कांग्रेस के उम्मीदवार के अतिरिक्त बहुजन समाज पार्टी से प्रकाश कुमार, गण सुरक्षा पार्टी से अंगद कुमार, आजाद समाज पार्टी (काशीराम) से रामजनक राम, राष्ट्रवादी जन लोक पार्टी (सत्य) की ओर से रीमा कुमारी, जनसुराज पार्टी से श्याम बलिराम, शोषित समाज दल से राकेश राम शामिल हैं। कांग्रेस के राजेश कुमार को पिछले चुनाव में करीब 51 हजार वोट मिले थे और उन्होंने श्रवण भुइयां को 16 हजार 6 सौ 53 मतों से पराजित किया था। जीत का हैट्रिक लगाने के लिए पूरी ताकत झोंकने के बावजूद इस बार यहां कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के लिए राह आसान नहीं है। बहरहाल उन्हें इस बात की उम्मीद है कि महागठबंधन के सहारे वो अपनी इस पारिवारिक सीट को बचा लें।

पुलिस वर्दी में शख्स का वीडियो वायरल, पीएम मोदी पर किया अपमानजनक भाषा का प्रयोग

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते एक शख्स का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो मामले में पुलिस ने संज्ञान लेते हुए आरोपी की पहचान कर ली है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। आरोपी की पहचान उपहारा थाना क्षेत्र के अमारी बड़का बिगहा निवासी स्व. लालबहादुर सिंह के पुत्र ब्रजेश यादव के रूप रूप में की गई है। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जाता है। दरअसल, वायरल वीडियो गोह थाना क्षेत्र का है जिसमें पुलिस की वर्दी पहना शख्स प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग कर रहा है। साथ ही स्थानीय लोगों को गाली गलौज कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने वीडियो की पड़ताल की तो पता चला -वीडियो गोह थानान्तर्गत का है। वायरल वीडियो में दिखने वाला व्यक्ति ब्रजेश है, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है। इसके पिता स्व. लालबहादुर सिंह गोह थाना में दफादार थे जिनकी सेवानिवृत्ति के बाद मौत हो चुकी है। ब्रजेश अपने मृत पिता के वर्दी को पहनकर गोह बाजार में घूम रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि वायरल वीडियो में दिख रहा व्यक्ति पुलिस कर्मी नहीं हैं। पुलिस इस वायरल वीडियो का खंडन करती है। वहीं मामले में अग्रतर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही हैं। विधि व्यवस्था सामान्य हैं।

आनंद शंकर सिंह का जनसंपर्क अभियान तेज

गांव-गांव जाकर मांगा विकास के नाम पर मांगा समर्थन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। विधानसभा चुनाव प्रचार अपने चरम पर है और इसी कड़ी में औरंगाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी एवं वर्तमान विधायक आनंद शंकर सिंह ने गुरुवार को कई गांवों का दौरा कर जनता से सीधे संवाद किया। उन्होंने नेहुती, पहरमा, लपुरा, सोखया, नौगढ़, सहाय बिगहा, हारी बारी, इंदिरा बिगहा, अजमेरी बिगहा, डबुरा कला, निर्मल बिगहा, तेंदुआ और अकौना सहित अनेक गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान स्थानीय नेताओं और समर्थकों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया। जनसंपर्क यात्रा में सुरेश पासवान के नेतृत्व में राजद कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस और महागठबंधन के पक्ष में प्रचार-प्रसार

करते हुए लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने और आनंद शंकर सिंह को विजयी बनाने की अपील की। आनंद शंकर सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने पिछले कार्यकाल में औरंगाबाद के विकास को नई दिशा देने का काम किया है। क्षेत्र में सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और रोजगार के अवसरों में सुधार के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ आम जनता को मिला है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस भरोसे के साथ उन्हें विधायक बनाया था, वे उस विश्वास पर खरे उतरे हैं और आगे भी जनता की सेवा के लिए समर्पित रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर बिहार में शिक्षा, रोजगार और किसान हितों पर आधारित नीतियों को और सशक्त किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे झूठे वादों और भावनात्मक नारों से प्रभावित न हों, बल्कि अपने अनुभव और विवेक से सही प्रतिनिधि का चयन करें। जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया और क्षेत्र के विकास को लेकर सकारात्मक उम्मीदें जताईं। कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं, युवाओं और महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे पूरे अभियान में जोश और ऊर्जा का माहौल बना रहा।

आर्म्स एक्ट सहित अन्य मामलों में 19 लोग गिरफ्तार

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। अलग-अलग मामलों में 19 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 11 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। आर्म्स एक्ट में 2, हत्या के प्रयास में 3 एवं अन्य शीर्ष कांड में 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 754 वाहनों की जांच की गई जिसमें 5000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इस दौरान 7.6 लीटर देसी शराब एवं एक देसी कट्टा बरामद किया गया है।

त्रिविक्रम नारायण सिंह को ग्रामीण इलाकों में मिला समर्थन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, उम्मीदवारों का जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। गुरुवार को औरंगाबाद सदर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह ने इन्दा बिगहा, सहाय बिगहा, बसडीहा, फ़ेसर, नौगढ़ सहित कई गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति से पूरे क्षेत्र में उत्साहपूर्ण वातावरण बना त्रिविक्रम नारायण सिंह ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा

है और बिहार में एनडीए की सरकार बनने पर विकास की यह गति और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद के हर गांव में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में ठोस पहल की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए की सरकार का उद्देश्य सिर्फ सत्ता में आना नहीं, बल्कि जनता के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। भाजपा की नीतियाँ जनता के सशक्तिकरण पर आधारित हैं और हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्रामीणों ने इस दौरान अपनी स्थानीय समस्याओं से भी उम्मीदवार को अवगत कराया, जिन पर उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर समाधान का भरोसा दिया। जनसंपर्क यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय समर्थक शामिल रहे।

चाल्हो पहाड़ पर भारी मात्रा में शराब को किया विनष्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर। सलैया पुलिस ने चुनाव के मद्देनजर शराब मुक्त वातावरण कायम रखने के लिए चाल्हो पहाड़ में छापेमारी की। जहां से छह शराब भट्ठियों और चार हजार लीटर जावा महुआ समेत शराब बनाने वाले उपकरण बरामद किया गया जिसे मौके पर विनष्ट कर दिया गया है। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि एसटीएफ़ और थाना पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमें चाल्हो पहाड़ में शराब भट्ठियां और भारी मात्रा में जावा महुआ फुला हुआ बरामद किया गया जिसे मौके पर ही विनिष्ट कर दिया गया है। इस दौरान प्लास्टिक के ड्रम, शराब बनाने की उपकरण आदि विनष्ट क्रिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की भनक लगते ही शराब धंधेबाज मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि चुनाव के मद्देनजर पुलिस संदिग्ध स्थानों पर छापामारी की कार्रवाई कर रही है। ताकि चुनाव भय मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

देव सूर्य मंदिर चोरी मामले में अनोखा फैसला, किशोर को 15 दिन सामुदायिक सेवा की सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर चोरी कांड में किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद ने एक अनोखा निर्णय सुनाया है। प्रधान दंडाधिकारी सह एसडीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने देव थाना कांड संख्या 142/24 और जे.जे.बी. वाद संख्या 1005/25 में सुनवाई के बाद आरोपी विधि-विरुद्ध किशोर को सामुदायिक सेवा की सजा दी है। निर्णय के अनुसार, किशोर को देव सूर्य मंदिर में 15 दिनों तक सामुदायिक सेवा करनी होगी। साथ ही, मंदिर न्यास समिति को निर्देश दिया गया है कि वह इस अवधि में किशोर के आचरण और व्यवहार की रिपोर्ट निर्धारित समय पर किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद को सौंपे। आदेश में यह भी कहा गया है कि किशोर का नाम, पता या सेवा अवधि सार्वजनिक नहीं की जाएगी। पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि देव सूर्य मंदिर न्यास समिति के सचिव ने 6 दिसंबर 2024 को देव थाना में दानपात्र तोड़कर चोरी करने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जांच के बाद आरोप एक किशोर पर सिद्ध हुआ। फैसले की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। लोगों का कहना है कि अदालत ने दंड के साथ सुधार का रास्ता दिखाया है। जहां किशोर ने गलती की, वहीं अब उसे उसी स्थान पर सेवा कर पश्चात्ताप करने का अवसर मिलेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

रफीगंज, गोह व ओबरा विस क्षेत्रों के अभ्यर्थियों के व्यय लेखा की दूसरी जांच पूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। विधानसभा आम चुनाव 2025 के सफल, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संचालन की दिशा में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा प्राधिकृत व्यय प्रेक्षक सुधाकर शुक्ला के नेतृत्व रफीगंज गोह एवं ओबरा विधानसभा क्षेत्रों के सभी वैध अभ्यर्थियों की द्वितीय लेखा जांच कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग के अधिकारियों एवं अभ्यर्थियों के अधिकृत व्यय एजेंटों की उपस्थिति में प्रत्येक अभ्यर्थी की कैश बुक, शैडो ऑब्जर्वेशन रजिस्टर, बैंक पासबुक, भुगतान वाउचर, रसीद-बिल, प्रचार सामग्री पर हुए व्यय से

संबंधित अभिलेख, रसीद बही एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का गहन परीक्षण किया। जांच के क्रम में व्यय प्रेक्षक ने अभ्यर्थियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निर्वाचन व्यय सीमा का सख्ती से पालन किया जाए। कहा कि प्रत्येक अभ्यर्थी अपने व्यय का दैनिक अद्यतन कर व्यय रजिस्टर को नियमानुसार संधारित करें ताकि अंतिम व्यय जांच में किसी प्रकार की विसंगति उत्पन्न न हो। सुधाकर शुक्ला व्यय प्रेक्षक ने कहा कि अनुमोदित दर के आलोक में ही आवश्यक कार्रवाई की जाए। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी एवं विश्वसनीय रूप में संपन्न हो। इसके लिए निर्वाचन व्यय के संधारण में किसी भी प्रकार की त्रुटि, विलंब या अपूर्णता को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अभ्यर्थियों द्वारा की गई प्रत्येक व्यय प्रविष्टि साक्ष्य आधारित एवं सत्यापन योग्य होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक ने सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिया कि उनके द्वारा व्यय किए गए प्रत्येक मद का समुचित रसीद/बिल, भुगतान की विधि, तथा बैंक खाते के माध्यम से हुए लेन-देन का विवरण सुनिश्चित रूप से उपलब्ध कराया जाए। रवि रंजन आलोक राज्य कर संयुक्त आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग, ज्ञानी दास राज्य कर संयुक्त आयुक्त, गुंजन कुमार राज्य कर सहायक आयुक्त, अनामिका कुमारी राज्य कर सहायक आयुक्त, सभी संबंधित सहायक व्यय प्रेक्षक, संबंधित लेख दल संत पवन, इरशाद अली, तबरेज कुमार, प्रशांत कुमार आदि सहित उपस्थित रहे।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार
नवबिहार टाइम्स
एक अखबार, पूरा बिहार
राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध
अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें
9334115121/8540866721/8789755505
पटना कार्यालय
द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स
आशियाना-दीघा रोड, पटना-13
मो0-6206165107
7004534093